वर्ष- 12 अंक - 98
लखनऊ, सोमवार 25 नवंबर 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





भारत के विकसित राष्ट्र बनने तक भाजपा को कोई हरा नहीं सकता : केशव मौर्य 03

आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने ऋषभ पंत 12


# जामा मस्जिद सर्वे विवाद हुआ हिंसक, तीन की मौत

## हिसा में 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल, पुलिस ने पत्थरबाजी करने में कई शरारती तत्वों को हिरासत में लिया, नगर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात

**हिंसा के बाद नगर व जनपद छावनी में किया गया तब्दील**

समृद्धि न्यूज

**संभल।** जिला मुख्यालय पर रविवार को जामा मस्जिद के सर्वे को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पथराव व आगजनी में तीन लोगों की मौत हुई है जबकि 20 से अधिक पुलिस कर्मी घायल हैं। फायरिंग सीओ अनुज चौधरी और एसपी के पीआरओ को भी गोली लगी है। पत्थरबाजी करने में कई शरारती तत्वों को हिरासत में लिया गया है, जिनमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। आगजनी में तीन कार और आठ बाइकें नष्ट हुए हैं। नगर में बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात है।

मुरादाबाद कमिश्नर ऑन्जनेय सिंह ने बताया कि हिंसा के दौरान छत से की गई फायरिंग में तीन युवकों की मौत हुई है।



पुलिस के मुताबिक मरने वालों में कोट कर्वी निवासी नईम, सराय तरीम निवासी बिलाल और हयात नगर निवासी नुमान हैं। पुलिस इनके पोस्टमार्टम कराने की तैयारी कर रही है। बिगड़े हालात को काबू में करने के लिए एडीजी, डीआईजी, कमिश्नर, एसपी समेत अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर जिले की पुलिस फोर्स ने तनावग्रस्त इलाके में डेरा डाल दिया है। पुलिस अभी फ्लैगमार्च कर रही है। इंटरनेट सेवा निलंबित कर दिया गया है।

पुलिस के अनुसार क्षेत्र में माहौल बिगाड़ने के लिए पहले शरारती तत्वों ने पथराव और आगजनी की फिर उसके बाद बचाव के लिए बच्चों और महिलाओं को आगे कर दिया। इस घटना में महिलाओं के भी शामिल होने की संभावनाओं की दृष्टि से जांच की जा सकती है। हिंसा के बाद नगर व जनपद को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। जिले के प्रमुख चौराहों में चंदौसी चौराहा, शंकर चौराहा, अस्पताल चौराहा और यशोदा चौराहा समेत सभी प्रमुख चौराहों पर बेरिकेडिंग की गई। आम लोगों को डायवर्ट करके अन्य मार्गों से भेजा जा रहा है। हिंसक घटना के बाद प्रशासन पूरी तरह से सतर्क और स्थिति पर कड़ी नजर बनाए हुए है।

पूरे इलाके में भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी गई है, जिसके तहत पांच या अधिक लोगों के इकट्ठा होने पर पाबंदी लगा दी गई है। हिंसक घटना पर पहुंची पुलिस को देखकर भीड़ से ताबड़तोड़ पत्थरबाजी शुरू कर दी गई। फायरिंग भी की गई। पुलिस अधीक्षक समेत कई पुलिस अधिकारी पहुंचे और भीड़ को समझाने लगे, लेकिन बेकाबू होते जा रहे थे। स्थिति को नियंत्रण करने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस छोड़ने पड़े थे।



**जामा मस्जिद में सर्वे कार्य कर लिया गया पूर्ण**

हिन्दू पक्षकार के एडवोकेट विष्णु शंकर जैन ने बताया कि जामा मस्जिद में सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया गया है। सर्वे के दौरान मस्जिद कमेटी के सभी सदस्य एवं उनके एडवोकेट भी उपस्थित रहे। सर्वे के दौरान फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी भी कराई गई है। 29 नवंबर को कोर्ट के समक्ष एडवोकेट कमीशन की रिपोर्ट पेश की जाएगी। सर्वे का कार्य शुरू होने पर वहां बवाल होने लगा। जिसके कारण कुछ कार्य में विलम्ब हुआ। फिर भी सर्वे के कार्य को पूरा कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि उत्तर प्रदेश के सम्भल में जामा मस्जिद का सर्वे करने पहुंची एएसआई टीम पर पथराव किया गया। इसके बाद लोगों ने वाहनों को आग लगा दी। मौके पर पहुंची पुलिस पर लोगों ने पथराव व फायरिंग की। इसके बाद पुलिस ने स्थिति को संभालने के लिए लाठीचार्ज और आंसू गैस के गोले छोड़े गए। घटना के बाद क्षेत्र में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। जनपद में निषेधाज्ञा लागू करने के साथ ही इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गयी है।

**पथराव की घटना का सीएम योगी ने लिया संज्ञान**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संभल जनपद में जामा मस्जिद को लेकर हुए उपद्रव की घटना का संज्ञान लिया है। उन्होंने डीजीपी को जिले के हालात पर नजर रखने और उपद्रवियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। पुलिस ने पथराव करने के आरोप में छह लोगों को गिरफ्तार किया है। डीजीपी के आदेश पथराव करने वालों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले में कानून-व्यवस्था नियंत्रण में है और मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल तैनात की गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने कहा कि कोर्ट के आदेश पर संभल में सर्वे कराया जा रहा है। कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव किया है। पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। स्थिति नियंत्रण में, पुलिस पथराव करने वालों की पहचान करेगी और उचित कानूनी कार्रवाई करेगी। पत्थरबाजों की पहचान कर उन पर कार्रवाई की जाएगी। संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि सर्वे पूर्ण हो चुका है और सर्वेक्षण टीम को हमने सुरक्षित अपनी जगह पर पहुंचा दिया है। स्थिति नियंत्रण में है। जो भी शरारती तत्व हैं, उन पर कठोर कार्रवाई की जाएगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा।

**उपचुनाव में धांधली से ध्यान हटाने के लिए हुआ सर्वे**



**लखनऊ।** सपा मुखिया अखिलेश यादव ने संभल हिंसा को लेकर भाजपा सरकार पर हमला बोला है। उपचुनाव के नतीजे आने के बाद मीडिया से बात करते हुए रविवार को समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि संभल की मस्जिद में सर्वे हो चुका था। लेकिन चुनाव की चर्चा न हो पाए इसलिए जानबूझकर वहां सर्वे की टीम भेजी गई है, जिससे माहौल खराब हो जाए और कोई चुनाव पर चर्चा न कर सके। उन्होंने कहा कि आखिरकार जब सर्वे हो गया था तो सरकार दोबारा क्यों सर्वे कराएगी? और वो भी सुबह बिना तैयारी के। अखिलेश ने आगे कहा, कानून और कोर्ट के जो प्रोसीजर हैं उसमें नहीं जाना चाहता हूं। दूसरे पक्ष की सुनवाई ही नहीं है। ये जानबूझकर सरकार ने कराया है।

## संक्षिप्त समाचार

**व्यावसायिक गतिविधि 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची**

**नयी दिल्ली।** एचएसबीसी के एक नए सर्वेक्षण के अनुसार नवंबर 2024 में भारत की व्यावसायिक गतिविधि 3 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। इस वृद्धि का मुख्य कारण सेवा क्षेत्र में मजबूत प्रदर्शन और रोजगार सृजन में बढ़ोतरी है। सर्वे में यह भी सामने आया कि भारत की अर्थव्यवस्था लगातार विस्तार की दिशा में है और अगले वर्ष के लिए व्यावसायिक दृष्टिकोण भी सुधार की ओर बढ़ रहा है। एचएसबीसी के फ्लैश इंडिया कंपोजिट परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स के आंकड़ों के मुताबिक नवंबर में यह 59.5 तक पहुंच गया जो अक्टूबर के 59.1 के मुकाबले अधिक था। पीएमआई 50 के ऊपर होने का मतलब है कि अर्थव्यवस्था में वृद्धि हो रही है। इस सूचकांक के अनुसार भारत की आर्थिक गतिविधि में लगातार विस्तार हो रहा है जो आगामी समय के लिए सकारात्मक संकेत है।

**अयोध्या से 26 को जनकपुर रवाना होगी श्रीराम की बारात**

**अयोध्या।** श्रीराम लक्ष्मण के साथ मुनि विश्वामित्र की उपस्थिति में त्रेतायुग में भले ही राम सीता का स्वयंवर संपन्न हुआ हो, रोटी-बेटी का रिश्ता बना हो पर आज यह परम्परा समय की आवश्यकता बन गई है। भारत और नेपाल के बीच प्राचीन मैत्री की जड़ों को मजबूत करने के लिए शुरू की गई विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की मुहिम दोनों देशों के सांस्कृतिक सम्बन्धो को मजबूत कर रही है। श्रीराम तिलकोत्सव और श्रीराम विवाह दोनों ही आयोजन रिश्तों में मिठास की मधुरता घोल रहे हैं। राम कथा के अनुसार त्रेतायुग में मुनि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा को गए राम और लक्ष्मण उनके साथ जनकपुर में आयोजित धनुष यज्ञ देखन पहुंचे थे। जहां विदेहराज को उदास देख मुनि विश्वामित्र की आज्ञा पर श्रीराम ने अजगव का भंजन किया और सीता ने वरण कर स्वयंवर की परंपरा का निर्वाह किया।

## 28 को चौथी बार झारखंड के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे हेमंत सोरेन

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आज यहां राज भवन में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से मिलकर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया। इसके साथ ही श्री सोरेन 28 नवंबर को मुख्यमंत्री पद की चौथी बार शपथ लेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन को 56 सीटों पर जीत मिली है। इससे पहले राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राजभवन में अपना त्यागपत्र सौंपा। इसके बाद झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) एवं भाकपा (माले) के शिष्टमंडल ने राजभवन में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में सरकार गठन के लिए निर्वाचित विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा।

## हमारी पार्टी देश में अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी : मायावती

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने प्रदेश में हुए 9 सीटों पर आए चुनावी नतीजों को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस की। मायावती ने चुनाव में फर्जी वोट डाले जाने का आरोप लगाया और कहा कि जब तक देश में फर्जी वोटों को डालने से रोकने के लिए देश के चुनाव आयोग द्वारा कोई सख्त कदम नहीं उठाए जाते हैं तब तक हमारी पार्टी देश में अब कोई भी उपचुनाव नहीं लड़ेगी।

उन्होंने कहा कि उपचुनाव में इस बार जो मतदान हुआ है और उसके बाद जो कल नतीजे आए हैं, उसको लेकर लोगों में आम चर्चा है कि पहले देश में बैलेट



पेपर के जरिए चुनाव जीतने के लिए सत्ता का दुरुपयोग करके फर्जी वोट डाले जाते थे और अब तो म्टड के जरिए भी ये कार्य किया जा रहा है, जो लोकतंत्र के लिए बहुत दुख और चिंता की बात है। संभल मस्जिल विवाद को लेकर मायावती ने लगों से शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। आप को बता दें कि उत्तर प्रदेश में बसपा का चुनावी पतन जारी है, जहां पार्टी उपचुनावों में अपना खाता खोलने में विफल रही।

## जगद्गुरु कृपालु महाराज की बेटियों की कार का एक्सीडेंट एक की मौत, दो जख्मी

**नोएडा।** रविवार सुबह उत्तर प्रदेश के नोएडा में यमुना एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमें जगद्गुरु कृपालु महाराज की बड़ी बेटी डॉ. विशाखा त्रिपाठी का निधन हो गया। हादसे में उनकी दोनों बहनें, श्यामा त्रिपाठी और कृष्णा त्रिपाठी, गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा ग्रेटर नोएडा के दनकौर इलाके में हुआ। डॉ. विशाखा त्रिपाठी अपनी बहनों के साथ वृंदावन से दिल्ली एयरपोर्ट जा रही थीं। उनका सिंगापुर जाने का प्लान था। दनकौर के पास यमुना एक्सप्रेसवे पर एक तेज रफ्तार डंपर ने उनकी कारों को पीछे से टक्कर मार दी। यह डंपर अनियंत्रित होकर दूसरी कार से भी टकरा गया। इस भीषण दुर्घटना में कुल आठ लोग घायल हुए।

## यशस्वी जायसवाल ने जड़ा ऐतिहासिक शतक

एजेंसी

**पर्थ।** भारतीय टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने पर्थ में खेले जा रहे पांच मैचों की सीरीज के पहले टेस्ट मैच में ऐतिहासिक शतक जड़ा। उन्होंने 297 गेंदों का सामना करते हुए शानदार 161 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी में 15 चौके और तीन छक्के लगाए। यशस्वी का यह ऑस्ट्रेलिया में पहला शतक रहा। शतक के साथ ही उन्होंने कई रिकॉर्ड भी अपने नाम किए।

भारतीय टीम की दूसरी पारी में यशस्वी जायसवाल ने छक्का लगाकर टेस्ट करियर का अपना चौथा शतक पूरा किया। यशस्वी का यह शतक 205 गेंदों में आया। उन्होंने जबरदस्त बल्लेबाजी की और अपनी पारी से भारतीय टीम को मजबूत स्थिति में ला दिया। यशस्वी दूसरी पारी में 161 रन बनाकर आउट हुए। गौर करने वाली बात यह है कि यशस्वी ने अभी तक खेले टेस्ट मैचों में जो चार शतक बनाए हैं, वो 150 रनों से ज्यादा रन के रहे। अर्थात 150 से ज्यादा रन की पारी खेलने में कामयाब रहे हैं। यशस्वी ने पिछले साल अपना पहला टेस्ट शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था।

तब उन्होंने 171 रन बनाए थे। फिर इंग्लैंड के खिलाफ फरवरी 2024 में विशाखापत्तनम टेस्ट में शानदार 209 रनों की पारी खेली। उसके बाद फरवरी में ही इंग्लैंड के विरुद्ध राजकोट टेस्ट में नाबाद 214 रन बनाए थे। अब पर्थ टेस्ट में 161 रन बनाए।

**297 गेंदों का सामना करते हुए शानदार 161 रन बनाए**

**यशस्वी ने बनाया छक्कों का रिकॉर्ड**

यशस्वी जायसवाल एक टेस्ट कैलेंडर ईयर में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। यशस्वी ने इस साल अब तक टेस्ट क्रिकेट में 35 छक्के लगाए हैं। यशस्वी ने न्यूजीलैंड के दिग्गज खिलाड़ी ब्रैंडन मैक्कुलम को पीछे छोड़ दिया है। मैक्कुलम ने साल 2014 में टेस्ट मैचों में कुल 33 छक्के लगाए थे।



## कानून बनाती है संसद, लागू करने का अधिकार कोर्ट के पास : चंद्रचूड़

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** देश के सर्वोच्च न्यायिक पद से 15 दिन पहले सेवानिवृत्त हुए भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई. चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानून संसद बनाती है लेकिन उसे लागू कराने का अधिकार न्यायपालिका के पास होता है।

एक कार्यक्रम में पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि जज को हमेशा धैर्य से काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून बनाना संसद का काम है, लेकिन उसे लागू करने का अधिकार पूरी तरह से न्यायपालिका के हाथों में है। यह न सिर्फ अधिकार है, बल्कि यह हमारी जिम्मेदारी भी है। चंद्रचूड़ ने सोशल मीडिया के मुद्दे पर



कहा कि ऐसा नहीं है कि सोशल मीडिया में चलने वाली बातों का हम लोगों के ऊपर असर नहीं होता है। इसका समाज के ऊपर बहुत ही असर पड़ता है। चंद्रचूड़ ने कहा कि जब मैं जज था तो मुझे अपनी अदालत के कामकाज पर पूरा ध्यान केंद्रित करना होता था और इसलिए सोशल मीडिया पर हो रही चर्चाओं से मैं दूर रहता था। वहीं कोर्ट के क्लर्क सोशल मीडिया पर सक्रिय रहते थे और वे अनुरोध करते थे कि मैं सोशल मीडिया कमेंट न पढ़ूं, क्योंकि उन टिप्पणियों से निराशा होती थी।

## वृंदावन की अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में बनेगी श्रीकृष्ण मंदिर के निर्माण की भावी रूपरेखा

**वृंदावन में 27 नवंबर को होगा धर्म संसद का आयोजन**

समृद्धि न्यूज

**मथुरा।** श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास की वृंदावन स्थित केशव धाम में 27 नवंबर को होने वाली अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मस्थल के मूल गर्भ गृह पर विशाल और भव्य मंदिर के निर्माण की दिशा तय होगी।

वर्तमान में मूल गर्भ गृह पर शाही ईदगाह मस्जिद बनी हुई है। इस अंतरराष्ट्रीय धर्म संसद में देश-विदेश के प्रमुख बड़े साधु संत, महात्मा, शंकराचार्य, पीठाधीश्वर, महामंडलेश्वर





और विभिन्न क्षेत्रों की महान विभूतियां शामिल होंगी। इससे पहले 25 नवंबर को दोपहर साढ़े ग्यारह बजे से वृंदावन में एक बाइक रैली निकाली जाएगी। रविवार शाम को श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और श्रीकृष्ण जन्मभूमि केस के वादी महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने बताया कि लाखों करोड़ हिंदुओं की धार्मिक आस्था का केंद्र श्रीकृष्ण जन्मभूमि पर ठीक उसी भांति मंदिर का निर्माण कार्य कराया जाएगा, जिस प्रकार अयोध्या में भगवान राम के मंदिर का निर्माण कार्य कराया गया है। इसलिए हमने हिंदू समाज में 'आ गए हैं अवध बिहारी अब आएंगे कृष्ण मुरारी' का नारा भी दिया है। उनका कहना है कि जिस स्थान पर मूल गर्भ गृह है, उसे स्थान पर विदेशी आक्रांताओं ने हिंदुओं के आराध्या भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर को तोड़कर शाही ईदगाह मस्जिद का निर्माण कराया था।

## विविधता में एकता ही है भारतीय संस्कृति की पहचान : भागवत

एजेंसी

**हैदराबाद।** लोक मंथन-2024 कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया। चार दिवसीय यह कार्यक्रम हैदराबाद के शिल्पकला वेदिका में आयोजित किया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत समापन समारोह के मुख्य अतिथि थे।

डॉ. भागवत ने कहा कि एकता शाश्वत है, विविधता में भी एकता है। हम गैरों के मैदान पर जाकर खेलना नहीं चाहते। हम दुनिया को अपने मैदान पर लाना चाहते हैं। भारतीय संस्कृति अच्छा दिल और सद्बुद्धि देती है। संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की नैतिकता और मानव मस्तिष्क एवं



हृदय पर इसके उपयोग की विधि पर चर्चा जारी है।

ये भारतीय संस्कृति ही है जो अच्छा दिल और दिमाग देती है, हम किसी के दुश्मन नहीं, हमें दुश्मन किसने बनाया। सैकड़ों साल पहले हमारे पूर्वजों ने कहा था कि खुशी बाहर ढूंढी जाती है, लेकिन यह हमारे भीतर ही है। हमारा भारत सनातन देश है। हम सभी को धर्म के बारे में सोचना चाहिए और उसके लिए अपनी विज्ञान पुस्तकों का अध्ययन करना चाहिए।

## एक पेड़ लगा कर हम अपनी मां की उपस्थिति को हमेशा के लिए बना सकते हैं जीवंत : मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में पांच माह के भीतर सौ करोड़ से अधिक वृक्षारोपण होने और कई अन्य प्रकार के कीर्तिमान कायम पर खुशी का इजहार किया है और कहा, एक पेड़ लगा कर हम अपनी मां की उपस्थिति को हमेशा के लिए जीवंत बना सकते हैं।

श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा, मैं आपसे देश की एक ऐसी उपलब्धि साझा करना चाहता हूं जिसे सुनकर आपको खुशी भी होगी और गौरव भी होगा और अगर आपने नहीं किया है, तो शायद पछतावा भी होगा।



कुछ महीने पहले हमने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू किया था। इस अभियान में देश-भर के लोगों ने बहुत उत्साह से हिस्सा लिया। मुझे ये बताते हुए बहुत खुशी हो रही है कि इस अभियान ने सौ करोड़ पेड़ लगाने का अहम पड़ाव पार कर लिया है। सौ करोड़ पेड़, वो भी, सिर्फ पाँच महीनों में - ये हमारे देशवासियों के अथक प्रयासों से ही संभव हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, इससे जुड़ी एक और बात जानकर आपको गर्व होगा। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान अब दुनिया के दूसरे देशों में भी फैल रहा है। जब मैं गुयाना में था, तो वहां भी, इस अभियान का साक्षी बना। वहां मेरे साथ गुयाना के राष्ट्रपति डॉ. इरफान अली, उनकी पत्नी की माता जी, और परिवार के बाकी सदस्य, 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि देश के अलग-अलग हिस्सों में ये अभियान लगातार चल रहा है। मध्य प्रदेश के इंदौर में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत, पेड़ लगाने का रिकॉर्ड बना है- यहां 24 घंटे में 12 लाख से ज्यादा पेड़ लगाए गए। इस अभियान की वजह से इंदौर की रेवती हिल्स के बंजर इलाके, अब, हरे भरे इलाके में बदल जाएंगे।

**सत्र** | **कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में पहले दिन अडाणी मामले पर बहस की रखी मांग**

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से, 16 विधेयक होंगे पेश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** 18वीं लोकसभा का तीसरा सत्र (शीतकालीन सत्र) 25 नवंबर से शुरू होने वाला है। इससे पहले रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। इस दौरान 30 पार्टियों के कुल 42 नेता मौजूद थे।

कांग्रेस समेत विपक्षी नेताओं ने लोकसभा में पहले दिन अडाणी मामले पर बहस की मांग की है। अमेरिका की न्यूयॉर्क फेडरल कोर्ट ने गौतम अडाणी पर सोलर एनर्जी कॉन्ट्रैक्ट हासिल करने के लिए भारतीय अधिकारियों को लगभग



2,200 करोड़ रुपए की रिश्वत देने की पेशकश का आरोप लगाया है। राहुल गांधी ने इस मामले पर जेपीसी की मांग रखी है। कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा कि उनकी पार्टी ने मणिपुर हिंसा, प्रदूषण, रेल दुर्घटनाओं पर भी संसद में चर्चा का प्रस्ताव रखा है। हालांकि, संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कहा- चर्चा के मुद्दों पर कार्य मंत्रणा समिति फैसला करेगी। विपक्ष सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलने दे। संसद का शीतकालीन सत्र 20 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। लोकसभा बुलेटिन के मुताबिक लोकसभा में 8 और राज्यसभा में 2 विधेयक लंबित हैं।

**सत्र में 11 विधेयकों पर होगी चर्चा**

संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान कुल 16 विधेयक पेश किए जाने हैं। इनमें से 11 विधेयक चर्चा के लिए रखे जाएंगे। जबकि 5 कानून बनने के लिए मंजूरी के लिए रखे जाएंगे। वन नेशन वन इलेक्शन के लिए प्रस्तावित विधेयकों का सेट अभी सूची का हिस्सा नहीं है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सरकार इसे सत्र में ला सकती है। वहीं, राज्यसभा बुलेटिन में कहा गया है कि लोकसभा से पारित एक अतिरिक्त विधेयक भारतीय वायुयान विधेयक राज्यसभा में मंजूरी के लिए लंबित है। जेपीसी ने 22 अगस्त से लेकर अब-तक 25 बैठकें की हैं। इनमें 123 हितधारकों से सुझाव लिए गए हैं, जिनमें 6 मंत्रालय, 8 वक्फ बोर्ड और 4 अल्पसंख्यक आयोग शामिल हैं। वक्फ एक्ट, 1995 को वक्फ संपत्तियों को रेगुलेट करने के लिए बनाया गया था, लेकिन इस पर भ्रष्टाचार और अतिक्रमण के आरोप लगे हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 के जरिए इसमें सुधार लाने, डिजिटाइजेशन, ऑडिट, ट्रांसपेरेंसी और अवैध कब्जे वाली संपत्तियों को वापस लेने के लिए कानूनी तंत्र बनाने का लक्ष्य है।

**वक्फ बिल पर बनी जेपीसी के सदस्यों ने मांगा और समय**

वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त समिति के 29 नवंबर को संसद में अपनी रिपोर्ट पेश करने की उम्मीद है, लेकिन यह तभी संभव है जब वह मानसून सत्र में दी गई समय सीमा का पालन करती है। जेपीसी को सत्र के पहले हफ्ते के आखिरी दिन अपनी रिपोर्ट पेश करनी है। हालांकि, विपक्षी सदस्यों ने पैनल को अपनी रिपोर्ट देने के लिए समय बढ़ाने की मांग की है।

## राजकीय हेलीकॉप्टर से जनपद खीरी पहुंचे प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य

# डिप्टी सीएम ने लाभार्थियों को योजनाओं की दी सौगातें, खिले चेहरे

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



रविवार को अपने निर्धारित भ्रमण कार्यक्रम के अनुसार प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य राजकीय हेलीकॉप्टर से जनपद खीरी पहुंचे, जहां डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, प्रभारी एसपी नेपाल सिंह, सीडीओ अभिषेक कुमार एवं जनप्रतिनिधियों ने पुष्पगुच्छ देकर उनके जनपद आगमन पर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके बाद उन्होंने गारद की सलामी ली।

कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जनपदीय अधिकारियों के साथ प्रशासनिक बैठक लेकर केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बैठक में मुख्य रूप से भाजपा की क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष सुनीलसिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, योगेश वर्मा, मंजू त्यागी, सौरभ सिंह सोनू, अमन गिरी, शशांक वर्मा, विनोद शंकर अवस्थी, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, सीडीओ अभिषेक कुमार, प्रभारी एसपी नेपाल सिंह सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी गण मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने डीएफओ संजय विश्वाल को निर्देश दिए कि मानव वन्य जीव संघर्ष को रोकने हेतु कार्ययोजना बनाकर शासन को भेजें। साथ ही जागरूकता अभियान चलाकर तैयार एक्शन प्लान पर काम किया जाए। उन्होंने बैठक की समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में 10 हजार से अधिक आबादी वाले क्षेत्र में नगर निकाय गठन के प्रस्ताव को जनप्रतिनिधियों के मार्गदर्शन में तैयार करवाकर शासन भिजवाए।

**सरकार अदा करेगी किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिल: डिप्टी सीएम-** डिप्टी सीएम ने कहा कि किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिल को सरकार अदा करेगी। इसके लिए सरकार द्वारा बजट प्रोविजन किया गया है। इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने की बात कही। निर्देश दिए कि नलकूप के बिजली बिल माफ कराने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागीय अफसर से नलकूप कनेक्शन की अद्यतन स्थिति भी जानी। सरकार आमजनमानस को विद्युत की निर्वाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। निर्देश दिए कि प्रत्येक सब स्टेशन के अलग-अलग गांव के 10-10 घरों के विद्युत बिल को क्रॉस चेक करवाए। सुनिश्चित कराए कि उपभोक्ताओ का शोषण ना हो।

**प्रत्येक ब्लॉक के 10-10 गांव में पूर्ण परियोजनाओं का कराए स्थलीय परीक्षण: डिप्टी सीएम-** डिप्टी सीएम के पूछने पर ईई जल निगम ने हर घर नल योजना की प्रोग्रेस बताई। सीडीओ को निर्देश दिए कि सभी ब्लॉकों के 10-10 ग्रामों में जहां इस योजना में काम पूर्ण हो गया हो, इसका स्थलीय परीक्षण मयवीडियोग्राफी के कराए। सुझाव दिया कि खीरी एक ऐसा मॉडल पेश करें कि सड़क को क्षतिग्रस्त करने वाला विभाग कार्यदाई कंपनी से उसकी अनुमन्य धनराशि सड़क अनुरक्षण करने वाले विभाग को दिलाए ताकि वह उसे दुरुस्त कराए। पीडी एसएन चौरसिया ने पीएम आवास एवं सीएम आवास का डाटा बताया। निर्देश दिए कि लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराए। कहा कि गरीब कल्याण के लिए काम कर रही सरकार गरीबों के कल्याण के लिए संवेदनशील है।

**मेडिकल कॉलेज की अस्पताल विंग बनाने में लाएं तेजी, युद्धस्तर पर हो कामः डिप्टीसीएम-** सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने आयुष्मान गोल्डन कार्ड के लक्षित परिवारों एवं लाभार्थियों के सापेक्ष बनाए गए कार्डो की प्रगति बताई। उन्होंने चिकित्सकों और दवाओं की उपलब्धता भी जानी। प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज से मेडिकल कॉलेज की निर्माण की प्रगति जानी। मेडिकल कॉलेज के अस्पतालविंग के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीएमओ को निर्देशित किया कि मानक के विरुद्ध आचरण करने वाले चिकित्सालयों पर प्रभावी कार्यवाही करें। डिप्टी सीएम ने कब्जे वाले चकमार्ग, सरकारी जमीन की नाप कराए और उसे खाली करवाते हुए व्यवस्थित करवाएं। भूमि विवादों का निपटारा सुनिश्चित करवाएं। जिले के पर्यटन विकास पर फोकस करें पर्यटन हब बनेगा रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। गौ आश्रय की समीक्षा के दौरान सीवीओ ने बताया कि जिले में 139 गो आश्रय स्थल संचालित हैं, अभी तक 50903 गोवंश संरक्षित किए गए हैं। उन्होंने जिले में नवाचार के तहत गो आश्रय स्थलों में लगाए गए सीसीटीवी कैमरा पर सराहना की। निर्देश दिए कि इसके कमांड सेंटर पर जनप्रतिनिधियों को भी भ्रमण कराए। एडीएम संजय कुमार सिंह ने बाढ़ एवं कटान प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराई गई सहायता, राहत वितरण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

**डिप्टी सीएम ने लाभार्थियों को योजनाओं की दी कई सौगातें, खिले चेहरे-** कलेक्ट्रेट में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने उपस्थित जनप्रतिनिधियो, डीएम, सीडीओ की मौजूदगी में 05 क्षय रोगियों को पोषण किट, पांच 70+ व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड, विश्वकर्मा योजना के पांच लाभार्थियों को टूल किट का वितरण किया। यन्त्र वितरण कार्यक्रम में पूर्व में निकाली गयी लाटरी में चयनित 5 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वयं सहायता समूहो को आरऑफ और सीआईएफ का 03 करोड़ 66 लाख और सीसीएल का 03 करोड़ 90 लाख का डेमो चेक प्रदान किया।

**दुधवा के लिए हवाई यात्रा कर सकेंगे सैलानी, लखनऊ से शुरू होगी सेवाः डिप्टी सीएम-** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि दुधवा के लिए एयर सर्विस की शुरुआत होने जा रही है। लखनऊ से दुधवा के बीच लघु विमान उड़ान भरेगा। बताया कि प्रदेश सरकार पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए सभी प्रमुख इको पर्यटन स्थलों को सड़क, रेल व हवाई मार्ग से जोड़ने की कवायद में जुटी हुई है। इसी कड़ी में जिले के दुधवा नेशनल पार्क के पर्यटन विकास दृष्टि से हवाई सेवा शुरू होने जा रही है, जो जिले के लिए एक बड़ी सौगात है। इस सेवा के शुरू होने से पर्यटकों को सुविधा होने के साथ-साथ उनकी संख्या भी बढ़ेगी।

## दिव्यांगों को अब नहीं रहना होगा किसी पर निर्भर, वो भी बनेंगे स्वरोजगारी

**लखीमपुर खीरी।** सातवे दिन इंडियन बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भन्सड़िया रेलवे क्रासिंग लखीमपुर खीरी मे प्रथम बार दिव्यांग हेतु 10 दिवसीय आवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम ईडीपी फार डिसएबिलिटी पर्सन का संचालन इनेबल इंडिया संस्थाएवं जयति भारतम संस्था के सहयोग द्वारा संचालित प्रोजक्ट स्वरोजगार हेतु संचालित हेतु के अंतर्गत चलाया जा रहा है। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग पुरुष एवं महिलाओं को हुनरमंद बनाना है। इस प्रशिक्षण मे सभी पुरुष एवं महिलाओं को अगरबत्ती, मोमबत्ती धूपबत्ती बनाने का प्रशिक्षण रामश्री देवी (प्रशिक्षक) के द्वारा दिलाया जा रहा है। जिससे वह भविष्य में इस प्रकार की सामग्री निर्माण कर स्वरोजगार विकसित कर आत्मनिर्भर बनेंगे। इस कार्यक्रम में जनपद के विभिन्न ब्लाकों जैसे ब्लाक बेहजम से रोहित कुमार, जकरुना, घुरई ब्लॉक लखीमपुर से गुड्डू प्रसाद, अंकल कुमार एवं ब्लाक नकहा से उमाशंकर समेत कुल 35 लोगों ने सहभागिता की जिसमे कुल 11 महिलाएं और 24 पुरुष शामिल है। इसके साथ ही उन्हें उध्मिता विकास का भी प्रशिक्षण संस्थान द्वारा दिया जा रहा है। इस संस्थान का उद्देश्य प्रक्षओं को प्रशिक्षण प्रदान करने के साथ ही उध्मिता विकास, व्यवसाय योजना निर्माण सीमित संस्थानों में विकास करने का गुण विकसित करना है। संस्थान द्वारा 6000 से अधिक युवक युवतियों को प्रशिक्षण प्रदान कर अपने परिवारों की गरीबी उन्मूलन का नायक बनाया गया है सभी दिव्यांग भाई और बहने बड़े ही उत्साह से अपना कार्य जोरों पर कर रहे है यह कार्यक्रम एक चर्चा का विषय बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### भारत को जानो विषय पर प्रतियोगिता आयोजित, मेधावी सम्मानित




**गोला गोकर्णनाथ, (लखीमपुर)।** भारत विकास परिषद द्वारा कराई गई भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें भारत विकास परिषद द्वारा आयोजित भारत को जानो प्रश्न मंच प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित हुआ। इस समारोह में कार्यक्रम अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद रस्तोगी (प्रांतीय उपाध्यक्ष भारत विकास परिषद नैमिष प्रांत) तथा मुख्य अतिथि नानक चंद वर्मा (जिला अध्यक्ष उद्योग व्यापार मंडल) विशिष्ट अतिथि राम सागर वर्मा ( प्रांतीय प्रकल्प संयोजक पर्यावरण) संचालन सचिव अनुज खरे किया। प्रतियोगिता स्थल पर सुशील वर्मा (कोषाध्यक्ष) विद्यालय प्रधानाचार्य मनोज वर्मा तथा परिषद सदस्य संजय शुक्ला, संजय तिवारी, आलोक तिवारी, महेंद्र वर्मा, राजेश वर्मा, आलोक वर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, सुनील वर्मा आलोक बाजपेई एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में एक दर्जन से अधिक विद्यालयों की टीम सम्मिलित हुई, जिसमें वरिष्ठ वर्ग में ग्लोबल इंटर कॉलेज टीम के आशीष वर्मा एवं आदित्य कुमार ने विजेता तथा राम जानकी इंटर कॉलेज टीम के प्रिंस वर्मा एवं प्रिंस जायसवाल ने उपविजेता रहे। जबकि कनिष्ठ वर्ग में श्री दुर्गा विद्या मंदिर टीम के मयंक गुप्ता एवं मानवी चौधरी विजेता तथा यदुशील शिक्षा निकेतन टीम की की अंशिका यादव एवं राजप्रिया उपविजेता रही। मुख्य किसने कहा परिश्रम से सफलता मिलती है इन बच्चों ने अपने विद्यालय तथा अपने अध्यापकों का मान बढ़ाया है ऐसे छात्र एक प्रेरणा का स्रोत होते हैं सभी छात्रों को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने विद्यालय अध्यापकों और समाज को निरंतर प्रगति की ओर ले जाने का कार्य चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष भारत विकास परिषद का परिचय देते हुए सामाजिक कार्य में निरंतर प्रगति करने को सराहा तथा बच्चों को शुभकामनाएं दी।

### आत्म कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने डिप्टी सीएम को सौंपा ज्ञापन



**लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को कलेक्टर सभागार में आत्म कार्मिक वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गजराज सिंह राठौड़ व आदित्य कुमार ने ज्ञापन दिया। ज्ञापन में दर्शाया कि राज्य सरकार साहित्य कृषि विभाग के महत्वपूर्ण योजना आत्म भारत सरकार एवं राज्य सरकार कृषि विभाग की महत्वपूर्ण योजना कार्यरत हैं। वर्ष 2011 से अब तक उत्तर प्रदेश के समस्त 75 जिलों के विकास खंड स्तर पर अपनी सेवाएं कर्तव्य निष्ठा से निभा रहे हैं। अपितु विडंबना यह है कि हम सभी कार्मिक एक ठेका कंपनी से आयोजित अधीन होने के कारण लगातार शोषण का शिकार होते जा रहे हैं। जहां एक और मानदेय के रूप में मिलने वाला अल्प वेतन 5 से 10 माह देरी से दिया जाता है तो वहीं विभागीय शासकीय कार्य नि संदेह प्रभावित होते हैं जिससे सरकार की छवि खराब होने के साथ-साथ परिवार की आर्थिक स्थिति दयनीय हो जाती है एवं कार्मिक हमेशा मानसिक सदमे में रहते हैं और आक्रण दुर्घटना का शिकार हो जाते हैं। ऐसी मानसिक वेदना से निजात दिलाए जाने हेतु शीघ्र समाधान की अपील की है। उत्तर प्रदेश के लगभग 26000 कार्मिक अपना एवं क्षेत्रीय कृषकों का समुचित उत्तराधन कर सकें ऐसा ज्ञापन में दर्शाया गया है। उपमुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया है कि जल्द से जल्द समाधान करवाया जाएगा। ज्ञापन में अध्यक्ष आदित्य कुमार व गजराज सिंह राठौड़ काफी कृषि कार्यकर्ता एवं किसान भाई उपस्थित रहे।

### फुटबाल टूर्नामेंट की ट्रॉफी पर स्टेडियम मऊ का कब्जा



**निघासन खीरी।** निघासन के सिंगाही की सरजमीं पर आठ दिन से खेले जा रहे महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मैच गौरीफंटा और स्टेडियम मऊ की टीमों के मध्य खेला गया। स्टेडियम मऊ ने जीत कर टूर्नामेंट के कप पर कब्जा कर लिया। पुरस्कार वितरण पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने किया। प्रत्येक वर्ष की भातिं इस बार भी कस्बे में आयोजित महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबाल टूर्नामेंट के 101 वें आयोजन का फाईनल मैच का उद्घाटन पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्र टेनी ने किया। अजय मिश्र टेनी ने सिंगाही मे टूर्नामेंट कराने वाली कमेटी का आभार जताते हुए फुटबाल ग्राउंड का मेन गेट बनवाने की बात कही। टूर्नामेंट के महामंत्री सुनील बत्रा ने अजय मिश्र टेनी का वेलकम बैक लगाकर उनको स्मृत चिन्ह भेंट किये। सांसद ने खिलाडियों का परिचय प्राप्त करने के बाद फुटबाल मे किक मारकर मैच शुरू करवाया। जिसके बाद गौरीफंटा और स्टेडियम मऊ के बीच फाइनल मैच खेला गया। 90 मिनट के इस टूर्नामेंट में दोनों टीमों अच्छा प्रदर्शन किया। दोनो टीमों में कडा मुकाबला हुआ पहले हाफ मे दोनों टीमें बराबरी पर रही। दूसरे हाफ के अंत तक दोनों टीमें कोई गोल नही कर पाई। आखिर कार कमेटी को ट्राइवेकर का सहारा लेना पड़ा। जिसमे स्टेडियम मऊ की टीम नें 4-3 से मैच को जीत लिया। खेल के दौरान स्टेडियम मऊ के खिलाड़ी आर्यमन मिश्रा को लाल कार्ड दिखा कर खेल से बाहर किया गया। टूर्नामेंट का प्रथम पुरस्कार पूर्व गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के द्वारा दिया गया। द्वितीय पुरस्कार चेयरमैन मोहम्मद कय्यूम की तरफ से उनके भाई मो. फैसल के द्वारा दिया गया। इस मौक पर दीपक तलवाड़, सतीश सिंह, डॉ एमआर सेठी, बी डी मिश्रा, राहुल गुप्ता, मो. आसिम, मो. हारून, शुशील बत्रा, प्रशांत पन्त, अशोक वर्मा नगरपंचायत के सभासद सहित सभी सिंगाही के खेल मैदान पर महारानी सुरथ कुमारी स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के आनंद लिया।

## विधानसभा उपचुनाव व महाराष्ट्र में भाजपा की जीत का मनाया जश्न

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** उत्तर प्रदेश के उपचुनाव एवं महाराष्ट्र के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर भारतीय जनता पार्टी, गोला नगर द्वारा सदर चौराहा पर पटाखे फोडकर खुशियां मनाई। कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। इस मौके पर भाजपा लखीमपुर ज़िला उपाध्यक्ष विजय महेश्वरी, राकेश त्रिपाठी, हरि महेश्वरी, राजेश शुक्ला, अंकुश माहेश्वरी, सचिन गुप्ता, प्रियंकल जलोटा, प्रियांशु शुक्ला, शोभित गुप्ता, राजेश प्रजापति, मयंक माहेश्वरी, आदर्श राठौर, शिवम कश्यप, तरुण सक्सेना, महेंद्र शुक्ला, ऋषु मिश्रा, हर्ष भारद्वाज, अंश अवस्थी, दीपक मिश्रा, कुशाग्र राठौर एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता बंधु उपस्थित रहे।



## दो सांड आपस में भिड़े, अफरा-तफरी



**बिजुआ खीरी।** ब्लॉक बिजुआ क्षेत्र के कस्बा पडरिया तुला में दो सांडो की लड़ाई से हड़कंप मच गया। लोगों ने ईटा पत्थर और पानी फेक कर दोनों को अलग करने की कोशिश की लेकिन वह करीब 30 मिनट तक लड़ते रहे। रविवार को दोपहर करीब 12 बजे पडरिया कस्बे में लखीमपुर भीरा हाइवे पर दो सांड अचानक आपस में भिड़ गए और लड़ते-लड़ते सड़क के बीचों बीच पहुंच गए। इस दौरान आसपास के दुकानदारों ने पानी फेंक कर उन्हें अलग करने का प्रयास किया लेकिन वह लगातार लड़ते रहे, जिससे सड़क पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। वाहन चालकों को इस दौरान सड़क पर आवाजाही में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। लड़ते हुए सांड रोड के किनारे रखे भूरे नाई के खोखे तक पहुंच गए,जिससे भयभीत होकर लोग इधर उधर भागने लगे। बाल कटवाने आए मूसेपुर निवासी अमन पाल की बाइक खोखे के सामने खड़ी थी जो सांडो की चपेट में आ गई और क्षतिग्रस्त हो गई,वही भूरे नई के खोखे का डाला भी टूट गया और खोखे में बाल कटवा रहे लोग बाल बाल बचे। दोनों सांडो की लड़ाई करीब 30 मिनट तक चलती रही बड़ी मस्कत के बाद स्थिति सामान्य हो सकी तब लोगों ने राहत की सांस ली। कस्बे में रोड़ों पर छुट्टा गौवंश बड़ी संख्या में घूमते रहते हैं जो राहगीरों के लिए जानलेवा साबित होते हैं।यह पहली बार नहीं जब सांडो की लड़ाई से रोड पर हड़कंप मचा हो इससे पहले भी कई बार लोग सांडों की वजह से चोटिल हो चुके हैं।

## समाज को बुनियादी रूप से मजबूत बनाने का आह्वान

**तैलिक महासम्मेलन**

- बड़ी संख्या में समाज के लोगों की मौजूदगी में अतिथियों ने किया जोश संचार

**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर), समृद्धि न्यूज़।**



तैलिक महासम्मेलन का आयोजन शहर के एक मैरिज लॉन मैं किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सीतापुर सांसद एवं तैलिक महासंघ के संरक्षक राकेश राठौर, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ मसूद, कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रहलाद पटेल तथा तैलिक महासंघ के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि राकेश राठौर ने कहा आज तेली समाज शिक्षा एवं सरकारी नौकरियों में काफी पीछे है। कांग्रेस के नेता राहुल गांधी आज हम सभी के लिए जातीय जनगणना की मांग कर रहे हैं। ताकि हमारी आर्थिक सामाजिक नैतिक स्थितियों का आंकड़ा सामने आ सके। उसके आधार पर लोगों को लाभ मिल सके। उन्होंने सरकार पर तंज कसते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी की सरकार में विधायक सुरक्षित नहीं है सरकारी अधिकारी सुरक्षित नहीं है। किसानों को खाद नहीं मिल रही, युवाओं को नौकरी नहीं मिल रही, स्वास्थ्य सेवाएं बदहाल है। मोदी के दोस्त अडानी अंबानी सरकार का जमकर दुरुपयोग कर रहे हैं। उन्होंने सभी को एकजुट होकर 2027 में भाजपा सरकार को जड़ से उखाड़ फेंकने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह ने अपने संबोधन में कांग्रेस की नीतियों का बखान किया। उन्होंने भाजपा सरकार में तिकुनिया में हुए किसानों के हमले का जिक्र करते हुए सरकार पर जमकर तंज कसा। पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ मसूद ने भी कार्यक्रम की सराहना की। साथ ही संगठन को मजबूत करने के लिए कार्यकारिणी के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने कहा कि आज हम सब के एकजुट न होने की वजह से हर क्षेत्र में पीछे हैं। इस मौके पर संजय राठौर प्रधान, रामसनेही राठौर प्रधान, अनूप राठौर प्रधान प्रतिनिधि खमरिया, उपदेश राठौर, श्याम सुंदर राठौर, मनोज राठौर, शिवराम राठौर, कमल राठौर आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विजेंदर राठौर एडवोकेट ने किया हजारों की संख्या में तेली समाज के लोग मौजूद रहे।

## ‘माटी’ द फ्रेगरेंस ऑफ कल्चर के सांस्कृतिक कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति ने मोहा सभी का मन

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



नगर के कपूरथला स्थित सिटी माण्टेसरी इण्टर कॉलेज के वार्षिकोत्सव ‘माटी’ द फ्रेंगरेंस ऑफ कल्चर के अन्तर्गत विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन। कार्यक्रम का प्रारम्भ मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह व विशिष्ट अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष डॉ. इरा श्रीवास्तव, जिला विद्यालय निरीक्षक महेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलित एवम् मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया।

सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती एवं ईश वंदना गजाशीश से किया गया तत्पश्चात विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम पंच तत्व, कव्वाली बुलन्द भारत की बुलन्द तस्वीर, रामयुग राम से लेकर राम पे आये, मोबाइल नजर के सामने जिगर के पास, सेल्फ डिफेंस बेस्ट ऑफेन्स, नन्हीं थिरकन पंजाब दी, विश्व युद्ध और भारत, एकलव्य एक अनूठी गुरूभक्त गाथा, कव्वाली आया तेरे दर पर दीवाना, शिक्षा के दीप, जय मराठा वीर सपूत शिवा, टाइप्स ऑफ स्टूडेण्ड लाइफ, जय-जवान जय-किसान, कलयुग से सतयुग की ओर, स्पार्की गरबा डांस, किल द डेविल हॉरर एक्ट, माटी- (हमारी माटी हमारा सम्मान), हमारी चाहत- (रील या रियल), धमाल व एक से बढ़कर एक प्रस्तुति ने समा बांध दिया। इसी श्रृंखला में विद्यालय में हुए इण्टर हाउस स्पोर्ट्स इवेंट ‘बिगुल 2.0’ ए बैटल ऑफ टैलेन्ट के अन्तर्गत हुई विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विजेता हाउसेस का परिणाम घोषित किया गया। जिसमें हिन्दी माध्यम से सरदार पटेल हाउस विजेता तथा एपीजे अब्दुल कलाम उप विजेता, वहीं अंग्रेजी माध्यम से विजन हाउस विजेता तथा ड्रीम हाउस उप विजेता रहे। सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में कहा कि नन्हें-मुन्ने बच्चों की प्रस्तुति सराहनीय है इसमें विद्यालय परिवार की मेहनत की झलक स्पष्ट दिखाई पड़ती है।

## बसंतापुर पहुंचा ग्रामे-ग्रामे गायत्री यज्ञ अभियान

- एक साथ 108 घरों में हुआ गायत्री यज्ञ



**लखीमपुर खीरी।** गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी की ईसानगर शाखा द्वारा सासाहिक ग्रामे-ग्रामे गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान के अंतर्गत धौरहरा ब्लॉक की बसंतापुर ग्राम सभा के बसंतापुर, कोइलीपुरवा और कौदहापुरवा गांवों के 108 घरों में एक साथ गायत्री यज्ञ संपन्न किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ बसंतापुर ग्राम सचिवालय परिसर से हुआ जहां 3 ब्लॉकों से एकत्रित गायत्री परिवार के युग पुरोहितों को आवश्यक दिशा निर्देश और यज्ञ सामग्री की किट देकर प्रभात फेरी के साथ घरों में यज्ञ कराने के लिए रवाना किया गया। अभियान संचालन टीम के राज किशोर वर्मा ने बताया मई 2023 से शुरू हुए सासाहिक गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ अभियान में अब तक 107 गांवों के पांच हजार से अधिक घरों में यज्ञ संपन्न कराये जा चुके हैं। इस क्रम में 108 वाँ आयोजन बसंतापुर ग्राम सभा में रखा गया। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया गायत्री पुरोहित प्रत्येक घर में यज्ञ किट (झोला) साथ लेकर गए जिसमें गंगाजली, घी, पान, शाकल्य आदि सभी पूजन सामग्री शामिल थी। याजक परिवार को केवल समिधा (आम की लकड़ी) और पुष्प की व्यवस्था करनी थी। ब्लॉक समन्वयक राकेश यादव ने बताया अभियान का उद्देश्य जन-जन को नशा उन्मूलन और पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के साथ यज्ञ के माध्यम से देव संस्कृति के प्रतीक गायत्री और गंगा को गांव-गांव और घर-घर में स्थापित करना है। इस दौरान कार्यक्रम आयोजक मुंशीलाल वर्मा राज किशोर वर्मा, विनय कुमार वर्मा, सावित्री देवी वर्मा, वीरेन्द्र कुमार मिश्रा, गोबरे लाल गौतम सहित भारी संख्या में ईसानगर और धौरहरा ब्लॉक के गायत्री परिवार के कार्यकर्ता सक्रिय रहे।

## जीएम से नाराज संचालक मिल के उद्घाटन में नहीं होंगे शामिल



**निघासन खीरी।** बेलरायां की सरजू सहकारी चीनी मिल के जीएम की कार्यशैली से नाराज संचालकों ने मिल के उद्घाटन में शामिल नहीं होने का लिया फैसला। 25 नवम्बर को सरजू सहकारी चीनी मिल का नवीन पेराई सत्र शुरू होने का कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मिल के नवनिर्वाचित संचालकों के मिल उद्घाटन में न पहुंचने का मामला प्रकाश में आया है संचालकों के मुताबिक मिल अभी भी पूरी तरह नवीन पेराई सत्र के लिए तैयार नहीं हो पाई जिससे किसानों में मिल के प्रशासनिक अधिकारियों के खिलाफ काफी आक्रोश देखा जा रहा है जिस कारण कुछ नवनिर्वाचित संचालकों ने मिल के उद्घाटन का विरोध किया सोशल मीडिया में संचालकों के विरोध को देखते हुए मिल प्रशासन में अंदरखाने में हड़कंप मचा हुआ है। क्षेत्र के प्रगतिशील किसान व बुद्धजीवी वर्ग के लोगों का मानना है कि आसपास की निजी मिले व क्रेशर लगभग महीना भर पहले चल चुकी है वहीं गन्ना किसान गेहूं की फसल बोने के कारण मजबूरीवश कम दामों में बेचकर खेत खाली कर रहा है।

## प्रतिभा फाउंडेशन की तीसरे चरण की प्रतियोगिताएं आयोजित

- गोल्डन फ्लावर स्कूल में आयोजित हुईं प्रतियोगिताएं
- संस्था के महासचिव कृष्ण अवतार भाटी ने अतिथियों का जताया आभार

**पलियाकलां-खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



पलिया शहर में प्रतिभा फाउंडेशन के तत्वावधान में रविवार को तीसरे चरण की प्रतियोगिताओं का आयोजन गोल्डन फ्लावर स्कूल में किया गया। इस दौरान सामान्य ज्ञान, सुलेख हिंदी व अंग्रेजी और चित्रकला प्रतियोगिता, प्रश्न मंच प्रतियोगिता सहित अन्य प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। कार्यक्रम का संचालन संस्था के प्रदेश वरिष्ठ सचिव अमित महाजन व उपाध्यक्ष जफर अहमद ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष सलिल अग्रवाल ने की। इस अवसर पर संस्था के महासचिव कृष्ण अवतार भाटी, उपाध्यक्ष शेर सिंह, सचिव फुरकान अंसारी, संजय राठौर, सौम्या भारती की सक्रिय व सराहनीय भूमिका रही।

प्रतियोगिताओं के आयोजन के उपरांत परिणाम घोषित किए गए जिसमें हिंदी सुलेख प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में अंश जिंदल गुरुकुल एकेडमी ने पहला पलक रस्तोगी जिला पंचायत बालिका इंटर कालेज ने दूसरा, मनदीप कौर गुरु तेग बहादुर स्कूल महंगापुर तीसरे स्थान पर रहीं। हिंदी सुलेख प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में बलजिंदर सिंह श्री गुरु तेग बहादुर स्कूल ने पहला, आराध्या मिश्रा दून स्कूल ने दूसरा व निकिता सिंह इंडियन एकेडमी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता जूनियर वर्ग में नवदीप कौर विवेकानंद एकेडमी भीरा ने पहला, विद्या कुमारी श्री गुरुनानक देव कॉलेज ने दूसरा व प्रगति मौर्य गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंग्रेजी सुलेख प्रतियोगिता सीनियर वर्ग में मुस्कान कुमारी श्री गुरु तेग बहादुर महंगापुर ने पहला, शुभदीप ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल मुरार खेड़ा व शगुन गुप्ता इंडियन एकेडमी दूसरे स्थान पर रहीं। अनन्य कपिल मिश्रा गुरुकुल एकेडमी व परनीत कौर गोल्डन फ्लावर पब्लिक स्कूल संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं। इसके अलावा आयोजित अन्य प्रतियोगिताओं में पहला दूसरा व तीसरा स्थान पाने वाले होनहार शामिल रहे।

# प्रदेश में शिकायतों के निस्तारण में अयोध्या के 18 थानों ने मारी बाजी

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/अयोध्या।** सरकार के प्रयासों से दिव्य और भव्य अयोध्या में एक बार फिर से रामराज्य लौटने लगा है। इसे भगवान श्रीराम की विशेष कृपा ही कहेंगे कि अयोध्या में ऑनलाइन की जाने वाली शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण हो रहा है। हर शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। ऐसा हम नहीं कह रहे बल्कि मुख्यमंत्री कार्यालय से आई एक अक्टूबर की रिपोर्ट बता रही है, जिसमें जिले के 19 में से 18 थाने प्रदेश में पहली रैंक पर आए हैं। इसमें कोतवाली नगर टॉप पर है। जनपद पुलिस ने आईजीआरएस




यानि एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली पोर्टल पर ऑनलाइन आने वाली जन शिकायतों के समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में पहली रैंक प्राप्त की है। पिछले कई महीनों बाद यह मौका आया है, जब अयोध्या पुलिस को यह सफलता मिली है। एसएसपी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले थानेदारों को सराहते हुए फेहरिस्त में निचले पायदान पर मौजूद थाने को बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया है। प्रदेश सरकार ने जनता की शिकायतों के निस्तारण के लिए आईजीआरएस पोर्टल की व्यवस्था तैयार की है। नियमानुसार, इस पोर्टल पर आने वाली ऑनलाइन शिकायत का 30 दिन के भीतर गुणवत्तापरक तरीके से निस्तारण करना होता है। समय-समय पर इन शिकायतों से जुड़ा फीडबैक लखनऊ में बैठे आला अफसर लेते हैं। डिफाल्टर या असंतोष की स्थिति में शिकायतों को वापस लौटाया जाता है, ताकि उनका निस्तारण हो सके।

**रैंकवार प्राप्त शिकायतें व निस्तारण**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1- कोतवाली नगर | - 354 | 11- हैदरगंज | - 133 |
| 2- इनायतनगर | - 297 | 12- कैंट | - 112 |
| 3- अयोध्या कोतवाली | - 272 | 13- कुमारगंज | - 89 |
| 4- कोतवाली बीकापुर | - 243 | 14- रामजन्मभूमि | - 85 |
| 5- महाराजगंज | - 241 | 15- पटरंगा | - 66 |
| 6- रौनाही | - 227 | 16- बाबा बाजार | - 61 |
| 7- रुदौली | - 209 | 17- मवई | - 59 |
| 8- गोसाईगंज | - 160 | 18- थाना महिला | - 48 |
| 9- तारुन | - 156 | 19- पूराकलंदर | - 324 |
| 10- खंडासा | - 140 | | |

**नगर कोतवाली नंबर वन**

एसएसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी ने बताया कि आईजीआरएस के पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के निस्तारण के मामले में कोतवाली नगर ने बाजी मारी है। इसके बाद सर्वाधिक शिकायतों को हल कर दूसरे नम्बर पर स्थान बनाने वाला थाना इनायतनगर है।

**क्या है आईजीआरएस**

एसएसपी राजकरण नैयर ने बताया कि आईजीआरएस जनसुनवाई के लिए एक आनलाइन माध्यम है। किसी भी व्यक्ति को शिकायत करने के लिये कहीं चक्कर लगाने की जरूरत नहीं पड़ती है। पीड़ित व्यक्ति इसके पोर्टल पर आनलाइन शिकायत दर्ज कराता है। संबंधित विभाग उसकी जांच कराकर निस्तारण कराने का प्रयास करता है। इस माध्यम से दर्ज कराई गई शिकायत पर जवाबदेही भी रहती है। शिकायत की हर स्थिति की शिकायतकर्ता को जानकारी भी मिलती है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण 2025 : जुड़े 2944 नए मतदाता, निरीक्षण में बीएलओ मिला गैरहाजिर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य जारी है। रविवार को आयोजित विशेष अभियान के तहत अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, चंद्रशेखर ने लखनऊ के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया।

अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने 169-बक्शी का तालाब विधानसभा क्षेत्र के डीपीएस, सेक्टर-4 गोमती नगर विस्तार, प्रा.वि. मकदूमपुर, महेश प्रसाद हा0 से0 स्कूल और प्रा.वि. खरगापुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। डीपीएस, सेक्टर-4 के बूथ संख्या-423 पर बीएलओ हरी ओम अनुपस्थित पाए गए। शेष सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ मौजूद रहे। 24 नवंबर को प्राप्त फार्मों का विवरण लखनऊ जिले की कुल 9 विधानसभा क्षेत्रों में विशेष अभियान के दौरान 2944 नए मतदाताओं ने फार्म-6 जमा किए। फार्म-6ए, फार्म-7 और फार्म-8 के जरिए भी कई बदलाव व नामांकन हुए। निरीक्षण के दौरान एक बीएलओ गैरहाजिर मिलाय 1554 नए मतदाताओं ने फार्म-6 और 1390 ने फार्म-6ए जमा किए है।

**विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का महत्व**

इस अभियान के माध्यम से नए मतदाताओं को जोड़ने, त्रुटियों को ठीक करने और निर्वाचक नामावली को अद्यतन करने का कार्य किया जा रहा है। डीएम लखनऊ और अन्य संबंधित अधिकारी इस प्रक्रिया की नियमित निगरानी कर रहे हैं। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करेगा कि सभी योग्य मतदाता सूची में शामिल हों। बीएलओ की अनुपस्थिति के मामलों की जांच की जा रही है, और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### रोडवेज ने बाइक सवार को रौंदा, युवक की मौत, दूसरा घायल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक चालकों को रौंद दिया। इससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल है। दोनों युवक मजदूरी करने जा रहे थे। हादसे के बाद रोडवेज ड्राइवर बस छोड़कर मौके से फरार हो गया। घटना शनिवार सुबह की है। सरोजनी नगर के दरोगाखेड़ा में तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। हादसे में 20 वर्षीय सूर्यपाल की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका साथी अतुल घायल हो गया। उन्नाव के असोहा सूर्यबली खेड़ा निवासी सूर्यपाल ट्रांसपोर्ट नगर में मजदूरी करता था। सुबह वह अपने साथी अतुल यादव के साथ बाइक से काम पर जा रहा था। लगभग 11 बजे दरोगाखेड़ा के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सड़क पर जा गिरे। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को अस्पताल भेजा। डॉक्टरों ने सूर्यपाल को मृत घोषित कर दिया, जबकि अतुल को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि मृतक का पोस्टमॉर्टम करा शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। रोडवेज ड्राइवरों के खिलाफमुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### कृष्ण जन्म की कथा सुनकर भक्त हुए भाव विभोर

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नंदना बख्शी तालाब निकट 51 शक्ति पीठ के पास चल रही भागवत कथा के पांचवें दिन रविवार को कथा व्यास कनक जी महाराज ने कृष्ण जन्म की कथा सुना कर लोगों को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने कहा कि भगवान का अवतार धारा धरणी पर धर्म की स्थापना के लिए होता है। जीव और परमात्मा का मिलन संसार की परा भक्ति को सिद्ध करता है। कंस अभिमान है जो जीव मात्र को बंदी बनाकर रखता है जीव जब तक काम के अधीन होता है तब तक वह स्वतंत्र नहीं है। नाम के अधीन होने पर जीव के समस्त बंधन छूटते हैं। तब वह परम सुख को प्राप्त करता है। पूतना कथा सुनाते हुए महाराज श्री ने कहा कि पुतना अविद्या है जो पांच ज्ञानेंद्रिय पांच काम इंद्रियों एवं चार अंत:करण, अर्थात 14 जगह पर निवास करती हैं। इस अविद्या को भागने के लिए जीव को मोह रूपी बंधन तोड़ना पड़ता है। इस अवसर पर आयोजक भानु सिंह परिवार सहित पूजन एवं आरती किया।

### सड़क निर्माण शुरू, लोगों ने सभासद का आभार जताया

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के विकासनगर सेक्टर-1 में सचिन तेंदुलकर पार्क को जोड़ने वाली सड़क का निर्माण कार्य रविवार को शुरू हो गया। इस महत्वपूर्ण कार्य की शुरुआत सभासद राकेश मिश्र की उपस्थिति में की गई। सड़क निर्माण की मांग स्थानीय लोगों द्वारा काफी दिनों से की जा रही थी। इस सड़क के निर्माण से लगभग 5,000 लोगों को राहत मिलेगी। स्थानीय लोग लंबे समय से खराब सड़क की समस्या का सामना कर रहे थे। लोगों ने सभासद की इस पहल का स्वागत करते हुए खुशी जताई। इस अवसर पर पूनम शुक्ला, नीलम सिंह चौहान, अशोक बाजपेई, आशीष, धर्मेंद्र, हनी, आनंद, बिट्टू, अटल सहित कई स्थानीय निवासी उपस्थित थे। सभासद राकेश मिश्र ने बताया कि यह सड़क क्षेत्र की आवागमन सुविधा को बेहतर बनाएगी। नागरिकों को दैनिक जीवन में सुविधा प्रदान करेगी। निर्माण कार्य जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया गया है। इस दौरान पूनम शुक्ला ने इस पहल को सकारात्मक बताया और सभासद को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि यह सड़क न केवल आवागमन को सुगम बनाएगी बल्कि क्षेत्र की समग्र विकास में भी योगदान देगी।

### गुडंबा थाने में व्यापारियों ने की बैठक, समस्या से निजात की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के गुडंबा थाने पर पुलिस-व्यापारी बैठक का आयोजन किया गया। इसमें आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारी और व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक में रिंग रोड इकाई, कंचना बिहारी मार्ग इकाई, टेढ़ी पुलिया इकाई और कुर्सी रोड के व्यापारियों ने हिस्सा लिया। रिंग रोड इकाई के अध्यक्ष श्यामजी के नेतृत्व में पंकज अरोड़ा, विशाल जायसवाल, बशर भाई, परमेश गुप्ता, साद खान और अन्य व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान व्यापारियों ने अपनी समस्याएं पुलिस अधिकारियों के सामने रखीं। विशेष रूप से जगरानी क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी शिकायतों और सुझावों को साझा किया। अधिकारियों ने व्यापारियों की समस्याओं को सुनते हुए समाधान का आश्वासन दिया। व्यापारिक क्षेत्रों में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सहयोग की अपील की।

### निगोहां में इंटर कॉलेज के सामने से अतिक्रमण हटाने की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित एसएनटी इंटर कॉलेज के गेट और बाउंड्री वाल के किनारे दर्जनों दुकानों ने अतिक्रमण कर रखा है, जिससे कॉलेज जाने वाले छात्र-छात्राओं को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इन दुकानों पर शोहदों का जमावड़ा लगता है, और आए दिन छात्राओं से छींटाकशी और मारपीट जैसी घटनाएं होती रहती हैं। कॉलेज की प्रधानाचार्य सरिता विश्वकर्मा ने निगोहां पुलिस से शिकायत करते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की है। उन्होंने बताया कि कॉलेज के दोनों परिसरों की बाउंड्री के बाहर पान मसाले की गुमटी, रूई की दुकानें और सब्जी बेचने वालों की दुकानों ने सड़क पर अतिक्रमण फैला रखा है। इन दुकानों की वजह से छात्र-छात्राओं को कॉलेज जाने में कठिनाई होती है, और सुरक्षा का माहौल भी बिगड़ता है।कालेज प्रबंधन ने आशंका जताई है कि इस अतिक्रमण के कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

### लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने दिया स्वच्छता संदेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लोकगायिका मालिनी अवस्थी ने भारत के बच्चों में बढ़ रही स्वच्छता की आदतों का जिक्र करते हुए बताया कि कोरोनाकाल के बाद से ही भारत में सामुदायिक स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जो जागरूकता आयी है उसके परिणाम दिखाई देने लगे हैं।सैवेलान स्वस्थ इंडिया मिशन द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चलाये जा रहे स्वस्थ बच्चे मजबूत भारत अभियान से जुड़ी पद्मश्री मालिनी अवस्थी ने बताया कि लखनऊ में भी बच्चों को प्रत्येक सामुदायिक गतिविधि के बाद साबुन और सैनेटाइजर का नियमित प्रयोग करते देखा जा रहा है। लखनऊ और रांची में सेवलान इंडिया मिशन 2024-25 में इंटरैक्टिव संचार की मदद से बच्चों में हाथों को नियमित रूप में धोने की आदतों का विकास कर रहा है।इस अभियान में आईटीसी लिमिटेड से जुड़े समीर सत्यपति तथा संजय श्रीनिवास आदि सहयोगी सदस्य के रूप में मौजूद रहे।

### दंपति से मारपीट के चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के मनोहरापुर निवासी विजय कुमार ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये बताया पुरानी रंजिश को लेकर विपक्षी मोतीलाल ने अपनी पत्नी माया देवी व बेटो सूरज व सुशील के साथ मिलकर लाठी डंडो से उसकी व पत्नी कमला देवी समेत भाई नीरज की बुरी तरह पिटाई कर दी गाली गालौज करते हुये जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी मौके से भाग निकले। इंस्पेक्टर आलोक राव ने बताया पीड़ित की तहरीर पर आरोपियो पर मारपीट समेत अन्य धाराओ में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### आगरा के युवक की मौत, विवाह के 11वें दिन पड़ा दिल का दौरा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आगरा के रहने वाले 26 वर्षीय युवक की रविवार को अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। युवक ने 11 दिन पहले फिरोजाबाद की रहने वाली युवती से प्रेम विवाह किया था। पति-पत्नी लखनऊ के बीकेटी में किराए के मकान में रहते थे। पुलिस के मुताबिक उसे भोर में हार्ट अटैक पड़ा। पड़ोसियों ने पास के अस्पताल पहुंचाया। यहां से उसे केजीएमयू के लिए रेफर किया गया। वहां पहुंचने तक युवक की सांसे उखड़ चुकी थी। मूल रूप से आगरा जनपद निवासी मोनू सिंह बीकेटीके गाजीपुर इलाके में पत्नी निकिता के साथ किराए पर रहता था। करीब 11 दिन पहले उसने निकिता से प्रेम विवाह किया था। पत्नी निकिता ने बताया कि, उनके परिजन इस शादी के खिलाफ थे। उन्होंने परिजनों की सहमति के बिना आर्य समाज में शादी की थी। पति मोनू बीकेटी के अहिबरनपुर विद्युत उपकेंद्र 33/11केवीए में टीजीटू (कैश काउंटर) पर कार्यरत था।

# भारत के विकसित राष्ट्र बनने तक भाजपा को कोई हरा नहीं सकता : केशव मौर्य

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/लखीमपुर खीरी।** महाराष्ट्र की चुनाव में महायुति की रिकॉर्ड विजय ऐतिहासिक है। जनता ने कांग्रेस के दुष्प्रचार का करारा जवाब दे दिया है। वहीं उत्तर प्रदेश विधानसभा के उपचुनाव में सात प्रत्याशियों की जीत सपा के गुंडाराज का जवाब है। जनता ने समाजवादी पार्टी को समाप्तवादी पार्टी बना दिया है। यह बात उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखीमपुर भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही।

अपने उड़न खटोले से दोपहर करीब 1.30 बजे लखनऊ से लखीमपुर पहुंचने के बाद वह भाजपा जिला कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने पहले पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं से मुलाकात की उनकी कुशल- क्षेम जानी तथा कार्यकर्ताओं की समस्याओं को भी समझा और निराकरण भी कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उनका नियम है कि जिस जिले में वे जाते हैं, वह सबसे पहले संगठन मंदिर अर्थात भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर कार्यकर्ताओं से मिलते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि जब आप एकजुट हो जाते हो तो कोई भी माई का लाल भाजपा को हरा नहीं सकता है। सबका साथ-सबका विकास का नारा आप सब जन-जन तक पहुंचना है।

श्री मौर्य ने कहा कि हम समस्याओं का समाधान करेंगे तथा सुशासन भी देंगे। किसानों महिलाओं नौजवानों की आशा का केंद्र भाजपा ही है। उन्होंने सपा को निशाने पर लेते हुए कहा कि 2027 तो छोड़ो सन 2047 तक भाजपा का विजन विकसित राष्ट्र बनने तक भाजपा को कोई हरा नहीं सकता। सपा समझती थी कि मुस्लिम मजबूरी है। यादव बपौती है। इसी भ्रम में सपा जी रही थी परंतु कुंदरकी सीट का परिणाम जहां इन दोनों बिरादरी की संख्या ज्यादा है, नतीजा भाजपा के पक्ष में आया है। इससे साबित होता है कि भाजपा सबके विकास के लिए कार्य करने वाली एकमात्र पार्टी है। बाद में उन्होंने पार्टी पदाधिकारी मंडल अध्यक्षों से अलग-अलग बात कर विकास व सुशासन के विषय में चर्चा की। इससे पहले भाजपा के अवध क्षेत्र के अध्यक्ष कमलेश मिश्रा ने अपने ओजस्वी भाषण में कहा कि युवाओं की शान भाजपा है। किसानों, महिलाओं, पिछड़ों, दलितों का सम्मान सिर्फ भाजपा में है। जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य ने जिले के संगठन व्रत के साथ ही साथ जिला पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी के विषय में विस्तार से उपमुख्यमंत्री को जानकारी दी। अंत में जिला अध्यक्ष सुनील सिंह ने स्वागत करते हुए कहा कि खीरी जिला भाजपा का मजबूत किला है। यहां के कार्यकर्ता शानदार हैं। उन्हीं के बल पर भाजपा जिले की सभी विधानसभाओं पर काबिज है। उपमुख्यमंत्री व क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते हुए उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिए जाने वाले सभी कार्य कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से करते हैं।

**सरकार अदा करेगी किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिल**

डिप्टी सीएम ने कहा कि किसानों के नलकूप कनेक्शन के बिल को सरकार अदा करेगी। इसके लिए सरकार द्वारा बजट प्रोविजन किया गया है। इसका व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने की बात कही। निर्देश दिए कि नलकूप के बिजली बिल माफ कराने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विभागीय अफसर से नलकूप कनेक्शन की अद्यतन स्थिति भी जानी। सरकार आमजनमानस को विद्युत की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। निर्देश दिए कि प्रत्येक सब स्टेशन के अलग-अलग गांव के 10-10 घरों के विद्युत बिल को क्रॉस चेक करवाए। सुनिश्चित कराए कि उपभोक्ताओं का शोषण ना हो।

# राष्ट्र की एकता व अखंडता अक्षुण बनाए रखने के लिए संविधान की सुरक्षा जरूरी

समृद्धि न्यूज

**75वें संविधान दिवस पर संविधान बचाओ महासम्मेलन सम्पन्न**

**लखनऊ।** आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति के आहान पर लखनऊ के उद्यान विभाग के सभागार में 75वें संविधान दिवस के अवसर पर संविधान बचाओ महासम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के समस्त मंडलों व जिलों से लोगों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे इंजीनियर आर.पी. सिंह अंबेडकर ने कहा कि संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर ने भारत के लोगों को संविधान के रूप में एक नायाब तोहफा दिया है। समानता, स्वतंत्रता एवं भाईचारे का पैगाम दिया है। बिना भेदभाव के हर एक नर-नारी को सम्मान व सुख समृद्धि के साथ जीने का अधिकार दिया है। इसलिए राष्ट्र की एकता एवं अखंडता अक्षुण बनाए रखने के लिए भारतीय संविधान की सुरक्षा बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कुछ स्वार्थी व फिरकापरस्त ताकते संविधान को बदलने की बात करते हैं आरक्षण व संविधान पर हाल के वर्षों में जिस प्रकार के हमले हुए हैं उससे देश की एकता व अखंडता ही नहीं सामाजिक ताना-बाना और भाईचारा भी खतरे में है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विश्वनाथ राष्ट्रीय संरक्षक संविधानिक सुरक्षा समिति ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय संविधान के कारण ही वंचित वर्गों को आगे बढ़ने तथा ऊंचे ऊंचे पदों पर पहुंचने का हौसला व अवसर मिला है। संविधान की सिर्फ रक्षा ही नहीं करनी है उसे लागू कराने की जिम्मेदारी भी हम सब भारत के लोगों की है। महासम्मेलन को मुख्य रूप से शीतला प्रसाद, बी.डी. नकवी जज साहब, रामचंद्र पटेल, एम.एल. गौतम, नईम एवं डॉ. गुरमीत राष्ट्रीय उपाध्यक्षगण अभिराम प्रसाद राष्ट्रीय प्रधान महासचिव, प्रेमनाथ प्रदेश अध्यक्ष, एस.एन. प्रसाद, लाल बहादुर, हिरदे नारायण, डॉ. एम.पी सिंह जोनल कोर्डिनेटर्स, महादेव रावत, सुरेश पासवान, विजय बहादुर, एस.एस. राही, जसविन्दर कौर, विमला देवी, आशा रानी, भास्कर आदि ने मुख्य रूप से अपने विचार रखें। कार्यक्रम का संचालन श्रीचन्द्र अवध प्रांत प्रभारी ने किया।

# उत्तर प्रदेश में आगामी हर चुनाव में खिलेगा कमल : रामनिवास यादव

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में हुए विधानसभा के उपचुनाव में एक बार फिर कमल खिला है।भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री एवं पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा रामनिवास यादव ने रविवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि 9 सीटों में से 7 सीटों पर भाजपा गठबंधन की जीत पार्टी संगठन और पीएम मोदी एवं सीएम योगी के कुशल नेतृत्व के चलते ही संभव हुई है।

भाजपा गठबंधन ने मीरापुर, कुंदरकी, गाजियाबाद, खैर, फूलपुर, कटेहरी और मझवां सीटों पर बड़ी जीत दर्ज किया है। रामनिवास यादव ने कहा कि ये कमल खिलने का युग चल रहा है। समाजवादी पार्टी एवं इनके सहयोगी दलों को जनता ने नकार दिया है समाजवादी पार्टी का पीडीए का मतलब परिवार डेवलप अथॉरिटी बन कर रह गया जिसे उत्तर प्रदेश की जनता ने नकार दिया जब उनसे पूछा गया कि अभी तक मैनपुरी की करहल विधानसभा में भाजपा कभी नहीं जीत पाई, तो उन्होंने कहा कि नेताजी मुलायम सिंह यादव का हमारा नेतृत्व भी सम्मान करता है।पार्टी भी सम्मान करती है।हम उनका व्यक्तिगत सम्मान करते हैं। इसलिए उनके खिलाफ आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूपी उपचुनाव से दूर रहे। यदि मोदी जी करहल में एक भी चुनावी सभा कर देते तो निश्चित ही यहां पर भी कमल ही खिल जाता।हम तो लोगों की सेवा करने का अवसर मांगते हैं। निश्चित तौर से 2027 में करहल और सीसामऊ भी हम जीतेंगे। कुंदरकी व कटहरी को समाजवादी पार्टी अपना गढ़ समझती थी। जहां अब कमल के फूल का गढ़ बन गया है। अब सपा मैनपुरी को अपना गढ़ बता रही है। रामनिवास यादव ने कहा कि यूपी में उपचुनाव की ही तरह पंचायत चुनाव से लेकर 2027 के विधानसभा चुनाव में भी सीएम योगी और पीएम मोदी के नेतृत्व में कमल खिलेगा और पंचायत से लेकर विधानसभा तक भाजपा की पूर्ण बहुमत से सरकार हर जगह बनेगी।

### कलेक्ट्रेट के बाहर अवैध चैंबर हटाने का विरोध डीएम ने रोकी कार्रवाई

**लखनऊ।** लखनऊ कलेक्ट्रेट के बाहर फुटपाथ पर बनाए गए वकीलों के अवैध चैंबर को तोड़ने रविवार को पुलिस और प्रशासन की टीम पहुंची। चौंबर तोड़ने की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में वकील मौके पर पहुंचे और हंगामा करने लगे। साथ ही बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को मामले की जानकारी दी। लखनऊ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश प्रसाद तिवारी ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से फोन पर बात की। इसके बाद कार्रवाई को रोक दिया गया और तय किया गया कि वकील खुद चौंबर हटाएंगे। लखनऊ कलेक्ट्रेट के सामने फुटपाथ पर वकीलों के अवैध चौंबरों को तोड़ने का आदेश जिलाधिकारी ने दिया था। प्रशासन ने 23 नवंबर को बुलडोजर लगाकर कार्रवाई शुरू करने की बात कही थी, लेकिन वकीलों के विरोध के चलते यह कार्रवाई 24 नवंबर तक टाल दी गई। प्रशासन का कहना है कि यह कार्रवाई लखनऊ बार और सेंट्रल बार एसोसिएशन की सहमति से हो रही है। लेकिन सेंट्रल बार के कई पदाधिकारियों ने इस दावे को खारिज कर दिया। सेंट्रल बार के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने आरोप लगाया कि जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम में उनका नाम बिना अनुमति के जोड़ा गया।

### पशुधन मंत्री ने अस्थायी गौआश्रय स्थल किशुनपुर व उसराना का किया निरीक्षण



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश के पशुधन एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने आज बख्शी का तालाब स्थित अस्थायी गौआश्रय स्थल किशुनपुर तथा उसराना का स्थलीय निरीक्षण किया। जिसमें किशुनपुर में 178 गौवंश एवं उसराना में 212 गौवंश संरक्षित पाये गये। पशुधन मंत्री ने गौशाला का गहन निरीक्षण करते हुए वहां गोवंश हेतु चारा, भूसा, चिकित्सा, औषधियां, प्रकाश एवं सुरक्षा आदि व्यवस्थायें देखी। गौआश्रय स्थल में संरक्षित गौवंशों को पुआल एवं भूसा के साथ पशु आहार खिलाया जा रहा था। मंत्री जी ने निरीक्षण में गौशालाओं के और अधिक बेहतर प्रबंधन और सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। पशुधन मंत्री ने कुछ गौवंशों का स्वास्थ्य ठीक न दिखने पर गौवंशों को हरा चारा व पशु आहार समुचित मात्रा में खिलाये जाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने पशुओं को ठण्ड से बचाव हेतु त्रिपाल आदि की व्यवस्था तथा ठण्ड में पशुओं को पीने हेतु ताजे पानी की व्यवस्था किये जाने हेतु भी निर्देश दिये।

### मुफ्त जमीन लेने उमड़ी भीड़, पांच हजार लोगों ने जमा किया फॉर्म

**मौलाना जव्वाद बोले, वक्फ की जमीन पर बेघरों का बनेगा आशियाना**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में ठकुरगंज स्थित कर्बला अब्बास बाग में रविवार को हजारों लोग मौलाना कल्बे जव्वाद की घोषणा पर मुफ्त मकान लेने पहुंचे। अब्बास बाग की जमीन पर हो रहे अवैध निर्माण का मौलाना लंबे समय से विरोध कर रहे हैं। मौलाना जव्वाद ने कहा कि लखनऊ में जिन लोगों के पास मकान नहीं है वह 10 रुपए के स्टांप पेपर के साथ आधार कार्ड जमा करें। मौलाना जव्वाद ने कहा कि अब्बास बाग की जमीन का मामला कोर्ट में चल रहा है। उसके बाद भी दबंग बिल्डर लगातार अवैध निर्माण कर रहे हैं। जिला प्रशासन से कई बार लिखित में शिकायत कर चुके हैं, फिर भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही। रविवार को 5 हजार से अधिक की संख्या में शिया समुदाय के बेघर लोग पहुंचे, सभी का फॉर्म जमा किया जा रहा है। अगले 4 दिनों तक फार्म जमा करने की प्रक्रिया चलेगी। उसके 21 दिन बाद जो जरूरतमंद और बेघर लोग हैं उन्हें 300 स्क्वायर फीट का प्लाट दिया जाएगा। मौलाना कल्बे जव्वाद ने कहा कि कर्बला अब्बास बाग के अलावा शहर में जितने भी शिया वक्फबोर्ड की जमीनों पर अवैध कब्जे हैं उसे खाली करवाया जाएगा। शिया समुदाय के गरीब लोगों को वहां मुफ्त बसाया जाएगा। पिछले 2 सालों से अवैध निर्माण की शिकायत कर रहे हैं, मगर कोई सुनवाई नहीं हो रही है। पुलिस से जब शिकायत करो तो हमेशा आश्वासन मिलता है कि निर्माण नहीं हो रहा है। देखते-देखते कई मकानों के निर्माण हो गए। पुलिस के द्वारा लगातार गुमराह किया जा रहा है।

**आयोजन** | **लोकमाता होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति अवध प्रान्त की ओर से समारोह का भव्य आयोजन**

# अगली पीढ़ी को दें लोकमाता अहिल्याबाई के जीवन का संदेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह समिति अवध प्रान्त की ओर से पुण्यश्लोक लोकमाता अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी समारोह का भव्य आयोजन रविवार को सीएमएस गोमतीनगर विस्तार, निकट शहीद पथ में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह सरकार्यवाह आलोक उपस्थित रहे।

उन्होंने लोकमाता अहिल्याबाई होलकर के जीवन से प्रेरणा संदेश देते हुए बताया कि एक कुशल शासिका के रूप में अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए उन्होंने कई ऐसी राजसी परम्पराओं को आरम्भ किया जो आज के समय में भी प्रांसगिक हैं। उन्होंने धर्मरक्षा का कार्य करने के साथ ही जन-जन के हित के लिये अनेक सफल प्रयास किये, जो उनकी दूरदर्शिता को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा, हम सबको इस कार्यक्रम में मिले संदेश को अपने शब्दों में दूसरों तक पहुँचाते हुए अगली पीढ़ी को उनके जीवन से प्रेरणा देनी चाहिये। सह सरकार्यवाह आलोक कुमार जी ने अपने उद्बोधन के प्रारम्भ में भारत माता को प्रणाम करने के साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों से कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई जी के जीवन के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करने पर यह संदेश मिलता है कि पूर्वाग्रहों को त्यागकर सादगी से जीते हुए उन्होंने वह कर दिखाया जो आज के समय में भी प्रासंगिक है। उन्होंने बताया कि आज से तीन सौ बरस पहले पेंशन जैसी कोई व्यवस्था नहीं थी। युद्ध होते थे। बड़ी संख्या में जनहानि होती थी।

ऐसे में कई सैनिक बलिदान हो जाते थे। उनकी विधवाओं को सहारा देने के लिए ही लोकमाता ने अपने मालवा साम्राज्य में साड़ी का उद्योग लगाया। यह उनकी दूरदर्शिता ही थी कि देशभर से साड़ी पर कारीगरी करने वाले विभिन्न कारीगरों को एक स्थान पर लाकर बसाने के साथ ही उन्होंने सबको स्वावलम्बी बनाया। उन्होंने कहा कि लोकमाता अपना सम्पूर्ण समय अपनी जनता की भलाई के लिए ही देती थीं। वह एक साम्राज्ञी होने के बाद भी सादगी से जीते हुए एक छोटे स्थान पर रहती थीं। यही नहीं कृषकों के लिए उन्होंने कई प्रकार की योजनाओं का आरम्भ किया। धर्म का कार्य करने के साथ ही वह किसानों के सामने आने वाली रोजमर्रा की समस्याओं का निदान करती रहती थीं।

एक न्यायप्रिय और दूरदर्शी महारानी होने के साथ ही उनमें समाज के हर वर्ग के लिए असीम प्रेम था। जिस समय पश्चिम सोच भी नहीं सकता था उस समय भारत में अहिल्याबाई, लक्ष्मीबाई और दुर्गावती जैसी महान वीरांगनाएं थीं।अतः आज के समय में यह आवश्यक है कि उनके जीवन से मिलने वाली प्रेरणा को हम अपनी अगली पीढ़ी तक पहुँचाएं।

### बुंदेलखंड भवन के लिए सरकार से भूमि उपलब्ध कराने की मांग

**लखनऊ।** बुन्देलखण्ड सांस्कृतिक एवं सामाजिक सहयोग परिषद, लखनऊ के तत्वाधान में परिषद का 38 वां स्थापना दिवस समारोह रविवार को एप्पिल क्लब एल्डिको ग्रीन कॉलोनी गोमती नगर में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रमक की शुरुआत मुख्य अतिथि विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह, परिषद के अध्यक्ष महेंद्र कुमार तिवारी, परिषद के महासचिव इंजी . कैलाश जैन द्वारा दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इस अवसर पर सभी अथितियों ने बुंदेलखंड से संबंधित विकास की चर्चा की और सरकार से आग्रह किया कि बुंदेलखंड में विकास की गति को तेज करना चाहिए और बुंदेलखंड के विकास में अपना योगदान जारी रखना चाहिए। राजधानी में बुंदेलखंड भवन के लिए सरकार से भूमि उपलब्ध कराने के लिए मांग की।

# चोरों का मसकनवां कस्बे में आतंक
# एक-एक कर घरों को बना रहे निशाना

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़। जिले के छपिया थाना क्षेत्र अन्तर्गत

बताते चलें कि छपिया थाना क्षेत्र अंतर्गत मसकनवा कस्बे के गौराचौकी रोड स्थित काली माता

**विधवा अनुसूचित जाति की महिला के घर में छत के रास्ते घुसे चोरों ने पन्द्रह हजार नगदी सहित बहुमूल्य गहने उड़ाये**

लूट, चोरी व नकबजनी की घटनाओ में लगातार बढ़ोतरी होती जा रही है। अपराधी एक के बाद एक घटनाओं को कुशलतापूर्वक अंजाम देते जा रहे हैं, लेकिन पुलिस के हाथ हर घटनाओं के बाद खाली दिखाई पड़ रहे हैं। इसी क्रम मे बीती रात चोरों ने एक घर को निशाना बनाते हुए छत के जीने के रास्ते घर में घुसकर 15 हजार नगदी सहित बहुमूल्य जेवरात उठा ले गये। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

मंदिर हरिजन में शनिवार की रात में अनुसूचित जाति की महिला ऊषा देवी पत्नी स्वर्गीय दुर्गा प्रसाद के घर में अज्ञात चोर छत के जीने का दरवाजा तोड़ घर में घुसकर कई बक्से का ताला तोड़कर बक्से में रखे पन्द्रह हजार नगदी सहित बहुमूल्य जेवरात उठा ले गये। इतना ही नही घर रखे समस्त सामान को तितर-बितर कर दिया। महिला अपने दस वर्षीय पोती के साथ घर में अकेली रहती है। सुबह जब सोकर उठी तो देखा सभी सामान बिखरे थे। जीने का दरवाजा टूटा हुआ नगदी 15 हजार रूपये बहुमूल्य जेवरात गायब थे। महिला ने डायल 112 पर घटना की सूचना दी। डायल 112 के कर्मियों ने मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की उसके उपरांत चौकी प्रभारी मसकनवा तेज नरायन गुप्ता ने भी मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की है। महिला घरो में सफाई व मसकनवा कस्बे के सेन्ट मैरी विद्यालय में कार्य करती है वही से पन्द्रह हजार रूपए उसे पारिश्रमिक के रूप में मिले थे। पीड़िता महिला के पति व पौत्र -बहु की मौत हो चुकी है और वह अपने पोती के साथ घर मे अकेली रहती है। एक माह के अंतराल मे तीन सौ मीटर के अन्दर मसकनवा कस्बे के गौरा चौकी रोड पर बद्री प्रसाद गुप्ता,संतोष उर्फ संतोखी गुप्ता सहित तीन चोरी की घटना हुई है ।12 नवम्बर को दिन दहाड़े एक बाइक सवार अपनी पत्नी के साथ अपने रिस्तेदारी में आया था बाइक सवार बदमाशो पिपरही के वन पौधशाला के पास कट्टे के बल पर महिला का सोने के गले का हार,सोने का झाला व मोबाइल एक हजार नगदी लूट लिया।जिसका मुकदमा भी दर्ज है लेकिन छपिया पुलिस के हाथ अभी खाली है और कोई सुराग नहीं लगा सकी है।



**छपिया थाना प्रभारी को घटनाओं को बताने से कतराते हैं लोग**

छपिया थाना प्रभारी उपनिरीक्षक कृष्ण गोपाल राय के पास अब पीड़ित जाने से कतराने लगे हैं।घटना चाहे छोटी हो या बड़ी अगर पीड़ित थाने पर पहुंचता है तो थाना प्रभारी के कोपभाजन का शिकार होना तय है। अभी कुछ दिन पहले चोरी की घटना मे मसकनवा कस्बे के बद्री प्रसाद गुप्ता मुकदमा दर्ज कराने गये थे मुकदमा तो किसी तरह दर्ज कर लिया,वहीं एफआईआर कापी देते समय पीड़ित को हड़काते हुए कहा की ले जाकर मिढ़ाकर इसे दुकान के सामने टांग देना तुम्हारा सामान वापस आ जायेगा। बता दें कि आज तक चोरी का खुलासा नही हो पाया है और थाना प्रभारी के इस अभद्र पूर्ण व्यवहार से पीड़ित थाना जाने से कतराने लगे हैं।

# डीएम के सख्त निर्देश : गो-आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव की पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करें

गोंडा, समृद्धि न्यूज़।

कड़ाके की ठंड के मद्देनज़र गोंडा जिले की जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने गौ-आश्रय स्थलों और कान्हा गौशालाओं में ठंड से बचाव के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन निर्देशों का पालन न करने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि सभी गौ-आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए। इसके साथ ही पशुओं के लिए भूसे, तिरपाल, बोरी आदि से बिछावन तैयार करने और उन्हें ठंड से बचाने के लिए गर्म वातावरण उपलब्ध कराने को कहा गया है। पशुओं के

- सभी गो-आश्रय स्थलों पर ठंड से बचाव के लिए अलाव जलाने की व्यवस्था अनिवार्य
- पशुओं के लिए हरा चारा, गुड़ व पौष्टिक आहार की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करें

खानपान पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने हरा चारा, गुड़ और पौष्टिक आहार की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने रात के समय गौ-आश्रय स्थलों की सुरक्षा को लेकर चौकीदार की तैनाती को भी अनिवार्य बताया।


जिलाधिकारी ने स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि गौ-आश्रय स्थलों और उनके आसपास साफ-सफाई का ध्यान रखा जाए और खुले में कचरा न फेंका जाए।

सभी संबंधित अधिकारियों को आदेश दिया गया है कि इन निर्देशों का पालन सख्ती से सुनिश्चित किया जाए और व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि 28 नवंबर 2024 तक सभी व्यवस्थाओं की रिपोर्ट जिला प्रशासन को सौंपनी होगी।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कहा कि ठंड के मौसम में पशुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की चूक पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## खबरें एक नजर में

### विद्युत बिल की वसूली करने गए कर्मचारियों की पिटाई, पुलिस को दी गई तहरीर



कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज। विद्युत बिल क़ी वसूली करने गये संविदा कर्मचारियों क़ो एक फर्म के लोगों ने गाली देकर अभद्रता करते हुए पिटाई कर दी। पीड़ित कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से कोतवाली में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है। विद्युत उपकेंद्र कर्नलगंज में तैनात संविदा कर्मचारी बाबादीन, शैलेन्द्र सिंह, अभिषेक कुमार द्विवेदी, परमेश्वर व टेक्नीशियन सर्वेश कुमार ने संयुक्त रूप से पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि शनिवार क़ो कर्मचारियों क़ी टीम बकाया विद्युत बिल क़ी वसूली कर रही थी। मोहल्ला सोनादासी पुरवा नगर कर्नलगंज निवासी एक व्यक्ति द्वारा फर्म का संचालन किया जा रहा है। जिसके पास कर्मचारियों क़ी टीम पहुंची और बकाया विद्युत बिल क़ी धनराशि जमा करने क़ो कहने लगी। जिस पर फर्म संचालक जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके गाली देकर अभद्रता करते हुए मारपीट करने लगे। कर्मचारियों ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई किये जाने क़ी मांग क़ी है। इस संबंध में कर्नलगंज कस्बे के चौकी प्रभारी सोम प्रताप सिंह ने बताया की तहरीर मिली है,जांच क़ी जा रही है।

### आयुक्त ने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का किया निरीक्षण

- आयुक्त ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान का किया औचक निरीक्षण
- सभी पात्र व्यक्तियों का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जाए
- मतदाता सूची में नाम छूटा तो होगी कार्रवाई : आयुक्त

देवीपाटन मण्डल गोण्डा, समृद्धि न्यूज। आयुक्त देवीपाटन मण्डल शशि भूषण लाल सुशील ने शनिवार को चलाये गये विशेष मतदाता संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत जनपद बलरामपुर और बहराइच के विभिन्न पोलिंग बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एम पी पी इण्टर कालेज, उच्च प्राथमिक विद्यालय विशेश्वरगंज, आदर्श विद्यालय इण्टर कालेज, बालक विद्यालय, कम्पोजिट विद्यालय श्रावस्ती, सुहेलवा, कंछर सहित स्थापित दर्जनों बूथों का जायजा लिया। मंडलायुक्त ने बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) से विगत दिनों के प्राप्त आवेदन की संख्या के बारे में जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि बीएलओ को डोर टू डोर अभियान चलाकर उन सभी पात्र व्यक्तियों को मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करना चाहिए, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति मतदाता सूची से वंचित न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि सभी बीएलओ को अपने पास पर्याप्त संख्या में आवेदन फार्म रखने चाहिए और मतदाता सूची में नाम जोड़ने की सही प्रक्रिया का पालन करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान, मंडलायुक्त ने बूथों/कक्षों में जाकर वहां की न्यूनतम सुविधाओं का भी अवलोकन किया और छोटी-मोटी कमियों को शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।

### फोर्स के साथ सड़क पर निकले एसपी, लोगों को कराया सुरक्षा का एहसास

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। जिले में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने और जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाने के लिए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने आज देर शाम संवेदनशील और अति संवेदनशील इलाकों में पैदल मार्च किया। उनके साथ अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज कुमार रावत, क्षेत्राधिकारी सदर सौरभ वर्मा और हजारों पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पैदल मार्च के दौरान एसपी विनीत जायसवाल ने इलाके के लोगों से संवाद स्थापित किया और उन्हें यह भरोसा दिलाया कि पुलिस उनकी सुरक्षा के लिए पूरी तरह तैयार है। साथ ही, उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे किसी भी प्रकार की अफ़वाह पर ध्यान न दें और सोशल मीडिया पर झूठी जानकारी फैलाने से बचें। उन्होंने चेतावनी दी कि अफ़वाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने बताया कि गोंडा पुलिस सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर रख रही है। उन्होंने कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने बाजार में मौजूद राहगीरों और व्यापारियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं और किसी भी परेशानी की स्थिति में पुलिस को तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए।

### एसडीएम ने बिना प्रपत्र के अवैध बालू भरे ओवरलोड ट्रक को पकड़ कर किया सीज



कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज। रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण के दौरान एसडीएम सुशील कुमार सिंह के द्वारा खनन क्षेत्र कालपी तहसील क्षेत्र की सड़कों में चेकिंग की गई। इस दौरान अवैध खनन के ओवरलोड भरे एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई है। प्रशासन की इस कार्यवाही से खलबली मच गयी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती शाम को एसडीएम ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर रहे थे। तभी जोल्हूपुर मोड़-कदौरा मार्ग में सुजानपुर गांव की सड़क में उप जिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह की टीम के द्वारा अवैध खनन तथा ओवरलोड के खिलाफचेकिंग की गई। इस दौरान बिना खनिज प्रपत्रों के ओवरलोड मौरम लादे एक ट्रक को पकड़ कर सीज करने की कार्यवाही की गई। एसडीएम ने पकड़े गये वाहनों को संबंधित थाना पुलिस की अभिरक्षा में सीज कर खड़ा करा दिया गया। चेकिंग अभियान की खबर मिलते ही वाहन चालकों में खलबली मच गयी। उप जिलाधिकारी ने कहा कि आगामी दिनों में भी लगातार चेकिंग अभियान चलाया जाएगा।

# अविनाश ने किया शोध क्षेत्र में बहराइच जिले का नाम रोशन

गोंडा, समृद्धि न्यूज।



देवीपाटन मंडल में बहराइच जिले के पयागपुर ग्राम कलुई निवासी भौतिक विज्ञान के शोध छात्र अविनाश शुक्ल ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ में Development of metal o&ide nanoparticles doped with magnese o&ide for industrial waste water treatment विषय पर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, उत्तर प्रदेश से डा0 अनिल यादव, ऐसोसिएट प्रोफेसर भौतिक विज्ञान विभाग बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के निर्देशन में परियोजना प्राप्त कर विश्व भर में फैली पानी की समस्या, फैक्ट्रियो से दूषित जल का संरक्षण कर कैसे साफ कर मानव जीवन में प्रयोग के योग्य बनाया जाय व जन जीवन को जल संकट से बचाने मे कैसे मदद की जाय इस पर कार्य कर सरकार व पर्यावरण के मंशा को धार देंगे अविनाश, आपको बता दें कि अविनाश एक बेहद ही सामान्य परिवार से आते हैं, इनके पिता एक बहुत ही सामान्य किसान हैं, अपने पिता से प्रेरणा लेकर विज्ञान के क्षेत्र मे आगे बढ़कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ से परास्नातक भौतिक की शिक्षा प्राप्त कर इन्होने इथेनाल सेंसिग पर रसियन साइंटिस्ट के साथ सोध पत्र भी प्रकाशित किया है, अब जल संरक्षण के लिए कार्य करेंगे अविनाश। जिसको लेकर अविनाश ने बहराइच जिले के साथ साथ पूरे देवी पाटन मंडल का नाम रोशन किया है।

# ताबदले के बाद भी संभागीय परिवहन कार्यालय में सालों से जमे हैं 'त्रिमूर्ति'

नरेंद्र लाल गुप्ता



- लगभग 15 वर्षों से अंगद की तरह पैर जमाये बैठे हैं सभाजीत त्रिपाठी इनके अलावा दो और बाबू लवकुश सिंह एवं मनोज मिश्रा का भी कार्यकाल हो चुका 5 वर्षों का पूरा

गोंडा। आज हम आपको जो कहानी बताने जा रहे हैं वह है गोंडा के संभागीय परिवहन कार्यालय की जहां पर शासन की तबादला नीति जाकर फेल हो जाती है क्योंकि यहां पर लेखाकार के रूप में जो बाबू है उनका नाम है सभाजीत त्रिपाठी वे है तो लेखाकार किंतु काम देखते हैं लाइसेंस का और नवीनीकरण का या यूं कहले की सभाजीत त्रिपाठी नाम है हर ताले की चाबी का जहां सब लोग फेल हो जाते हैं वहां सभाजीत त्रिपाठी पास हो जाते हैं अब बात इनके तैनाती की है सन 2008/ 9 में इन्होंने गोंडा संभागीय कार्यालय में अपने अंगद जैसे पैर को रखा आज लगभग 15 वर्ष हो चुके हैं कई बार इनका तबादला हुआ किंतु गोंडा कार्यालय की कुर्सी से कभी दूसरे कार्यालय में नहीं गए आज हम आपको बताते हैं कि जून 2024 में इनका तबादला बलरामपुर हो चुका है किंतु आज भी यह गोंडा कार्यालय में ही जमे हुए अब कारण क्या है अधिकारी इनको रिलीव नहीं कर रहे हैं या कोई और बात है ऐसा माना जाता है कि यदि सभाजीत त्रिपाठी गोंडा कार्यालय से चले जाएंगे तो गोंडा संभागीय परिवहन कार्यालय में ताला बंद हो जाएगा जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है अब बारी आती है बाबू मनोज मिश्रा की इनके पास चारों जिले का परमिट का चार्ज है इनका भी तबादला गोंडा संभागीय परिवहन कार्यालय से जून 2024 को बहराइच के लिए हो चुका है इसके बावजूद निरंतर लगभग 5 वर्षों से गोंडा संभागीय कार्यालय में ही जमे हुए हैं कौन सा मोह है यह पता नहीं है अब बारी आती है विगत 5 वर्षों से जमे हुए ड्राइविंग लाइसेंस बाबू की लवकुश सिंह की इनका भी कार्यकाल लगभग 5 वर्षों का पूरा हो चुका है किंतु यह भी संभागीय परिवहन कार्यालय गोंडा में लाइसेंस का पूरा कार्य देखते हैं बात यहां 15 साल या 5 साल की नहीं है जब शासन की तबादला नीति साफ-साफ यह कहती है की 3 वर्षों तक कोई भी व्यक्ति एक जगह अपनी सेवा दे सकता है उसके बाद उसका तबादला सुनिश्चित होना चाहिए किंतु यहां बिल्कुल स्थिति भिन्न है जैसे कोई 15 वर्षों से जमा हुआ है तबादला होने के बाद भी जिला नहीं छोड़ रहा है कोई 5 वर्षों से जमा हुआ है तबादला हो गया फिर भी उसको गोंडा का मोह नहीं छूट रहा है आखिर ऐसा क्या है परमिट सैक्शन में की मनोज मिश्रा का तबादला जून 2024 में हो गया है बहराइच के लिए फिर भी गोंडा में ही जमे हुए अब अधिकारी इन लोगों को रिलीव नहीं कर रहे हैं या कोई और वजह है यह तो प्रशासन ही जाने।



इस संबंध में जब जिलाधिकारी महोदया गोंडा से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि हमने आरटीओ को कहा है कि विधि संवत कार्य करें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने सुनी 'मन की बात'




- पीएम के विभिन्न विषयों पर उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन किया प्राप्त

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात के 116 में संस्करण को जनपद के 2698 बूथों में से 2193 बूथों पर जनप्रतिनिधियों, जिला पदाधिकारी एवं मंडल के पदाधिकारी द्वारा अपने-अपने निर्धारित बूथों पर सुना गया । भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडे द्वारा कैसरगंज के बूथ संख्या 203 पर स्थानीय जनता व कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात को सुना एवं विभिन्न विषयों पर उनका बहुमूल्य मार्गदर्शन प्राप्त किया। इस अवसर पर पूर्व प्रत्याशी भाजपा गौरव वर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुवेद वर्मा, मंडल अध्यक्ष शिव सहाय सिंह, गजेंद्र सिंह, शिवानंद सहित तमाम कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नवोदय विद्यालय में छात्र को मारपीट कर किया घायल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



- सीडब्ल्यूसी ने जताई नाराजगी
- सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष ने केस दर्ज करने के दिए निर्देश, साथ ही देहात कोतवाल पर कार्रवाई की संस्तुति

नवोदय विद्यालय में सीनियर छात्रों को मैस से खाना लाने के फरमान से मनाही पर बुधवार रात एक बजे सीनियर छात्रों ने दरवाजा तोड़ छात्र पर ताबड़तोड़ हमले कर घायल कर दिया। प्राचार्य ने इसकी जानकारी अभिभावक को अगले दिन सुबह को दी। इलाज भी नही कराया। शाम को छात्र को पिता के साथ जाने की अनुमति मिली। वह बेटे को कोतवाली ले गए। कोतवाल ने इसकी शिकायत सीडब्ल्यूसी में करने को कहा। एफआईआर दर्ज नही हुई, न ही छात्र का मेडिकल कराया गया है।

हरदी थाना क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया शुक्ल निवासी 15 वर्षीय पुलकित मिश्रा पुत्र रवि शंकर मिश्रा कीर्तनपुर स्थित नवोदय विद्यालय में कक्षा आठ मे पढ़ रहा है। पुलकित के पिता ने शिकायती पत्र देकर कहा है कि बुधवार को रात 7:30 बजे दो सीनियर छात्रों ने पुलकित से उन्हे मैस से भोजन लाने का फरमान सुनाया। पुलकित ने मना कर दिया। जिस पर बुधवार रात में लगभग एक बजे बीस छात्रों ने कमरे का दरवाजा लोहे की राड से तोड़ अंदर घुसे। पुलकित की जमकर पिटाई की। जिसके चलते वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने रात में ही प्राचार्य वाईसी द्विवेदी से इसकी शिकायत की। वह उसे अपने दफ्तर में रात भर बिठाए रखा।

20 नवम्बर सुबह छह बजे पुलकित के पिता को जानकारी दी।21 नवम्बर को कोतवाल ने उन्हे सीडब्ल्यूसी जाने को कहा। सीडब्ल्यूसी ने कोतवाल को चिठ्ठी लिख पूंछा कि इस प्रकरण में क्या कार्यवाई हुई। पीड़ित पिता फिर कोतवाली से गया तो कोतवाल ने कहा कि सीडब्ल्यूसी ने एफआईआर को नही लिखा है। इस पर सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष सतीश श्रीवास्तव ने केस दर्ज करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही देहात कोतवाल पर कार्यवाही की संस्तुति की है।

### हाइवे पर चार पहिया वाहन में लगी आग



बहराइच, समृद्धि न्यूज। नानपारा लखीमपुर मार्ग पर गिरगिट्टी गांव के निकट रविवार दोपहर दो बजे चार पहिया वाहन में आग लग गई। कुछ ही देर में वाहन पूरी तरह जलकर राख हो गया। वाहन जलने के कारण जाम भी लग गई।लखीमपुर खीरी जिले के पलिया से एक परिवार के लोग कार से रविवार को नेपाल जा रहे थे। कार सवार जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में नानपारा लखीमपुर मार्ग पर ग्राम पंचायत गिरगिट्टी लोधनपुरवा के पास कार में अचानक आग उठी। चालक ने सूझबूझ दिखाकर वाहन को साइड में किया। इसके बाद सभी वाहन से नीचे कूद गए। कुछ ही देर में कार राख के ढेर में तब्दील हो गई है। सूचना पाकर चौकी जालिमनगर की पुलिस मौके पर पहुंची। कार सवारों का बयान दर्ज किया। मार्ग पर लगे जाम को पुलिस ने हटवाया। वाहन देखने के लिए लोगों की काफी भीड़ लगी रही।

# सेवानिवृत्त माली की सड़क हादसे में मौत, दो अन्य घायल

- अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुआ हादसा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ मार्ग से दवा लेकर घर जा रहे सेवानिवृत्त माली की हादसे में मौत हो गई। वहीं हरदी और रूपईडीहा थाना क्षेत्र में महिला समेत दो अन्य घायल हुए हैं। जिन्हें सीएचसी से जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। राम गांव थाना क्षेत्र के जब्दी गांव निवासी रिक्खीराम (75) डीएम कार्यालय के माली थे। वह वर्ष 2008 में सेवानिवृत्त हो चुके हैं।उनका इलाज शहर के गोलवाघाट स्थित एक डॉक्टर के यहां से चल रहा था। 14 नवंबर को वह दवा लेने के बाद वापस जाने लगे। तभी हादसे में घायल हो गए थे। लखनऊ में इलाज के दौरान शनिवार रात को मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रूपईडीहा थाना क्षेत्र के जैतापुर गांव निवासी अनारा देवी पत्नी अशर्फी बाबागंज अस्पताल में भर्ती घायल को देखने के पैदल शनिवार को आ रही थी। जैतापुर मोड़ के पास महिला को किसी वाहन ने ठोकर मार दी। महिला को सीएचसी पहुंचाया गया है। यहां हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज बहराइच रेफर कर दिया गया है। वहीं हरदी थाना क्षेत्र के कुंदनपुरवा उदवापुर निवासी साइकिल सवार रमेश पुत्र केदारनाथ को बाइक ने टक्कर मार दी।

### संविदा लाइन मैन की करंट लगने से मौत

बहराइच, समृद्धि न्यूज। जिले के वजीरपुर गांव में रात को लाइन सही करते समय संविदा बिजली कर्मचारी की करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बलरामपुर जिले के उतरौला थाना क्षेत्र के बकवा गांव निवासी प्रियांशु सिंह पुत्र भीम सिंह जिले में बिजली विभाग में संविदा लाइन मैन के पद पर तैनात थे। संविदा कर्मचारी दरगाह थाना क्षेत्र के परसौरा गांव के प्रधान प्रतिनिधि राकेश वर्मा के यहां किराए के मकान में रहते थे। शनिवार रात को क्षेत्र में लाइन फाल्ट होने की सूचना आई। जिस पर संविदा लाइन मैन अपने साथी के साथ वजीरपुर गांव में लाइन सही करने गए। रात नौ बजे फाल्ट सही करते समय करंट लगने से संविदा कर्मचारी की मौत हो गई। सूचना पर दरगाह थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेज दिया है। मालूम हो कि मृतक के बाबा रिसिया में बिजली कर्मचारी रह चुके हैं। संविदा कर्मचारी के पिता और भाई की पहले ही मौत हो चुकी है। अब बहन ही बची है।

# पार्टी के जीत की खुशी में भाजपाइयों ने जमकर दागे पटाखे, मिठाइयां बांटी

- महाराष्ट्र और प्रदेश में उपचुनाव में जीत से भाजपाई गदगद

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



महाराष्ट्र में एनडीए गठबंधन को पूर्ण बहुमत मिलने और प्रदेश उप चुनाव में जीत दर्ज करने पर भाजपा में खुशी है। सभी ने देर रात तक आतिशबाजी कर जीत की खुशी मनाई।रिसिया रेलवे स्टेशन चौराहे पर एनडीए गठबंधन की जीत की खुशी में भाजपा के कार्यकर्ताओं ने जमकर पटाखे दागे और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाकर एक दूसरे को बधाईयां दी है। महाराष्ट्र विधान सभा चुनाव में एन डी ए गठबंधन की प्रचंड बहुमत आने और यूपी उपचुनाव में बीजेपी का अच्छा प्रदर्शन करने पर रिसिया के रेलवे स्टेशन चौराहे पर शाम सात बजे जमकर खुशियां मनाई गई, पटाखे दागे गए और एक दूसरे को मिठाईयां खिलाई गई। ब्लॉक प्रमुख संजय जायसवाल ने कहा कि जनता ने भाजपा को पूर्ण बहुमत से जिताकर पीएम और सीएम को आशीर्वाद दिया है। इस अवसर पर हेमंत वर्मा मंडल अध्यक्ष, महेश अग्रवाल,कृष्ण कुमार अग्रहरी, अरविंद गुप्ता महामंत्री, हलीम अहमद मंडल अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा, जिला जीत तिवारी मंडल मंत्री, प्रभात गुप्ता युवा मोर्चा सहित शामिल रहे।

# नासिर मेंहदी क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ

- मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से परिचय कर शुरू किया खेल

बहराइच, समृद्धि न्यूज।



ब्लॉक मुख्यालय स्थित राम प्यारे शिव शंकर इंटर कॉलेज के मैदान में जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित नासिर मेहंदी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन पर चल रहा है। शनिवार के दिन अजंता क्रिकेट क्लब और पायनियर क्रिकेट क्लब नानपारा के बीच खेला गया।टॉस जीतकर पायनियर क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। बल्लेबाजी करने उतरी पायनियर क्रिकेट क्लब ने 25 ओवरों में दस विकेट पर 125 बनाई जिसने अनस ने सर्वाधिक 38 व अंकित पांडेय ने 32 रनों का योगदान दिया अजंता क्रिकेट क्लब की ओर से सूरज ने चार और त्रिपुरेश ने दो विकेट लिया वहीं जवाब में उतरी अजंता क्रिकेट क्लब ने 18.1 ओवरों में 3 विकेट लक्ष्य हासिल कर लिया टीम की ओर से शाद ने सर्वाधिक 31 व ध्रुव ने 30 रनों का योगदान दिया पायनियर क्रिकेट क्लब की ओर से अंकित,गौरव आर्या, रेहान ने एक एक विकेट लिए। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए सूरज सिंह को मन ऑफ द मैच दिया गया ।निर्णायक की भूमिका में अकील व कैराती रहे। मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव इशरत महमूद खान, सुधीर मिश्रा, आयुष चित्रांश, राहुल बाजपेई ,देवेंद्र शुक्ला, मज़ाज़ अहमद और तमाम क्रिकेट समर्थक मौजूद रहे।

### चार दिवसीय वार्षिकोत्सव 28 से

**28 नवंबर से एक दिसंबर तक चलेगा कार्यक्रम**

बहराइच समृद्धि न्यूज़ आर्य समाज की ओर से शहर के घंटाघर मैदान में 125वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। आर्य समाज के रामेंद्र देव सिंह ने बताया कि वार्षिकोत्सव में दिल्ली की ब्रह्मचारिणी दीप्ति आर्या, बिजनौर के पंडित नरेश दत्त, गीता आर्या, ओमकार नाथ शास्त्री और पंडित विजय प्रकाश त्रिपाठी की ओर से आर्य समाज के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम 28 नवंबर से एक दिसंबर तक चलेगा।

# निर्धन बेटियों को लगेगी मेंहदी, उठेगी डोली, बजेगी शहनाई

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

- 27, 28, 29 व 30 नवंबर को विवाह कराया जाएगा सम्पन्न : रमाशंकर



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से गरीब परिवार की बेटियों की शुभ मुहूर्त पर डोली उठेगी। शहनाई के साथ सामूहिक शादी में शामिल होने वाली बेटियों को कार्यक्रम स्थल से विदा किया जायेगा। समाज कल्याण विभाग शादी करने वाले बेटियों के खाते में 35-35 हजार रुपये भेजेगा। विकास खण्डों व नगर निकायों से पात्र बेटियों के आवेदन लिये जायेंगे।


जिला समाज कल्याण अधिकारी, रमाशंकर ने बताया कि शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु 1476 कन्याओं का विवाह कराये जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गय है। श्री शंकर ने बताया कि माह नवम्बर के शुभ मुहूर्त तिथियों 27, 28, 29 व 30 को विवाह सम्पन्न कराया जाना प्रस्तावित है। विकास खण्डवार/नगर निकायों को लक्ष्य का आवंटन किया जा चुका है।


पोर्टल पर प्राप्त ऑनलाइन आवेदन-पत्रों का सत्यापन सहायक विकास अधिकारी/ पर्यवेक्षकों (स.क.) द्वारा कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु पात्र इच्छुक व्यक्ति सम्बन्धित पोर्टल सीएमएसवीवाई डाट यूपीएसडीसी डाट जीओवी डाट इन पर आवेदन कर सकते हैं। योजना अन्तर्गत पात्रता की जानकारी देते हुए जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि विवाह के समय लड़की की आयु 18 वर्ष व लड़के की आयु 21 वर्ष पूरी होनी चाहिए। निराश्रित कन्या, विधवा महिला की पुत्री, दिव्यांगजन अभिभावक की पुत्री व दिव्यांग और विधवा को अनुदान में प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के ऐसे परिवार जिनकी वार्षिक आय वार्षिक रू. 02 लाख तक है योजना हेतु पात्र होंगे। वर्ष 2024-25 अन्तर्गत प्रथम चरण में 250 कन्याओं का की शादी कराये जाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में 35 हजार रुपये लड़की के बैंक खाते में, रुपये 10 हजार की वैवाहिक सामग्री एवं रुपये 06 हजार विवाह व्यवस्था में व्यय किये जाते हैं। आवेदन करते समय आधार कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र, आय प्रमाण-पत्र, आवेदक का पहचान-पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता, पासपोर्ट साइज फोटो, दोनों पक्षों के परिवार रजिस्टर की नकल एवं मोबाइल नम्बर की आवश्यकता होगी।

# सावधान! साइबर ठगों ने गूगल पर बिछाया जाल

- गूगल पर सर्च करते समय नकली कस्टमर केयर नंबरों से रहें सावधान
- गूगल से सावधानीपूर्वक उठाएं टोल फ्री नंबर, नहीं तो हो सकते हैं ठगी का शिकार, साइबर पुलिस कर रही जागरूक

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**






गूगल पर सर्च कर आजकल लोग किसी भी विषय के संबंध में जानकारी हासिल कर लेते हैं। परंतु साइबर ठगों ने गूगल पर भी अपना जाल बिछा दिया है। बैंक, किसी कंपनी या विभाग के टोल फ्री नंबर के नाम से उन्होंने अपने नंबर अपलोड कर दिए हैं। कई बार गूगल सर्च करते समय लोगों के हाथ यह टोल फ्री नंबर लग जाते हैं। उन पर बात करने से वह साइबर ठगों का शिकार बन सकते हैं। जिले में कोई लोग इनका शिकार हो चुके हैं। उनके खातों से रुपये निकाल लिए गए हैं। हालांकि साइबर सेल द्वारा पीड़ितों के रुपये खातों में वापस करा दिए गए हैं, लेकिन उपभोक्ताओं को चाहिए कि वह इन मामलों में सावधानी बरतें। गूगल से टोल फ्री नंबर लें, लेकिन काल करने से पहले उसकी जांच जरूर कर लें। क्योंकि गूगल पर अधिकांश टोल फ्री नंबर से पहले अंग्रेजी में 'एड' यानि विज्ञापन लिखे आशान आते हैं। उन्हें देख कर समझ लेना चाहिए कि यह सही नंबर नहीं हैं। लिहाजा उन पर भूल कर भी काल न करें।

**रायबरेली साइबर सेल सोशल मीडिया के माध्यम से कर रही जागरूक:** इंटरनेट पर साइबर अपराधियों ने अपना जाल फैला रखा है। विभिन्न कंपनियों के नाम और डिजाइन जैसी वेबसाइट बना रखी है। इनमें अपने मोबाइल नंबर दिए हुए हैं। असली की पहचान नहीं होने की वजह से लोग वेबसाइट पर विश्वास करने लगते हैं। इसके बाद दिए नंबर कॉल करते हैं। अपराधी खाते की जानकारी लेकर रकम निकाल लेते हैं। इसलिए इंटरनेट पर हेल्प लाइन और कस्टर केयर नंबर खोजने से बचें। इसके साथ ही गूगल पर कस्टमर केयर नंबर खोजते समय भी सावधानी बरतनी चाहिए। अगर, कॉल कर रहे हैं तो इस बात का ख्याल रखें कि किसी तरह खाते की जानकारी नहीं दें। मोबाइल एप भी डाउनलोड नहीं करना चाहिए। कई बार साइबर अपराधी मोबाइल स्क्रीन शेयरिंग और एक्सिस करने के एप डाउनलोड करवाकर भी मोबाइल हैक कर लेते हैं। इसके बाद खाते से रकम निकाल लेते हैं।

**साइबर ठगी होने पर यहां करें शिकायत:** साइबर ठगी होने पर तत्काल शासन के साइबर सेल के टोल फ्री नंबर 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। अब से पहले 155260 टोल फ्री नंबर भी संचालित था। जिसे बदल कर अब 1930 कर दिया गया है। साथ ही स्थानीय साइबर सेल में भी शिकायत करें।



> अपर पुलिस अधीक्षक का कहना है कि जैसे-जैसे लोग डिजिटल हो रहे हैं वैसे-वैसे साइबर अपराधी अपराध करने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं। साइबर ठग आपके पास काल करके आपको अपनी बातों में फंसाकर आपकी निजी जानकारी हासिल कर लेते हैं। इस प्रकार आप धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। पुलिस की ओर से आमजन से अपील की गई है, कि वे अपनी निजी जानकारी किसी भी अंजान व्यक्ति से साझा न करें। अगर आपके मोबाइल पर कोई अनजान काल या संदेश आता है या फिर किसी प्रकार का कोई लिंक आपके पास भेजा जाता है, तो आप उसको ओपन न करें। किसी भी वेरिफिकेशन कोड को किसी अन्य व्यक्ति के साथ साझा ना करें। अपना बैंक अकाउंट नंबर, पासवर्ड आदि किसी को न बताएं। ठगी का शिकार होने पर 1930 नंबर पर तुरंत काल करें।
> -संजीव कुमार सिन्हा (अपर पुलिस अधीक्षक रायबरेली)


## सनातन धर्मपीठ डलमऊ ने हनुमान चालीसा की प्रतियों का किया वितरण

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



सनातन धर्म पीठ बड़ा मठ डलमऊ के पीठाधीश्वर स्वामी देवेंद्र आनंद गिरि महाराज के दिशा निर्देशन में हनुमान चालीसा की प्रशन का वितरण कार्यक्रम रविवार को आरंभ किया गया हनुमान चालीसा का वितरण हर सनातनी हिंदू घरों में किया जाएगा और सभी को प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करने के लिए प्रेरित किया जाएगा हनुमान चालीसा वितरण कार्यक्रम की जिम्मेदारी बड़ा मठ डलमऊ उत्तराधिकारी स्वामी दिव्यानंद जी महाराज स्वामी राम चैतन्य एवं जिला धर्माचार्य प्रमुख आचार्य सुशील शास्त्री के संयुक्त प्रयास से किया जाएगा स्वामी दिव्यानंद जी ने बताया कि हनुमान जी कलयुग मे सबसे शक्तिशाली और शीघ्र परिणाम दिलाने वाले देव हैं जो इंसान सच्चे मन और श्रद्धा भाव से भगवान बजरंगबली की स्तुति एवं उपासना करता है उसका कभी भी अहित नहीं हो सकता है स्वामी रामचैतन्य जी ने कहा हनुमान जी के बिना राम को प्राप्त करना संभव नहीं है सुशील शास्त्री ने बताया कि प्रयागराज महाकुंभ 2024 के शाही स्नान से पहले लगभग 11000 हनुमान चालीसा की प्रतियों का वितरण करने का लक्ष्य है इस कार्यक्रम में गंगा मेमोरियल कॉलेज बाराबंकी के प्रबंधक चंद किशोर वर्मा, विवेकानंद रायबरेली और डलमऊ के संभ्रांत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में




### एनसीसी कैडेट्स ने निकाली रैली, देशभक्ति का जगाया जज्बा

**सलोन, रायबरेली।** सलोन नगर के सर्वोदय विद्यापीठ इंटर कॉलेज में रविवार को एनसीसी दिवस और मानवाधिकार दिवस मनाया गया। इस मौके पर एनसीसी कैडेट्स ने तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित किए। सबसे पहले एनसीसी कैडेट्स ने नगर में मानवाधिकारियों को बताते हुए रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया। उसके बाद विद्यालय परिसर में राष्ट्रीय भावनाओं से ओत प्रोत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम हुए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य और एनसीसी के कैप्टन अमित कुमार भारती ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं अर्चिता, अंजलि, अल्पना, निधि, आकांक्षा ने सरस्वती वंदना की। कैडेट देव दत्त ने गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद सभी एनसीसी बालक बालिकाओं ने कैडेट सुमित के नेतृत्व में ड्रिल प्रदर्शन में कौशल का प्रदर्शन किया। छात्रा सानिया ने जिसकी निगाहें करती हैं तेरे कदमों पर सजदा, जलवा तेरा जलवा गाने पर डांस किया। छात्रा सलोनी गौतम ने घर की जान होती है बेटियां , पिता का गुमान होती है बटियां गीत सनाया। राष्ट्रभक्ति से प्रेरित गीत संदेशे आते हैं हमें तड़पाते हैं, की चिट्ठी आती है हमें पूछ जाती है कि घर कब आओगे लिखो कब आओगे पर छात्रा चंदन ने डांस किया। छात्रा रितिका ने देश रंगीला रंगीला देश मेरा रंगीला गीत पर डांस किया। छात्रा अर्चिता ने तिरंगे की शान में गीत प्रस्तुत किया। वीर जवानों की शान में छात्रा स्वाति जायसवाल ने गीत प्रस्तुत किया। छात्रा अंजलि, सोनाली और सोनिका ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। प्रधानाचार्य कैप्टन अमित कुमार भारती ने बच्चों को संबोधित करते हुए बताया कि एनसीसी की स्थापना देश में बच्चों को फौज की ट्रेनिंग देने के उद्देश्य की गई थी ताकि जब कभी देश में विषम परिस्थितियों आए तो तुरंत एक नई सेना तैयार हो सके। कार्यक्रम का संचालन कैडेट ऋषभ सोनी और शगुन ने किया।

### 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवक-युवतियों को वोटर बनाने का चलाया गया अभियान



**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान 2025 का अभियान चलाया जा रहा 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवक युवतियों को वोटर बनाने का अभियान चलाया गया जिसमें कई बूथों पर लोगों ने बूथ पर जाकर नया वोटर कार्ड बनवाने हेतु फार्म 6 व मतदाता सूची में यदि नाम गलत है तो सुधार करवाने हेतु फार्म 8 भरने के लिए फॉर्म भरा जिसमें जनपद बलरामपुर में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान मे डीएवी इंटर कॉलेज बलरामपुर में बूथ लेवल अधिकारी रवीन्द्र कुमार गुप्ता, अजय कसेरा, अब्दुल वहीद अनीता श्रीवास्तव, नूरजहां, रन्जू देवी, पूनम सिंह, बृज किशोर शर्मा व भगवती आदर्श विद्यालय इंटर कॉलेज भगवतीगंज के बीएलओ इन्द्रा साहू, कमला गुप्ता, सुमन मिश्रा कलावती व प्राथमिक विद्यालय भगवतीगंज में विष्णु कुमार कांन्ति देवी, मीना देवी, कंपोजिट विद्यालय पूरबटोला कटार सिंह स्कूल में अजय कुमार पांडेय, सारिका त्रिपाठी, एमपीपी इंटर कॉलेज बलरामपुर मे बूथ लेवल अधिकारी अशोक कुमार शुक्ला विजय कुमार, सरोज सोनी माधुरी तिवारी, मोहम्मद इरफान, मनोज कुमार मिश्रा, राजेश कुमार पांडेय तीरथ राम, रोहित देव, सोनी अलीमुननिशा, सुमन बाल्मीकि अनीता, वंदना सिंह, नीलम, सावन कुमार एमएलके पीजी कॉलेज बलरामपुर मे राज कुमार, अनुपमा पांडेय, कुन्तेश कुमारी शुक्ल, रीता मिश्रा, अखिलेश त्रिपाठी, अम्बरलता त्रिपाठी, मंजू यादव देवी प्रसाद पांडेय व आदि लोग बूथ पर उपस्थित रहे।

# तस्करी कर ले जा रहे गोवंशों से भरा कंटेनर बरामद

- घंटों खड़ा रहा ट्रक पुलिस को नहीं लगी खबर
- कंटेनर खराब होने के बाद गाड़ी छोड़ कर भागे ड्राइवर-कंडक्टर

**डलमऊ रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



गोवंशों से भरे एक कंटेनर खराब हो गया ड्राइवर व क्लीनर उसे सही करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिली लोगों को जानकारी हुई तो पुलिस को सूचना दी गई लेकिन पुलिस से पहुंचने के पहले ही ड्राइवर एवं क्लीनर कंटेनर को छोड़कर मौके से फरार हो गए। जिसमें लदे हुए गोवंशों को कान्हा गौशाला डलमऊ पहुंचाया गया पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

मुरादाबाद से प्रयागराज की तरफ गोवंशों को लादकर एक कंटेनर रात में मुराई बाग कस्बे से गुजर रहा था जैसे ही नाथ खेड़ा के आगे मुराई बाग पशु चिकित्सालय के पास पहुंचा तभी अचानक कंटेनर में खराबी आ गई ड्राइवर एवं क्लीनर पहले तो ट्रक को सही करने का प्रयास कर रहे थे लेकिन काफी देर बाद भी सफलता नहीं मिली आसपास के कस्बेवासी जब उस कंटेनर के पास पहुंचे तो उसमें से गोवंशों का मूत्र एवं गोबर का रिसाव हो रहा था जिससे लोगों को कंटेनर के अंदर गोवंशों के होने की आशंका हुई मामले की जानकारी किसी के द्वारा पुलिस को दी गई। जब पुलिस मौके पर पहुंची तो देखा उसमें गोवंश लदे हुए थे खराब ट्रक को अन्य वाहन के सहारे कान्हा गौशाला डलमऊ पहुंचाया गया। जहां पर उसमें बंद गोवंशों को मुक्त करा कर गौशाला में संरक्षित कराया गया वहीं पुलिस की माने तो उसमें 23 सांड एवं छह गाय बंद थीं जिन्हें सकुशल गौशाला में संरक्षित कर दिया गया है। कोतवाली प्रभारी पवन कुमार सोनकर ने बताया कि गोवंशों से लदे एक कंटेनर को बरामद किया गया है जिसमें 29 गोवंश बरामद हुए हैं जिन्हें कान्हा गौशाला डलमऊ में पहुंचा दिया गया है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। कंटेनर गाड़ी नंबर के आधार पर मुरादाबाद का प्रतीत हो रहा है। वाहन स्वामी एवं चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। गाड़ी से एक आधार कार्ड बरामद हुआ है जो नजीमुद्दीन पुत्र याकूब खान निवासी सूफी टोला मीरगंज बरेली का है गिरफ्तारी के लिए टीम रवाना कर दी गई है।

**कस्बे में 4 घंटे खड़ा रहा कंटेनर पुलिस को नहीं लगी भनक:** मुराई बाग कस्बे से गुजर रहा कंटेनर अचानक रात को खराब हो गया। सुबह 5:00 बजे के आसपास कस्बे वासियों को खड़े ट्रक की जानकारी हुई जिसमें से गोमूत्र एवं गोबर का रिसाव हो रहा था किसी ने कंटेनर में गोवंश होने की जानकारी होने पर डायल 112 को दी गई खोज करते हुए मौके पर पीआरवी पहुंची तब पुलिस को सूचना दी गई जबकि खड़ा कंटेनर पुलिस चौकी से महज कुछ ही कदमों की दूरी पर था। कस्बे वासियों की माने तो लगभग चार घंटे कंटेनर खड़ा रहा और गोवंश उसमें तड़पते रहे चौराहे पर पहरा दे रही पुलिस को मामले की जानकारी तक नहीं हो पाई। हालांकि कंटेनर को बरामद कर पुलिस अपनी पीठ जरूर थपथपा रही है यदि कंटेनर में खराबी ना आती तो पुलिस को इसकी भनक तक न लगती।

### युवक ने दबंग पर मारने-पीटने एवं गाली देने का लगाया आरोप

**बछरावां, रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत कोइली खेड़ा मजरे निवासी राम सुमिरन पुत्र स्वर्गीय मंगल ने स्थानीय थाने में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि कल्लू सिंह पुत्र बरन सिंह निवासी ग्राम दुर्गा खेड़ा मजरे नीवा थाना बछरावां के ऊपर गाली देने एवं मारने पीटने का आरोप लगाया है। प्रार्थना पत्र के माध्यम से उन्होंने अवगत कराया की प्रतिपक्षी बीते 23 नवंबर 2024 को रात करीब 7:00 बजे उसे मदाखेड़ा चौराहे से अपने साथ ले गया, उसके पश्चात अपने घर के कमरे में बंद कर मां बहन की गंदी गालियां देते हुए लाठी और डंडों से बुरी तरह मारा पीटा गया, इसमें प्रार्थी को गंभीर रूप से चोटे आई हैं एवं प्रार्थी का दाहिना पैर व बाया हाथ भी फेक्चर हो गया है। उक्त युवक का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां में चल रहा है। इस बाबत थाना प्रभारी ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि घटना का प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है।

## जमीनी विवाद में 17 वर्षीय किशोर पर चाकू से हमला



**रेहरा बाजार/बलरामपुर।** जमीनी बिबाद में 17बर्षीय किशोर पर चाकू से हमला, दूसरे पक्ष ने प्रधान प्रतिनिधि को पेहर चौकी में मार कर मरणासन्न कर दिया।दोनो लोगों को रेहराबाजार पुलिस ने पीएचसी रेहराबाजार में भर्ती कराकर अग्रिम कार्रवाई में जुट गयी है। पीड़ित ग्राम प्रधान सकरडिया पुलिस चौकी पेहर थाना रेहराबाजार का आरोप है। कि मेरे पति मो आलम अंसारी दोपहर में जमीनी बिबाद को लेकर पेहर चौकी गये थे। जहां गांव के ही विपक्षीयो ने चौकी पर मारपीट कर मरणासन्न कर दिया। जिनका गम्भीर चोटें आयीं है। दूसरे पक्ष के चोटिल लवकुश वर्मा उर्फ छोटे ने बताया कि विपक्षियों ने हमारे घर पर हमें चाकू से हाथ में मारकर लाठी डंडा से मारकर मरणासन्न कर दिया। बचाव में हमारी माता पर हमलावर हो गये, रेहरा बाजार थानाध्यक्ष /सीओ प्रशिक्षु डा जीतेन्द्र कुमार ने बताया कि दोनों चोटिलों को सीएचसी रेहराबाजार में भर्ती कराया गया है। तहरीर मिलने पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की जायेगी। सीएचसी रेहराबाजार के डा गिरधर चौहान ने बताया कि चोटिल लवकुश वर्मा का इलाज जारी है।प्रधान प्रतिनिधि मो आलम को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# ओवरटेक करते समय ट्रक से भिड़ी कार, दो किशोरियों की मौत

- कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



रायबरेली सुल्तानपुर हाईवे पर रोडवेज बस को ओवरटेक करते समय विपरीत दिशा से आए एक ट्रक से कार की भिड़ंत हो गई। घटना में दो किशोरियों की मौत हो गई। कार सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस को घटना की सूचना दी गई। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।जानकारी के अनुसार हादसा मिल एरिया थाना क्षेत्र में रायबरेली सुल्तानपुर रोड पर सुबह हुआ। जब अमेठी जनपद के मुंशीगंज थाना क्षेत्र के किठियावां गांव निवासी हरिहर सिंह अपने परिवार के साथ रायबरेली की ओर आ रहे थे। तभी थाना क्षेत्र के मालिन पूरवा के पास एक रोडवेज बस को ओवरटेक करते समय विपरीत दिशा से आए ट्रक से कार की जोरदार भिड़ंत हो गई।

**बारात से लौट रही थी कार:** घटना के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। घटना में कार सवार 15 वर्षीय काव्या पुत्री भारत सिंह निवासी किठियावां मुंशीगंज अमेठी, 15 वर्षीय धान्या सिंह पुत्री दुर्गा बक्स सिंह निवासी किठियावा मुंशीगंज अमेठी व प्रतापगढ़ जिले के सांगीपुर थाना क्षेत्र के लखौरा गांव निवासी अनुज सिंह पुत्र विश्वनाथ सिंह व अनुज सिंह की 15 वर्षीय पुत्री साक्षी सिंह सहित पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को निकालकर सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने काव्या सिंह व साक्षी सिंह मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर राजीव सिंह ने बताया शवों को पोस्टमार्टम में भेजा गया है। तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। मामले में पुलिस आस-पास के सीसीवीटी की फुटेज भी खंगाल रही है।

# नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने से बढ़ा दुर्घटनाओं का खतरा

- नागरिकों ने प्रशासन से की सख्त कार्रवाई की मांग की

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**



उतरौला शहर में नाबालिग बच्चों द्वारा ई-रिक्शा चलाने का चलन तेजी से बढ़ता जा रहा है, जिससे स्थानीय नागरिकों और यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडराने लगा है। नाबालिग चालकों के पास न तो सड़क का अनुभव है और न ही यातायात नियमों की जानकारी, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है। अधिकतर बच्चे ई-रिक्शा चलाते समय अपने मोबाइल में व्यस्त रहते हैं, जिससे सड़कों पर अन्य वाहनों और पैदल यात्रियों के प्रति उनका ध्यान नहीं रहता। इसके चलते कई बार टकराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

शहर के प्रमुख चौराहों, जैसे गूमा तिराहा, मुबारक मोड़ तिराहा और थाना के पास टैक्सी स्टैंड पर, नाबालिग रिक्शा चालकों की बढ़ती उपस्थिति से राहगीरों में भय का माहौल है। इसके साथ ही, फुटपाथों पर अतिक्रमण और सड़कों पर अवैध पार्किंग की समस्या से यातायात अव्यवस्थित हो गया है। मुख्य सड़कें तंग गलियों जैसी नजर आने लगी हैं, जहां वाहनों को ओवरटेक करना कठिन हो गया है, और नाबालिग चालकों के चलते यह स्थिति और भी चुनौतीपूर्ण हो रही है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा संचालन पर रोक लगाई जाए और सड़क पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए अवैध अतिक्रमण हटाया जाए। नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन शीघ्र कदम नहीं उठाता, तो दुर्घटनाओं में वृद्धि हो सकती है और इससे जान-माल को भी खतरा होगा। इसके अलावा, अभिभावकों से भी अपील की जा रही है कि वे अपने नाबालिग बच्चों को ऐसे भारी वाहनों को चलाने से रोकें और उनकी सुरक्षा पर ध्यान दें।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5

## महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्फलाइन नंबरों के प्रति किया गया जागरुक



**बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर विकास कुमार के निर्देशानुसार एंटी रोमियो स्क्वाड दल, महिला बीट पुलिस अधिकारी, नारी सुरक्षा दल द्वारा समस्त थाना क्षेत्र अन्तर्गत प्रमुख चौराहो/गॉवों/भीड़भाड़ वाले स्थानों पर जाकर चौपाल लगाकर मिशन शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं/बालिकाओं आदि को जानकारी देते हुए सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के लिए बनाए गए कानून एवं नियमों के बारे में बताते हुए जागरूक किया गया। साथ ही साथ सेल्फ डिफेंस व हेल्पलाइन नंबर- वीमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्प लाइन नंबर-181, चिकित्सीय सहायता हेतु-108 पुलिस कंट्रोल नंबर -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098* व साइबर अपराधों जैसे- ह्ज्ञक्क शेयरिंग,लकी ड्रा फ्रॉड कॉल, स्मॉर्ट एडिटिंग वीडियो कॉल, बैंकिंग फ्रॉड* आदि के बारे में भी जानकारी दी गयी। साथ ही साथ यह भी बताया गया की यदि किसी प्रकार की समस्या होती है या कहीं आने-जाने पर कोई अंजान व्यक्ति परेशान करता है तो हेल्पलाइन नंबरों पर फोन कर सहायता प्राप्त की जा सकती है। महिलाओं को उनके अधिकार के लिए बनाए गए कानून व नियमों के बारे में जानकारी दी गई तथा पंपलेट का वितरण किया गया।

# विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान की तिथि पर मंडलायुक्त ने मतदेय स्थल बूथ संख्या एक व दो का किया औचक निरीक्षण

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशन में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद में मतदाता सूची में नाम सम्मिलित किए जाने, मृतक, शिफ्टेड, डुप्लीकेट नाम को हटाने व मतदाता सूची में दर्ज अशुद्ध नाम की प्रविष्टियों को शुद्ध किया जाने का कार्य किया जा रहा हैं।

विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की विशेष तिथि पर मंडलायुक्त देवीपाटन मंडल शशिभूषण लाल सुशील द्वारा मतदेय स्थल प्राथमिक विद्यालय श्रावस्ती बूथ संख्या 01 व 02 तहसील बलरामपुर सदर, विधानसभा क्षेत्र बलरामपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बूथ लेवल अधिकारी उपस्थित पाए गए। इस दौरान मंडल युक्त द्वारा मतदाता सूची एवं अभिलेखों का अवलोकन किया गया। उन्होंने बूथ लेवल अधिकारियों से पुनरीक्षण अभियान के कार्यों की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि ऐसे पात्र व्यक्ति जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष या उससे अधिक हो गई है और अब तक वह मतदाता नहीं बने हैं, उनको चिन्हित करते हुए मतदाता सूची में शामिल करने के लिए फॉर्म 6 भराया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में नाम की डुप्लीकेसी ना हो यह सुनिश्चित करें। इस दौरान एडीएम वित्त एवं राजस्व प्रदीप कुमार, एसडीएम बलरामपुर सदर संजीव कुमार यादव, तहसीलदार व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# नपा उतरौला के 25 वार्डों में गंदगी का अंबार, मच्छर जनित बीमारियों का बढ़ा खतरा

**उतरौला (बलरामपुर), समृद्धि न्यूज़।**




उतरौला बाजार के सभी 25 वार्डो में गंदगी का अंबार और सफाई की कमी से लोगों की समस्याएं दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही हैं। गंदगी और पानी के ठहराव के कारण मच्छरों का प्रकोप इतना बढ़ गया है कि दिन के उजाले में भी लोग मच्छरों के हमले से परेशान हैं। इससे डेंगू, मलेरिया और अन्य मच्छर जनित बीमारियों के फैलने का खतरा गंभीर रूप से बढ़ रहा है।

स्थानीय नागरिकों ने सफाई व्यवस्था में लापरवाही को लेकर नगर पालिका से कई बार शिकायत की है, लेकिन उनकी शिकायतों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वार्डो में जगह-जगह जमा कूड़ा, नालियों में ठहरा पानी और सफाई कर्मियों की नियमित अनुपस्थिति ने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर चिंताएं खड़ी कर दी हैं। लोग रात में भी चैन की नींद नहीं ले पा रहे हैं, क्योंकि मच्छरों का प्रकोप अंधेरे में और भी ज्यादा हो जाता है।

चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि अगर हालात जल्द ही नियंत्रित नहीं किए गए, तो मच्छर जनित बीमारियों का खतरा महामारी का रूप ले सकता है। क्षेत्र के चिकित्सा विशेषज्ञ एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला के चिकित्सा अधीक्षक डॉ चंद्र प्रकाश सिंह ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें इससे मच्छरों के काटने का खतरा कम होगा। मच्छरदानी का प्रयोग करें विशेषकर रात में सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। घरों के आसपास पानी न जमने दें मच्छरों का प्रजनन पानी में होता है, इसलिए घरों और आसपास पानी का ठहराव न होने दें। रोग के लक्षण महसूस होते ही चिकित्सा सलाह लें बुखार, बदन दर्द, सिर दर्द और थकावट जैसे लक्षण महसूस होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें।

उतरौला के निवासी नगर पालिका से मांग कर रहे हैं कि वे साफ-सफाई की व्यवस्था में सुधार करें और नियमित रूप से वार्डों में फॉगिंग का इंतजाम करें। नागरिकों ने यह भी सुझाव दिया है कि स्वास्थ्य विभाग मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाए और लोगों को सुरक्षित रहने के तरीके बताए। इस पर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चंद गुप्ता का कहना है कि जल्द ही सफाई अभियान तेज किया जाएगा और मच्छरों के प्रकोप को रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उम्मीद की जा रही है कि नगर पालिका प्रशासन समय रहते इस समस्या का समाधान करेगा ताकि उतरौला बाजार के नागरिक राहत की सांस ले सकें।

# बिरयानी को पीछे छोड़ आईटी में आगे कैसे बढ़ा हैदराबाद



**चंद्रबाबू नायडू 1995 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वह हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में बैंगलुरू को हराना चाहते थे। उन्होंने अपने सरकारी अफसरों को साफ कह दिया था कि हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में लंबी-ऊंची छलांग लगानी है। हैदराबाद के पास इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सबकुछ था- तकनीकी जनशक्ति का एक बड़ा आधार, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और अनुसंधान संस्थानों और उद्यमियों की एक श्रृंखला, जो जोखिम उठाने को तैयार थी। लेकिन, हैदराबाद में बुनियादी ढाँचे का अभाव था जैसे एक प्रौद्योगिकी एन्क्लेव, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, अच्छी सड़कों का जाल और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा।**

**डॉ. आर.के. सिन्हा**

अगर आप देश के किसी छोटे-बड़े शहर या महानगर में रहते हैं, तब आपको मालूम होगा कि आपके अड़ोस-पड़ोस के कुछ नौजवान नौकरी करने के लिए हैदराबाद चले गए हैं। यह भी मुमकिन है कि आपके अपने घर-परिवार से भी कुछ बच्चे अब तक चारमीनार और बिरयानी के लिए मशहूर हैदराबाद शहर की किसी टेक या फार्मा सेक्टर की कंपनी में जाकर काम करने लगे हों। दरअसल, हैदराबाद गुजरे बीस-पच्चीस सालों में दुनिया के आईटी सेक्टर के नक्शे के केंद्रबिंदु पर बन गया है। शायद ही दुनिया की कोई मशहूर आईटी कंपनी हो, जिसके ऑफिस तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद में न हो।

अगर आज हैदराबाद इस मुकाम पर पहुंचा है, तो इसका श्रेय आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू को देना होगा। वरिष्ठ लेखक दिनेश सी. शर्मा ने अपनी हाल ही में प्रकाशित किताब बियॉन्ड बिरयानी द मेकिंग ऑफ ए ग्लोबलाइज्ड हैदराबाद (बिरयानी से आगे एक वैश्वीकृत हैदराबाद का निर्माण) में हैदराबाद के तेजी से बदले चेहरे की कहानी बयां की है। चंद्रबाबू नायडू ने आंध्र प्रदेश में अपने पूर्ववर्तियों द्वारा रखी गई ठोस वैज्ञानिक अनुसंधान और आर्थिक नींव का लाभ उठाया। हैदराबाद के आईटी पावर हाउस बनने से पहले ही यहां वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान के लिए वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएलएसआईआर) की तरफ से प्रयोगशालाएं स्थापित हो चुकी थीं। यहां से योग्य वैज्ञानिक देश-दुनिया को मिल रहे थे। इसी तरह से यहां इंडियन ड्रग्ज एंड फार्मास्युटिकल्स लिमिटेड (आईडीपीएल) और इलेक्ट्रानिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इण्डिया लिमिटेड (ईसीआईएल) जैसे संस्थान भी पहले से थे। इनका लक्ष्य अनुसंधान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत को आत्मनिर्भर बनाना था। इन दोनों सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों ने तकनीकी जनशक्ति का एक बड़ा आधारसेतु विकसित कर दिया था, जिसने उद्यमियों के लिए नए क्षेत्रों में प्रवेश करने के लिए आधार तैयार किया। देश में 1991 के बाद आर्थिक उदारीकरण की हवा बहने लगी। लाइसेंस परमिट कोटा राज का बड़ी मुश्किल से ही सही, पर धीरे-धीरे अंत हुआ। इसके बाद 1993 में कर्नाटक सरकार ने दूसरे प्रौद्योगिकी एन्क्लेव के रूप में सूचना प्रौद्योगिकी पार्क बनाने के लिए टाटा समूह और सिंगापुर स्थित कंपनियों को अपने साथ जोड़ा। उसे सफलता भी मिली। तब हैदराबाद में ऐसा कोई तकनीकी केंद्र विकसित नहीं हो पाया था।

चंद्रबाबू नायडू 1995 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने। वह हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में बैंगलुरू को हराना चाहते थे। उन्होंने अपने सरकारी अफसरों को साफ कह दिया था कि हैदराबाद को सूचना प्रौद्योगिकी में लंबी-ऊंची छलांग लगानी है। हैदराबाद के पास इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सबकुछ था- तकनीकी जनशक्ति का एक बड़ा आधार, प्रौद्योगिकी क्षेत्र में काम कर रहे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम और अनुसंधान संस्थानों और उद्यमियों की एक श्रृंखला, जो जोखिम उठाने को तैयार थी। लेकिन, हैदराबाद में बुनियादी ढाँचे का अभाव था जैसे एक प्रौद्योगिकी एन्क्लेव, विश्वसनीय बिजली आपूर्ति, अच्छी सड़कों का जाल और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा।

चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने इन सब क्षेत्रों पर एक साथ काम किया और हैदराबाद की भारत और भारत से बाहर निवेशकों के बीच गंभीरता से मार्केटिंग भी की। उन्होंने विज्ञान पार्क मॉडल को अपनाया, जिसे पश्चिम के साथ-साथ दक्षिण कोरिया, ताइवान और मलेशिया जैसे पूर्वी एशियाई देशों में प्रौद्योगिकी आधारित आर्थिक विकास और विकास के मॉडल के रूप में सफलतापूर्वक आजमाया गया था। बेशक, चंद्रबाबू नायडू ने साबित कर दिखाया कि अगर आप में इच्छा शक्ति हो तो आप अपने प्रदेश या देश की किस्मत बदल सकते हैं। वह पहली बार लगभग तीन दशक पहले अविभाजित आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री बने थे। उन्होंने अपने ससुर एनटी रामाराव को सत्ता से बेदखल कर दिया था। चंद्रबाबू नायडू ने अपनी इमेज एक उद्योग-समर्थक और प्रौद्योगिकी-समर्थक वाले नेता की बनाई।

उन्होंने हैदराबाद को आईटी हब के रूप में स्थापित करने में दिन-रात की मेहनत की। राज्य का मुख्यमंत्री बनने के बाद वे माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स से मिले। उस मुलाकात के बाद से ही हैदराबाद बदलने लगा। वहां दुनिया भर की चोटी की आईटी कंपनियों ने अरबों रुपए का निवेश किया। बिल गेट्स किसी काम के लिए राजधानी दिल्ली में थे। चंद्रबाबू को पता चला कि गेट्स राजधानी में हैं। वह गेट्स से मिलने की कोशिश कर ही रहे ही थे। उनकी तरफ से अमेरिका एंबेसी के अधिकारियों से गुजारिश की गई कि उनकी ( नायडू) गेट्स से मुलाकात करवा दी जाए। उन्हें बताया गया कि गेट्स बहुत व्यस्त हैं और अगर वे सच में उनसे मिलने को इच्छुक हैं तो वे शाम को एम्बेसी में आयोजित पार्टी में शामिल हो जाएं, वहां गेट्स मिलेंगे। वहां तय समय पर नायडू पहुंच गए, गेट्स से मिलने। वहां दोनों मिले। नायडू ने एक लैपटॉप के माध्यम से गेट्स को प्रेंजटेशन दिया। इस तरह का प्रेजेंटेशन देने वाले नायडू भारत के पहले नेता थे। यह सब देखकर गेट्स काफी प्रभावित हुए। इसके बाद हैदराबाद में माइक्रोसॉफ्ट का विकास केंद्र स्थापित हुआ। उसके बाद तो हैदराबाद और आंध्र प्रदेश में दर्जनों आईटी कंपनियों ने तगड़ा निवेश किया। खैर, हैदराबाद की बात होगी तो बिरयानी की चर्चा अवश्य होगी। दिनेश सी. शर्मा बियोंड बिरयानी में हैदराबादी बिरयानी की अखिल भारतीय स्तर पर लोकप्रियता को आर्थिक उदारीकरण और भारतीय अर्थव्यवस्था के वैश्वीकरण से जोड़कर देखते हैं।

पिछले साल जोमेटो से हरेक सेकेंड 3.19 बिरयानी के ऑर्डर दिए गए। उधर स्विगी को हरेक सेकेंड 2.5 ऑर्डर मिले। इनकी कुल संख्या करोड़ों में है। इनमें सर्वाधिक ऑर्डर हैदराबादी बिरयानी के लिए थे। बीते दो-तीन दशकों के दौरान हैदराबाद की टेक और फार्मा कंपनियों में काम करने के लिए देशभर से नौजवान पहुंचने लगे। इसी तरह हैदाराबादी भी अपने शहर से कामकाज के सिलसिले में बाहर निकले। इस तरह की दोतरफा आवाजाही से हैदराबादी बिरयानी लोकप्रिय होती गई और बिरयानी बेचने वालों की चांदी हो गई। बिरयानी समोसे की तरह मध्य एशिया से भारत आई।

## सर्दियों का सफर और पहाड़ों की खुशबू

सर्दियों की शुरुआत हो चुकी है। ऐसे में धूप की तपिश बदलकर गुलाबी हो चली है। गुनगुनी धूप में रहना मन को भाने लगा है। इस खूबसूरत मौसम में मन करता है कहीं घूमकर आया जाए। जहां पहाड़ों और हरियाली के बीच इस मौसम का आनंद दोगुना हो जाये। फिर भारत में तो पहाड़ियों की लंबी, सुंदर और अद्भुत श्रृंखलाएं हैं। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भारत में एक से एक शानदार पहाड़ और हिल स्टेशन हैं। देश की इन्हीं खूबसूरत हिल स्टेशनों में से एक है 'डलहौजी', जो कि हिमाचल प्रदेश में है। कहते हैं कि इस जगह की खूबसूरती से प्रभावित होकर तत्कालीन अंग्रेज अफसर लॉर्ड डलहौजी ने इसे 18वीं सदी में वहां के राजा से खरीद लिया था और उसका नाम, अपने नाम पर ही 'डलहौजी' रख दिया था। हालांकि, यह भी एक मजेदार किस्सा है कि स्वयं लार्ड डलहौजी यहां रहने कभी नहीं आए थे। डलहौजी चंबा घाटी का हिस्सा है। सर्दी के मौसम में यहां बर्फका आनंद उठाया जा सकता है। यहां दर्जनों ऐसे स्थल हैं जो मन को सुकून देते हैं। यहां आने का सबसे अच्छा समय अप्रैल से जून और अक्तूबर से दिसंबर का होता है। डलहौजी हिमाचल प्रदेश का एक छोटा-सा शहर है, जो यहां आने वाले पर्यटकों के लिए स्वर्ग के समान माना जाता है। यह अपनी प्राकृतिक सुषमा, फूलों, घास के मैदानों, तेज बहाव वाली नदियों, धुंध से घिरे पहाड़ों के लिए जाना जाता है। अगर आप भी इन सर्दियों में यहां घूमने जाना चाहते हैं तो यहां की कुछ खूबसूरत जगहों के बारे में जान लेना सही होगा3। हिमाचल प्रदेश के डलहौजी के पास हरे-भरे देवदार के पेड़ों से घिरा खज्जियार गांव है, जो इसे अद्भुत सुंदरता प्रदान करता है। यहां स्थित प्राचीन खज्जी नाग मंदिर में शीश नवाने पर हर मन्नत पूरी होती है। यहां पर प्रसिद्ध खज्जियार झील, समुद्र तल से लगभग 1920 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है और इसकी मुख्य विशेषता इसके आसपास का खुला घास का मैदान है। इसे स्विटध्जरलैंड की घाटियों की हूबहू नकल माना जाता है। भारत के स्विट्जरलैंड के नाम से मशहूर यह खूबसूरत गांव आपकी छुट्टियां बिताने के लिए एक बेहतरीन जगह हो सकती है। खज्जियार डलहौजी का एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, जहां लोग पिकनिक मनाने, घुड़सवारी, ट्रैकिंग और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने आते हैं। साथ ही, यहां का मौसम सालभर सुखद रहता है। मॉल रोड डलहौजी का एक प्रमुख स्थान है, जो शहर के केंद्र में स्थित है। जो शॉपिंग और मनोरंजन के लिए प्रसिद्ध है, जहां आप विभिन्न प्रकार की दुकानें, रेस्तरां और कैफे पा सकते हैं। आप इस जगह से स्थानीय हस्तशिल्प की चीजें और स्मृति चिन्ह खरीद सकते हैं। ठंडी हवाओं और शांत वातावरण के बीच मॉल रोड शाम की सैर के लिए उपयुक्त है। यहां पर आपको स्थानीय हिमाचली व्यंजनों का स्वाद लेने का मौका मिलेगा। यह स्थान डलहौजी के सामाजिक और सांस्कृतिक जीवन का केंद्र भी है। 2,700 मीटर से अधिक की ऊंचाई वाली डैनकुंड चोटी डलहौजी की सबसे ऊंची चोटियों में से एक है। आप इस चोटी पर ट्रैकिंग कर सकते हैं और अपने आस-पास की पूरी घाटी और पीर पंजाल पर्वत श्रृंखला का पूरा दृश्य देख सकते हैं। अगर आपको प्रकृति से प्यार है और डलहौजी में ऐसी जगह ढूंढ़ रहे हैं जहां आप प्रकृति के करीब रह सकें, तो यह आपके लिए बेहतरीन विकल्प हो सकता है। डैनकुंड चोटी एक अच्छा ट्रैकिंग एडवेंचर है जिसे आप डलहौजी में शुरू कर सकते हैं। यह चोटी डलहौजी के शहर के केंद्र से केवल 5 किमी दूर है, इसलिए आप उपलब्ध परिवहन का उपयोग करके आसानी से चोटी तक की यात्रा कर सकते हैं।

## विचार

# चिंताजनक है महिलाओं के प्रति बढ़ती हुई हिंसा

**अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस (25 नवम्बर) पर विशेष**

**एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। महिलाओं को हिंसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के अधिकार को बाधित करता है, उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित करता है। इससे आर्थिक सुधार और सतत विकास में खलल पड़ता है। भारत के संदर्भ में महिला हिंसा को लेकर आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति काफी चिंताजनक है। हालांकि 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था।**

**योगेश कुमार गोयल**



प्रतिवर्ष 25 नवम्बर को महिलाओं पर होने वाली हिंसा को रोकने के लिए विश्वभर में 'अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस' मनाया जाता है। इस दिन महिलाओं के विरुद्ध हिंसा रोकने के ज्यादा से ज्यादा प्रयास करने की आवश्यकता को रेखांकित करने वाले कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। तीन बहनों पैट्रिया मर्सिडीज मिराबैल, मारिया अर्जेंटीना मिनेर्वा मिराबैल तथा एंटोनिया मारिया टेरेसा मिराबैल द्वारा डोमिनिक शासक रैफेल ट्रुजिलो की तानाशाही का कड़ा विरोध किए जाने पर उस क्रूर शासक के आदेश पर 25 नवम्बर 1960 को उन तीनों की हत्या कर दी गई थी।

वर्ष 1981 से उस दिन को महिला अधिकारों के समर्थक और कार्यकर्ता उन्हीं तीनों बहनों की मृत्यु की पुण्यतिथि के रूप में मनाते आए हैं। संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 17 दिसम्बर 1999 को एकमत से हर साल 25 नवम्बर का दिन ही महिलाओं के विरुद्ध अंतरराष्ट्रीय हिंसा उन्मूलन दिवस के रूप में मनाने के लिए निर्धारित किया गया। सरकारों, निजी क्षेत्र और प्रबुद्ध समाज से यौन हिंसा और महिलाओं के उत्पीड़न के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाने का आग्रह करते हुए संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस का कहना है कि महिलाओं के प्रति हिंसा विश्व में सबसे भयंकर, निरन्तर और व्यापक मानव अधिकार उल्लंघनों में शामिल है, जिसका दंश विश्व में हर तीन में से एक महिला को भोगना पड़ता है।

महिलाओं की सुरक्षा और सशक्तिकरण के क्षेत्र में कार्य करने के लिए वर्ष 2010 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 'संयुक्त राष्ट्र महिला' का गठन किया गया था। संयुक्त राष्ट्र महिला के आंकड़ों के अनुसार विश्वभर में 15-19 आयु वर्ग की करीब डेढ़ करोड़ किशोर लडकियां जीवन में कभी न कभी यौन उत्पीड़न का शिकार होती हैं, करीब 35 फीसदी महिलाओं और लड़कियों को अपने जीवनकाल में शारीरिक एवं यौन हिंसा का सामना करना पड़ता है, हिंसा की शिकार 50 फीसदी से अधिक महिलाओं की हत्या उनके परिजनों द्वारा ही की जाती है, वैश्विक स्तर पर मानव तस्करी के शिकार लोगों में 50 फीसदी व्यस्क महिलाएं हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार प्रतिदिन तीन में से एक महिला किसी न किसी प्रकार की शारीरिक हिंसा का शिकार होती है। महिलाओं को हिंसा और दुर्व्यवहार की भारी कीमत चुकानी पड़ती है, जो जीवन के सभी क्षेत्रों में महिलाओं और लड़कियों की भागीदारी के अधिकार को बाधित करता है, उन्हें उनके बुनियादी अधिकारों और स्वतंत्रता से वंचित करता है। इससे आर्थिक सुधार और सतत विकास में खलल पड़ता है। भारत के संदर्भ में महिला हिंसा को लेकर आंकड़ों पर नजर डालें तो स्थिति काफी चिंताजनक है।

हालांकि 2012 में दिल्ली में हुए निर्भया कांड के बाद देशभर में सड़कों पर महिलाओं के आत्मसम्मान के प्रति जिस तरह की जन-भावना और युवाओं का तीखा आक्रोश देखा गया था, यौन हिंसा रोकने के लिए जिस प्रकार कानून सख्त किए गए थे, उसके बाद लगने लगा था कि समाज में इससे संवेदनशीलता बढ़ेगी और ऐसे कृत्यों में लिप्त असामाजिक तत्वों के हौंसले पस्त होंगे किन्तु विड़म्बना है कि समूचे तंत्र को झकझोर देने वाले निर्भया कांड और उसके बाद के वर्षों में सामने आ चुके महिला अपराधों के कई अन्य जघन्य मामलों के बाद भी हालात यह हैं कि कोई दिन ऐसा नहीं बीतता, जब महिला हिंसा से जुड़े अपराधों के मामले देश के कोने-कोने से सामने न आते हों। होता सिर्फ यही है कि जब भी कोई बड़ा मामला सामने आता है तो हम पुलिस-प्रशासन को कोसते हुए संसद से लेकर सड़क तक कैंडल मार्च निकालकर या अन्य किसी प्रकार से विरोध प्रदर्शन कर रस्म अदायगी करके शांत हो जाते हैं और पुनः तभी जागते हैं, जब ऐसा ही कोई बड़ा मामला पुनः सुर्खियां बनता है, अन्यथा महिला हिंसा की छोटी-बड़ी घटनाएं तो बदस्तूर होती ही रहती हैं। ऐसे अधिकांश मामलों में प्रायः पुलिस-प्रशासन का भी गैरजिम्मेदाराना और लापरवाही भरा रवैया ही सामने आता रहा है।

प्रश्न यही है कि निर्भया कांड के बाद कानूनों में सख्ती, महिला सुरक्षा के नाम पर कई तरह के कदम उठाने और समाज में आधी दुनिया के आत्मसम्मान को लेकर बढ़ती संवेदनशीलता के बावजूद आखिर ऐसे क्या कारण हैं कि बलात्कार के मामले हों या छेड़छाड़ अथवा मर्यादा हनन या फिर अपहरण अथवा क्रूरता, 'आधी दुनिया' के प्रति अपराधों का सिलसिला थम नहीं रहा है? इसका एक बड़ा कारण तो यही है कि कड़े कानूनों के बावजूद असामाजिक तत्वों पर वो कड़ी कार्रवाई नहीं होती, जिसके वे हकदार हैं और इसके अभाव में हम ऐसे अपराधियों के मन में भय पैदा करने में असफल हो रहे हैं।

कोलकाता की महिला डॉक्टर के साथ बलात्कार और नृशंस हत्या का मामला हो या हैदराबाद की बेटी दिशा का या उन्नाव पीड़िता का अथवा हाथरस या बुलंदशहर की बेटियों का, लगातार सामने आते ऐसे तमाम मामलों से स्पष्ट है कि केवल कानून कड़े कर देने से ही महिलाओं के प्रति हो रहे अपराध थमने वाले नहीं हैं। इसके लिए सबसे जरूरी है कि तमाम सरकारें प्रशासनिक मशीनरी को चुस्त-दुरूस्त करने के साथ ऐसे अपराधों के लिए प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित करें और ऐसे मामलों में कोताही बरतने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएं।

## बच्चों के सुरक्षित साथी हैं पेट्स

**रेणु लैसी फ्रांसिस**

पालतू जानवर की बात सुनकर बच्चे के चेहरे पर एक बड़ी-सी मुस्कान आ जाती है। पैट्स बच्चों के दोस्त होते हैं और उनके साथ रहने पर उन्हें मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य लाभ मिलता है। पालतू जानवर किसी को भी बिना किसी शर्त के प्यार करते हैं। उनके साथ वह सुरक्षित महसूस करते हैं। पालतू जानवरों का प्यार बच्चों की भी मानसिक सेहत पर सकारात्मक असर डालता है। घर पर एक पालतू जानवर होने से बच्चे को बेहतर मानसिक स्वास्थ्य मिलता है। आज के समय में अधिकतर पैरेंट्स को एक समस्या का सामना करना पड़ता है और वह है बच्चे का द्यड्डु54 होना। अधिकतर बच्चे घर में बैठे रहते हैं या फिर वीडियो गेम खेलते हैं या फिर फोन या टीवी पर लगे रहते हैं। लेकिन अगर आपके घर में पालतू जानवर है तो आपको बच्चे की फिजिकल एक्टिविटी की चिंता करने की जरूरत नहीं है। पेट्स आपके बच्चे के लिए एक चंचल और सुरक्षित साथी होते हैं। बच्चों के लिए पालतू जानवर रखने के कई लाभ होते है। जैसे-

1- फिजिकल एक्टिव- घर में पेट्स रखने आपके बच्चे फिजिकल एक्टिव रहते हैं। छोटे बच्चों को पालतू जानवरों के साथ खेलना काफी पसंद होता है। अपने पेट्स के साथ घूमाने से लेकर उनके साथ खेलने और दौड़ने के कारण वह फिजिकल एक्टिव बनते हैं।

2-बच्चे के लिए थेरेपी होते हैं पेट्स- पेट्स बच्चे के बेस्ट फ्रेंड हो सकते हैं। अगर बच्चा किसी भी बात से उदास है, तो थोड़ी देर अगर घर में पालतू जानवर के साथ खेल ले तो वह खुशी महसूस करेगा। पेट्स के साथ खेलने से बच्चे का स्ट्रेस लेवल भी कम होता हैं।

3-नेगेटिव इमोशंस से रहते हैं दूर- अगर बच्चों के आसपास पेट्स रहते है तो इससे बच्चों के दिमाग से नेगेटिव विचार दूर रहते हैं और बच्चे के फोकस से डर जैसे नेगेटिव इमोशंस को दूर करने में आपको मदद मिल सकती है। पेट्स के साथ खेलने पर बच्चे को अच्छा महसूस होता है और उसका ध्यान नेगेटिव चीजों से हटता है।

4-सबसे अच्छे दोस्त- बचपन में बच्चे ऐसे दोस्त की तलाश करते हैं, जो उनका सच्चा दोस्त हो। जरूरी नहीं है कि वह जिससे दोस्ती करें, वह इंसान अच्छा ही हो या फिर उनकी दोस्ती हमेशा ही बनी रहे । ऐसे में बच्चे गलत दिशा में जा सकते हैं। लेकिन अगर घर में पेट्स हों तो बच्चों को उनके रूप से एक अच्छा और सच्चा दोस्त मिल जाता है। जिससे वह अपनी सारी बातें आसानी से शेयर कर सकते हैं क्योंकि उन्हें मालूम होता है उनका पेट्स उनकी सीक्रेट बातें दूसरों को नहीं बताएगा। वहीं दूसरी ओर, आपका बच्चा कभी भी खुद को अकेला महसूस नहीं करेगा।

5-जिम्मेदार बनाना - एक पालतू जानवर बच्चे को अधिक आत्मविश्वासी और जिम्मेदार बना सकता है। दरअसल, जब आप बच्चे को पेट्स की देखभाल की जिम्मेदारी देते है तो वह जिम्मेदार बनने के साथ-साथ आत्मविश्वासी भी बनते हैं। तीन वर्ष से कम उम्र के बच्चे पालतू जानवरों के पानी और भोजन के कटोरे भरने जैसे आसान कार्य कर सकते हैं। जैसे-जैसे आपका बच्चा बड़ा होता जाता है, वह पालतू जानवरों को घुमाने का काम कर सकता है। इस तरह आपके बच्चे में जिम्मेदारी का गुण आ जाता है।

6-पेट्स द्वारा बच्चे का व्यायाम- बच्चों के विकास के लिए एक्सरसाइज बहुत जरूरी होती है। इससे बच्चे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहते हैं। जब बच्चे पेट्स के साथ खेलते हैं, तो इससे उनकी एक्सरसाइज भी हो जाती है और अपने आप ही स्ट्रेस कम होने लगता है। यूनिवर्सिटी ऑफ मिसॉरी में हुई एक स्टडी के मुताबिक वॉक पर जाने के लिए सबसे अच्छा साथी डॉग ही होता है। इस स्टडी में सामने आया कि सप्ताह में 300 मिनट डॉग के साथ वॉक करना फायदेमंद होता है। इस तरह के व्यायाम से बच्चा फिट रहता है।

7-एलर्जी का खतरा होता है कम- कम उम्र में ही पेट्स के आसपास रहने से बच्चों में एलर्जी होने का खतरा कम होता है। पैट्स के बैक्टीरिया से बच्चों के इम्यून सिस्टम को मजबूत होने में मदद मिल सकती है और इससे आगे चलकर उन्हें एलर्जी होने का खतरा कम होता है।



# राशिफल

**मेष:**- जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से बिशेष निकटता की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार हैं।

**बृषभ:**- हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियो से विचार-विमर्श करें। भविष्य के प्रति निराशाजनक विचारों को मन पर हावी न होने दें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुन:**- निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओ की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्क:**- भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन् करें।

**सिंह:**- पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ब्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्या:**- छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी।

**तुला:**- वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें। रोजगार में अपनी क्षमता का पूर्ण लाभ उठाएंगे।

**वृश्चिक:**- बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**धनु:**- किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर बिजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे।

**मकर:**- कोई छोटी बात भी परिवार कें तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी।

**कुंभ:**- शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। राजनीति से जुड़े लोगों को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा।

**मीन:**- महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा।

# याद विलक्षण प्रतिभा के धनी गायक मोहम्मद रफी की

**अजय कुमार शर्मा**

आज यानी 24 दिसंबर 2024 को मोहम्मद रफी का 101 वां जन्म दिवस है। उनकी आवाज का दीवाना केवल भारतीय उपमहाद्वीप ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया थी, है और रहेगी। उनकी आवाज को ईश्वर की आवाज का दर्जा दिया गया। उनकी गायकी की रेंज और विविधता चौंकाने वाली है। गीत चाहे प्रेम के हों, विरह के हों, सुख-दुख के हों, देशभक्ति के हों, प्रार्थना के हों या शादी या विदाई के गीत। कव्वाली हो या भजन उन्होंने सबकुछ इस तरह डूब कर गया कि उसकी मिसाल किसी और गायक में पाना असंभव-सा लगता है। उनके बिना भारतीय संगीत के इतिहास का एक पन्ना भी लिख पाना मुश्किल होगा।

24 दिसंबर 1924 को अमृतसर, पंजाब के दूरदराज के छोटे-से गांव कोटला सुल्तान सिंह में उनका जन्म हुआ। अपने जीवन के शुरुआती वर्ष पंजाब में बिताने के कारण रफी साहब में पंजाबी बोली रची-बची थी। इसको दूर करने के लिए संगीतकार नौशाद और हुस्नलाल-भगतराम ने काफी कोशिश की और मोहम्मद रफी के प्रयास से जल्द ही सफलता भी पाई।



बचपन से ही गाने के शौकीन रफी रोजगार की तलाश में 1941 में लाहौर पहुंचे जहां उनके पिता ढाबा चलाते थे। रफी एक नाई की दुकान पर काम करने लगे और शौकिया गाते भी रहे। आल इंडिया रेडियो में संगीत के कार्यक्रम अधिकारी जीवन लाल मट्टू के कहने पर मार्च 1944 में वे ऑल इंडिया रेडियो के लाहौर स्टेशन के ऑडिशन में सफल होकर एक रेडियो कलाकार बन गए। उनकी आवाज सुनकर 1943 में एक नए और उभरते हुए फिल्म संगीत निर्देशक श्याम सुंदर ने पंजाबी फिल्म गुल बलोच के लिए एक गीत- सोनिए नी, हीरिए नी, तेरी याद ने सताया- गया। लेकिन यह फिल्म सफल नहीं हो पाई।

1945 में रफी साहब दोस्तों के कहने पर बंबई आ गए। उन्होंने शुरुआत में कई फिल्मों के गीत गए लेकिन अब उनका कोई रिकॉर्ड नहीं है। उनको बड़ा ब्रेक मिला 1946 में दिलीप कुमार-नूरजहां की फिल्म जुगनू में। इसके संगीतकार थे फिरोज निजामी। नूरजहां जो इस फिल्म की हीरोइन भी थी, उनके साथ उनका पहला डुएट गीत था, यहां बदला वफा का बेवफाई के सिवा क्या है...। 1947 में रिलीज हुई इस फिल्म का यह गाना काफी लोकप्रिय हुआ और फिर उन्होंने मुड़कर नहीं देखा। इसके बाद गुलाम हैदर के संगीत में फिल्म शहीद (1948) के गीत, वतन की राह में वतन के नौजवान शहीद हों ...लोगों को इतना पसंद आया कि घर-घर में रफी की चर्चा होने लगी।

रफी साहब की आवाज़ को फिल्मों में पसन्द किए जाने का एक कारण यह भी था कि चाहे वह किसी नायक के लिए गा रहे हों या फिर किसी कॉमेडियन के लिए या फिर किसी चरित्र अभिनेता के लिए वह सब पर अच्छी लगती थी। उनकी आवाज़ एक पीढ़ी के नायकों की आवाज़ बन गई थी। दर्द भरे गीत जो उन्होंने दिलीप कुमार के लिए गाए, मस्ती भरे गीत देवानंद या शम्मी कपूर के लिए या दुनिया पर तंज कसते राज कपूर के लिए या फिर प्रेम से भीगे गीत जुबली स्टार राजेंद्र कुमार के लिए वह उन सबकी स्वाभाविक आवाज़ में गाए हुए ही लगे। रफी साहब ने कभी नहीं चाहा कि वह बस नामी-गिरामी या बड़े अभिनेता के लिए ही गाएंगे। वे तो अपनी आवाज़ किसी को भी देने के लिए तैयार रहते, बस धुन अच्छी होनी चाहिए। गीत गाने से पहले वह कभी नहीं पूछते थे कि उसके लिए उनको कितना पैसा दिया जाएगा, दिया भी जाएगा या नहीं दिया जाएगा। उनकी सादगी के कारण उस समय में संगीत क्षेत्र में संघर्षरत अनेकों संगीत निर्देशक और गायकों को एक नया मुकाम हासिल हुआ। रफी ने अपने जीवन में 243 संगीत निर्देशकों के लिए लगभग 5,000 के आसपास फिल्मी गीत गाए। उन्होंने शंकर-जयकिशन के साथ सर्वाधिक सोलो गीत 216 को अपना स्वर दिया। इसके बाद नंबर आता है लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का जिनके लिए 186 और फिर रवि का जिनके लिए 130 सोलो गीत गाए।

रफी साहब ने सबसे ज्यादा सोलो गीत राजेंद्र कृष्ण के लिखे गाए 182, इसके बाद हसरत जयपुरी (173) और आनंद बक्शी (172) का नंबर आता है। उन्होंने सबसे ज्यादा युगल गीत (799) आशा भोंसले के साथ गाए। लता मंगेशकर के साथ 413 गीत और सुमन कल्याणपुर के साथ 142 गाए। पुरुषों में सबसे ज्यादा युगल गीत 58 मन्ना डे के साथ और किशोर कुमार के साथ 34 गीत गाए। प्रमुख अभिनेताओं में शम्मी कपूर के लिए उन्होंने 90 गाने गाए। जॉनी वॉकर के लिए 60 गीत, शशि कपूर के लिए 56, राजेंद्र कुमार के लिए 54, धर्मेंद्र के लिए 53 और देव आनंद के लिए 43 गीत गाए । दिलीप कुमार के लिए तो मात्र 34 गाने ही गाए। आज इस बात की बेहद हैरानी होती है कि फिल्मों के बेहद व्यावसायिक और गला काट प्रतियोगिता वाले पेशे में भी उन जैसा सच्चा इंसान कैसे अपना काम बेदाग ढंग से करता रह सका और फिल्म जगत के इतिहास में अपनी अनूठी जगह बना सका।

**चलते-चलते**

अपने चार दशकों के करियर में रफी को 6 बार फिल्मफेयर अवार्ड मिला। 1948 में राष्ट्रपति एस. राधाकृष्णन के हाथों पदम श्री अलंकरण प्राप्त हुआ। उन्होंने 18 भाषाओं में गीत गाए। हालांकि उनका ज्यादातर गायन हिंदी, मराठी, असमिया, कोंकणी, भोजपुरी, ओड़िया, पंजाबी, बांग्ला, तेलुगू, मगही, मैथिली और उर्दू में है। उन्होंने फारसी, स्पेनिश और डच भाषाओं में भी गीत गाए। अंग्रेजी में उनके द्वारा गाए गए गीत सुप्रसिद्ध साहित्यकार और गीतकार डॉ. हरीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय के लिखे हुए हैं।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी*) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई न . UPHIN/2013/55887

# जमीनी विवाद में रिक्शा चालक को पीट-पीट कर मार डाला

▸ पुलिस की लापरवाही सामने आयी, झाड़ियों के पीछे से लाश बरामद

मौदहा (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।



शनिवार देर रात चकदहा गांव में ई रिक्शा चालक को दबंगो ने घर से बुलाकर पीट पीट कर मार डाला रविवार सुबह रिक्शा चालक का शव पुलिस ने गांव के किनारे झाडियों के पास से बरामद किया है। घटना में पुलिस की लापरवाही पूरी तरह सामने आयी है।

पुलिस के मुताबिक चकदहा गांव निवासी ई रिक्शा चालक जगन्नाथ (45) अभी हाल में ही कुछ जमीन बेची है। वह जमीन बेचकर घर का भी निर्माण करा रहा है। जगन्नाथ के भाई पंचम लाल ने पुलिस को बताया कि शनिवार को लरौद गांव निवासी एक युवक जगन्नाथ को बाइक से अपने साथ ले गया था जब वह देर रात नहीं लौटा, तो पुलिस को सूचना दी गयी मगर पुलिस ने कोई कार्यवाही नही की जब संबंधित व्यक्ति से फोन से बात की गयी तो वह गाली-गलौच करने लगा। जगन्नाथ के ससुर राजू ने बताया कि उसका दामाद गांव में घर बनवा रहा था कल शाम उसे घर से बुलाकर ले जाया गया था और पीट पीट कर हत्या कर दी गयी है।लाश को लरौद गांव के पास फेका गया है। मृतक के शरीर में चोट के निशान थे। गांव के लड़के जब दौड़ लगाने जा रहे थे तब उन्होने लाश देखी और पुलिस को सूचना दी गयी है। पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने बताया कि मामले की जांच पडताल की जा रही है मामला जमीनी विवाद का है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भिजवा दिया है। मृतक की पत्नी जयदेवी का कहना है कि यदि पुलिस समय से कार्यवाही कर देती तो यह घटना को टाला जा सकता था। पुलिस ने कुछ लोगो को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरु कर दी है।

## हथियारबंद युवकों का बारातियों पर हमला, गाड़ियों के शीशे तोड़े, दूल्हे के नाना व मामा घायल

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के धर्मेश्वर बाबा मोहाल में आई बारात में एके.47 गैंग के हथियारबंद छह.सात युवकों ने हमला बोलकर जमकर तांडव मचाया। जिससे दूल्हे के नाना लल्लू व मामा रामऔतार घायल हो गए और कई गाड़ियों के शीशे टूट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस के पहले हमलावर मौके से भाग निकले। कन्या पक्ष ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर देने की बात कही है। मोहाल के नवलकिशोर वर्मा की बेटी शिखा की बरात कुरारा थानाक्षेत्र के खरौंज गांव निवासी दूल्हा सागर वर्मा लेकर आए थे। बरात पहुंचने पर कन्या पक्ष के लोग उन्हें नाश्ता आदि कराने के बाद जब वापस चले गए। तभी आधा दर्जन हथियारबंद युवक बरात पर हमला बोल कर जमकर तांडव मचाया। जिससे दूल्हे के नाना लल्लू मामा रामऔतार घायल हो गए। साथ ही हमलावरों ने बरात की कई गाड़ियों के शीशे आदि तोड़ दिए। हमलावरों ने महिलाओं के साथ भी अभद्रता की। नवलकिशोर ने बताया कि की आधा दर्जन लोग हथियार बंद भाला रॉड व तमंचा आदि लेकर आए थे और अकारण ही बारातियों पर टूट पड़े। जिससे बराती घायल हो गए और कई गाड़ियां के शीशे चकनाचूर हो गए। बताया कि डायल 112 को जानकारी दी। लेकिन पुलिस के आने के पहले हमलावर मौके से भाग निकले। कुछ प्रत्यक्ष दर्शियों ने बताया कि यह कस्बे के एके-47 गैंग से जुड़े युवक थे। बेटी के पिता ने बरात विदाई के बाद तहरीर देने की बात कही है।थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि रात में मारपीट की सूचना मिली थी।मौके पर पुलिस भेजी गई थी।लेकिन आरोपी से भाग निकले थे। तहरीर देने के लिए बुलाया गया था। लेकिन अभी तक कोई नहीं आया है।

# अधिक रेट में खाद बिक्री करते एसडीएम ने दुकानदार को पकड़ा



▸ जिला कृषि अधिकारी को कार्रवाई के लिए लिखा पत्र, जिले में खाद की हो रही है कालाबाजारी

कुरारा(हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

कस्बा कुरारा के भौली रोड में प्राइवेट खाद विक्रेता द्वारा किसानो को अधिक रेट पर खाद की बिक्री करते हुए सदर एसडीएम ने छापा मारकर खाद विक्रेता को मौके पर पकड़ लिया। तथा उसके खिलाफ कार्यवाही के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गय है। छापे मारी की खबर कस्बे में फैलते ही खाद विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर दिए। कस्बा आधा दर्जन से अधिक प्राइवेट खाद बिक्री की दुकानें संचालित है। इनसे किसान खाद खरीद कर फसल की बुवाई करते है।सरकारी संस्थाओं से खाद न मिलने के कारण निजी खाद विक्रेता मनमानी रेट पर किसानो को खाद की बिक्री कर रहे है। डीएपी खाद की बोरी का दाम सरकार द्वारा तेरह सौ पचास रुपया निर्धारित है। लेकिन खाद विक्रेता डीएपी खाद की बोरी अठारह सौ रूपया की बिक्री कर रहे है। दोपहर में एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक भौली रोड स्थित शिव कृपा ट्रेडर्स की दुकान पर गए तथा एक किसान को भेजकर खाद के दाम पता किया तो उसने अठारह सौ रूपया प्रति बोरी बताया। तब उन्होंने दुकान में जाकर खाद खरीद रहे किसानो से जानकारी की तो उन्होंने बताया कि अठारह सौ रुपए प्रति बोरी खरीदी है। महंगी दर पर खाद बिक्री करने पर दुकान संचालक रमेश कुमार को थाने लेकर आए। तथा किसानो के बयान दर्ज किए। तथा कार्यवाही के लिए जिला कृषि अधिकारी को सूचित किया गया है। खाद की दुकानों में छापेमारी की खबर फैलते ही अन्य खाद विक्रेता अपनी दुकानें बंद कर इधर उधर हो लिए।

## कबाड़ बीनने वाले युवक की नाले में गिरने से मौत

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा निवासी एक कबाड़ी की कबाड़ बीनते समय नाले में गिरकर डूबने से मौत हो गई।कस्बा निवासी रामकिशोर उर्फ पप्पू पुत्र देबीशंकर जो कि कस्बे में रहकर कबाड़ आदि बीनकर अपना भरण पोषण करता था। रविवार को परमेश्वर तालाब के पास बने एक नाले में उसकी लाश लोगो ने देखी तो पुलिस को सूचना दी जिसपर मौके पर पहुची पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवाकर सीएचसी कुरारा ले गए जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सब इंस्पेक्टर रिंकू तिवारी ने बताया कि मृतक नशेड़ी था और कबाड़ बीनने का काम करता था। प्रथम दृश्यता लग रहा है जैसे कि मृतक कबाड़ बीनते समय नाले में गिर गया हो और नशे में होने के चलते उसी में डूब गया है। शव का पोस्टमार्टम करवाया गया है।

## खबरें एक नजर में

### ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक क्षतिग्रस्त

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के बिलगांव निवासी अतुल कुमार पुत्र लालसिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब आठ बजे वह गांव के अशोक किराना स्टोर की दुकान के सामने साइड से बाइक खड़ी कर दी। वह दुकान पर सामान लेने लगा। तभी गांव का बालकेश तेज गति से ट्रैक्टर से बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रैक्टर की टक्कर से उसकी बाइक क्षतिग्रस्त हो गई। पीड़ित ने ट्रैक्टर चालक बालकेश पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### दीवार फांदकर युवक घर में घुस आया

**राठ (हमीरपुर)।** कोतवाली के बदनपुरा गांव निवासी शांति पत्नी आशाराम ने बताया कि शनिवार की रात वह घर में अकेली थी। सभी सदस्य बाहर गए थे। बताया कि वह दूसरे प्लाट पर कंडा पथाने गई थी। तभी पड़ोसी युवक दीवार फांदकर कर घर में घुस गया और चोरी करने लगा। घर में खटपट की आवाज सुनकर वह जल्दी अंदर आई तो युवक कमरे का ताला तोड़ रहा था। विरोध करने पर उक्त युवक ने गाली गलौज कर मारपीट शुरू कर दी। बताया कि युवक जान से मारने की धमकी देते हुए दीवार फांदकर भाग गया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

### दो ट्रकों कि भिड़ंत में चालक की मौत, दूसरा चालक व खलासी गंभीर

**राठ (हमीरपुर)।** शुक्रवार की रात बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर दो ट्रकों की आमने सामने भीषण भिड़ंत होने पर एक ट्रक चालक की मौत हो गई थी। जबकि दूसरे ट्रक के चालक व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए थे। रविवार को जरिया पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। जनपद बिजनौर के हल्दौर निवासी करन सिंह ने बताया कि उसका पुत्र 50 वर्षीय महेश ट्रक चालक था। वह ट्रक चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। बताया कि शुक्रवार की रात चित्रकूट से इटावा ट्रक लेकर जा रहा था। तभी बुन्देलखंड एक्सप्रेस-वे पर सिंहरावन मोड़ ओवरब्रिज जरिया के पास दो ट्रकों की आमने सामने जोरदार टक्कर हो गई थी। इस हादसे में उसके पुत्र महेश की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि दूसरे ट्रक चालक मो. शाकिब निवासी मुबारकपुर थाना नवाबगंज जनपद प्रयागराज व खलासी मोहम्मद उमर पुत्र असलम निवासी बमरोली शेखपुर थाना पुरामुफ्ती जनपद प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए थे। मृतक महेश अपने पीछे तीन पुत्र बंटी, रिंकू, टिंकू, दो पुत्री लक्ष्मी, प्रियंका छोड़ गया है। पति की मौत पर पत्नी सुखपली का रो रोकर बुरा हाल है। जरिया थानाध्यक्ष भरत कुमार ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### प्रेमिका ने प्रेमी व उसके माता-पिता, भाई पर मारपीट की दर्ज करायी रिपोर्ट, पुलिस ने कराया मेडिकल

**राठ (हमीरपुर)।** नोएडा से आई प्रेमिका ने प्रेमी व उसके माता-पिता भाई पर मारपीट कर घर से निकाल देना का आरोप लगाते हुए कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने घायल युवती का मेडिकल परीक्षण कराया है। मुंबई के शिवाजी नगर थाना अंतर्गत गोवन्डी गांव निवासी आफरीन पुत्री जहांगीर ने बताया कि वह नोएडा की एक फैक्ट्री में सुपरवाइजर है। राठ कोतवाली के कस्बा खेड़ा गांव निवासी रामसिंह यादव भी वहीं फैक्ट्री में काम करता है। तीन साल से रामसिंह शादी का झांसा दे रहा है। शादी के लिए जब उसने दबाव बनाया तो वह वहां से भाग गया। सात नवंबर को वह नोएडा से रामसिंह घर आईं थीं। तभी से वह रामसिंह के यहां है। शनिवार की शाम सात बजे रामसिंह भाई जितन संतोष पिता मुन्ना व मां ने गाली गलौज कर उसे मारा-पीटा है। उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए घर से निकालने की कोशिश की। क्राइम इंस्पेक्टर दिनेश पांडेय ने बताया कि मामला दर्ज कर युवती का मेडिकल परीक्षण कराया है।

### कपिल पहलवान ने ज्वाला सिंह को किया चारों खाने चित



**चरखारी, महोबा।** चरखारी नगर में एक माह तक चलने वाले मेला सहस्त्र श्री गोवर्धन नाथ जू स्वामी में आयोजित अखिल भारतीय दंगल के दूसरे दिन महिला एवं पुरुष पहलवानों ने अपने अपने दाँव पेंच के हुनर दिखाये कपिल पहलवान गुढ़ा ने राजस्थान के ज्वाला सिंह पहलवान को पटखनी दी। गौरतलब है कि दूसरे दिन बुन्देलखण्ड की वीर भूमि चरखारी के दंगल का शुभारम्भ चैयरमैन प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा एवं छविलाल मास्टर साहब ने अखाड़े का पूजन करके किया पहली कुश्ती घनघोर घटा एवं ओमवीर पहलवान के बीच बराबरी पर छूटी दूसरी कुश्ती में खलिक पहलवान मुरादाबाद ने अपने विपक्षी काली घटा करनाल को धोबी पछाड़ दी इस मौके पर महिला पहलवान पूनम इटावा ने कोमल हरियाणा को हराया इसके पश्चात कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पुष्पेन्द्र यादव ममना ने दंगल में आई जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी नगर पालिका अध्यक्ष मंजू कुशवाहा ने दंगल का आयोजन कराया है एवं इस मेले को अच्छे से अच्छा बनाने का प्रयास किया है। मौके पर कन्हैया लाल दादा, नबी अहमद खाँ, सभासद जित्तू राजा, सभासद राम महाराज, सभासद प्रतिनिधि गर्जन सिंह बुन्देला, राम महाराज आदि मौजूद रहे।

### अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हाकी टूर्नामेंट आज

**चरखारी महोबा।** मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोर्वधन्नाथ जू महाराज के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले अखिल भारतीय बुन्देलखण्ड हाकी टूर्नामेंट का शुभारम्भ आज होगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए टूर्नामेंट समिति के महासचिव सादिक इस्लाम ने बताया कि उद्घाटन मैच करमपुर अकादमी और डीएचए टीकमगढ़ के बीच होगा साथ ही एक सप्ताह चक चलने वाले टूर्नामेंट में देश की 13 प्रमुख टीमें प्रतिभाग करेंगी। बताते चलें कि एक माह तक चले वाले धार्मिक एवं ऐतिहासिक मेला में धार्मिक' एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम' के अलावा दंगल व अन्य खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता है जिसमें स्थानीय लोगों के प्रमुख आकर्षण का हाकी टूर्नामेंट रहता है जो कि रियासतकाल से ही लगातार चला आ रहा है और इस वर्ष 80वां आयोजन होने जा रहा है। स्थानीय डाकबंगला मैदान में आयोजित होने वाले 80वें टूर्नामेंट का शुभारम्भ 25 नवम्बर को 2 बजे से होगा। टूर्नामेंट समिति के महासचिव सादिक इस्लाम ने बताया कि उदघाटन मैच करमपुर अकादमी और डीएचए टीकमगढ़ के बीच होगा। टूर्नामेंट समिति के अध्यक्ष पूर्व फौजी कुलदीप भटनागर ने बताया कि समिति द्वारा टूर्नामेंट में कुछ स्थानीय टीमों के साथ ही प्रमुख टीमों को इण्ट्री दी गयी है जिसमें केनरा बैंक बैंगलौर की महत्वपूर्ण टीम की स्वीकृति प्राप्त हो गयी है। इसके अलावा बिहार अकादमी गंगापुर' आरिफनगर आकादमी भोपाल' रेलवे लखनऊ' रेलवे कोटा' रेवले झांसी' राज अकादमी भदौही' हास्टल झांसी' खेला इण्डिया गाजियाबाद' ग्वालियर हास्टल ग्वालियर' डीएचए टीकमगढ़' स्व. जीतेन्द्र सिंह अकादमी बांदा तथा बनारस हास्टल जैसी महत्वपूर्ण टीमो का प्रदर्शन डाकबंगला मैदान में देखने को मिलेगा।

### चार दिवसीय उर्स का हुआ समापन

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के विख्यात सूफी संत हजरत सैय्यद मरदान अली शाह बुखारी रह. के चार दिवसीय सालाना उर्स का कुल की फातिहा के साथ हुआ सफल समापन हो गया।क्षेत्र के मांचा गांव स्थित प्रसिद्ध सूफी संत हजरत सैय्यद मरदान अली शाह बुखारी रह. का चार दिवसीय सालाना रविवार को कुल की फातिहा के साथ सम्पन्न हुआ। उर्स के अंतिम दिन आस्ताने में कुल की फातहा हुई जिसमें हजारों की संख्या में अकीदतमंद उपस्थित हुए। फातहा के बाद शानदार रंग की महफ़िल हुई जिसके बाद लंगर खिलाया किया गया। इसी तरह हज़रत सैय्यद मरदान अली शाह बुखारी का चार दिवसीय सालाना उर्स का सफल समापन हो गया। उर्स चार दिनों तक जायरीनों से खचाखच भरा रहा। उर्स के सफल समापन पर गांव के समाजसेवी व पूर्व प्रधान एडवोकेट मरहूम जव्वाद अली के पुत्र ज़ीशान अली ने सभी कमेटी के लोगों सहित गांव वासियों को मुबारकबाद दी।

# शादी की तैयारी कर रहे छोटे भाई की हार्टअटैक से मौत

▸ शादी की तैयारियों के बीच बड़े भाई की मौत से मातम में बदलीं खुशियां

सुमेरपुर (हमीरपुर), समृद्धि न्यूज़।

छोटे भाई की शादी की तैयारियों के बीच बड़े भाई की हृदयाघात से मौत हो गई। यह दुखद घटना ललपुरा थानाक्षेत्र के नदेहरा गांव में हुई। घटना से परिवार में खुशी का माहौल मातम में बदल नदेहरा गांव निवासी कारेलाल वाल्मीकि ने बताया कि उसके तीसरे बेटे जितेंद्र कुमार की शादी की तैयारियां जोरों पर थीं। 25 नवंबर को बरात जानी थी। इसी खुशी में बड़ा भाई रामस्वरूप जो नोएडा में एक निजी कंपनी में इंजीनियर थे अपनी पत्नी विनीता और पुत्री सौम्या के साथ गांव पहुंचे थे। शनिवार को मंगल गीतों और मंडप गाड़ने की तैयारी के बीच रामस्वरूप को अचानक हार्ट अटैक हुआ। परिजन उन्हें तुरंत सदर अस्पताल लेकर गएए लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद शव गांव लाया गया जिससे पूरे परिवार और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। रामस्वरूप अपने पीछे पत्नी और एक बेटी को छोड़ गए हैं। उनके छोटे भाई रामकिशोर यूपी पुलिस में एसआई हैं जबकि शादी के दूल्हे जितेंद्र पीएससी में कार्यरत हैं। सबसे छोटा भाई प्रमोद पैरों से दिव्यांग है और घर पर रहता है। इस घटना से शादी की खुशियां गम में बदल गई और परिवार समेत पूरे गांव में शोक का माहौल है। रविवार शाम को गांव में ही रामस्वरूप का अंतिम संस्कार किया गया।

## मारपीट में घायल वृद्ध की उपचार दौरान मौत, जांच में जुटी पुलिस

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** सौंखर गांव में 15 दिन पहले मकान की दीवार को लेकर हुए विवाद में घायल वृद्ध ने इलाज के दौरान कानपुर में दम तोड़ दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने पूर्व में चार आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया था और अब गैर इरादतन हत्या की धारा जोड़कर मामले की विवेचना की जा रही है। सौंखर गांव निवासी मैयादीन का 10 नवंबर की रात करीब 9 बजे पड़ोसी से मकान की दीवार बढ़ाने को लेकर विवाद हुआ था। विवाद इतना बढ़ गया कि पड़ोसी आशीष, दीपक, मालती और गीता ने एक राय होकर लोहे की रॉड से मैयादीन पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मैयादीन को इलाज के लिए कानपुर ले जाया गया, जहां रविवार को उनकी मौत हो गई। मृतक के पुत्र प्यारेलाल ने चारों आरोपियों के खिलाफ पहले ही मारपीट का मुकदमा दर्ज कराया था। पत्योरा पुलिस चौकी इंचार्ज राजवीर सिंह ने बताया कि सभी आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। वृद्ध की मौत के बाद अब गैर इरादतन हत्या की धारा जोड़ी जाएगी और मामले की विस्तृत जांच की जाएगी। शव के घर पहुंचते ही परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। घटना से गांव में भी गमगीन माहौल है। परिजनों ने दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# घाटमपुर ने ब्लू स्टार को 16 रनों से हराया



**घाटमपुर, समृद्धि न्यूज़।** नगर के मौसम का रोड स्थित जनता महाविद्यालय के मैदान में आयोजित एक मैच में घाटमपुर की टीम ने ब्लू स्टार अकैडमी कानपुर को 16 रनों से हरा दिया। ब्लू स्टार अकादमी कानपुर की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पहले बैटिंग करते हुए घाटमपुर की टीम ने निर्धारित 35 ओवरों में 140 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करते हुए ब्लू स्टार अकादमी कानपुर की टीम ने 124 रन बनाए, घाटमपुर की ओर से दिव्यांशु ने 26 रन बनाए सत्यम दिवाकर 24 व मारूम सचान ने 15 रन बनाए, मैन ऑफ द मैच सत्यम त्रिपाठी को घोषित किया गया।

## नेत्र कैंप में आए आधा सैकड़ा मरीज

गौरहरि महोबा, समृद्धि न्यूज़।

सद्गुरु संघ सेवा ट्रस्ट के संयोजन में आज रिषभ मिश्रा मेडिकल स्टोर पर आंखो का कैंप लगाए गया जिसमें सद्गुरू संघ सेवा त्रस्त चित्रकूट से आए डॉक्टर सतेंद्र व सहयोगी प्रिन्स अवस्थी ने आधा सैकड़ा मरीजों की आंखों की जांच की जिसमें 18 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन हेतु निःशुल्क चित्रकूट ले जाया गया। मरीजों को चश्मा व आंखों का ड्रॉप भी दिया गया। आयोजक डॉक्टर योगेंद्र मिश्रा ने बताया कि ये कैंप महीने की हर 24 तारीख को लगवाया जाएगा जिससे क्षेत्र के गरीब व बुजुर्गों लोगो को लाभ मिलेगा।

# श्री बटुक भैरव नाथ मंदिर में भैरवाष्टमी संपन्न

▸ हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



चरखारी के प्राचीनतम मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ में भैरव अष्टमी के शुभ अवसर पर भगवान भैरवनाथ जी का महा अभिषेक भंडारा एवं भजन संध्या का प्रतिवर्ष की भांति पूरे उत्साह के साथ आयोजन किया गया। जिसमें महोबा हमीरपुर बाँदा क्षेत्र के लोकप्रिय एमएल सी जितेन्द्र सिंह सैंगर सहित बड़ी संख्या में चरखारी नगर के संभ्रांत नागरिकों के साथ आसपास के क्षेत्र के भी श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

शनिवार को नगर चरखारी के प्राचीनतम सिद्ध स्थल मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ में प्रतिवर्ष की तरह भगवान भैरव नाथ जी का महा अभिषेक, भंडारा एवं भजन संध्या का कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा। कार्यक्रम में एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, चेयरमैन प्रतिनिधि नगरपालिका परिषद चरखारी पप्पू रामपाल कुशवाहा, पूर्व चेयरमैन मूलचन्द्र अनुरागी, अरविंद सिंह चौहान, अशोक महाराज, डॉ. उमाशंकर तिवारी, डॉ सुरेश खरे, रमन गोस्वामी, राम महाराज, महंत शालिग्राम दास, महंत देवीचरण दास,उमेश पाठक आदि के साथ बड़ी संख्या में नगर की माताएं, बहने और नगर के संभ्रांत नागरिकों के साथ क्षेत्र के भी लोगों की अच्छी खासी तादाद में श्रद्धालुओं ने आकर भगवान बटुक भैरव नाथ जी के दर्शन करने के उपरांत भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए भजन संध्या का आनंद लिया। भगवान बटुक भैरव नाथ जी का महा अभिषेक एवं वैदिक यज्ञ को पूर्ण वैदिक विधि विधान के अनुसार मुख्याचार्य पंडित रमेश शास्त्री जी के द्वारा संपन्न कराया गया। भजन संध्या विजय गुप्ता रायनपुर के संयोजन में संपन्न की गई, मंदिर श्री बटुक भैरव नाथ के महंत जुगुल भारती ने बताया कि भगवान भैरवनाथ सभी को अभय देकर जगत का भरण करने वाले देवता हैं। मंदिर में भगवान बटुक भैरव प्रतिष्ठित हैं, जो सद गृहस्थों की श्रद्धा के साथ की गई पूजा से अति शीघ्र प्रसन्न हो जाते हैं एवं मनोवांछित फल प्रदान करते हैं।

## युवक को गांव के लोगों ने पीटकर किया लहुलुहान, मुकदमा दर्ज

**मौदहा, हमीरपुर।** चक्की से आटा लेकर घर जा रहे युवक को गांव ने चार लोगों ने डंडे से पीटकर लहुलुहान कर दिया। घायल युवक की मां ने कोतवाली में तहरीर देकर नामजद युवको के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। जिसपर कोतवाली पुलिस ने चार युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। कोतवाली क्षेत्र के गांव मदारपुर निवासनी अनवरी पत्नी तनवीर खान ने कोतवाली में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया की मेंरा पुत्र तौजीब खान शनिवार को दिन में असलम की चक्की से आटा लेकर घर आ रहा था तभी रास्ते में गांव के ही शाहिल खान एवं समीर खान पुत्र मुजीब खान व मुजीब खान पुत्र सखावत खान व आकिल खान पुत्र वकील खान ने स्टील के डंडे से पीटकर लहुलुहान कर दिया व जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# कवि सम्मेलन में ओज, हास्य, शृंगार का दिखा रंग

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज़।



मेला सहस्त्र श्री स्वामी गोवर्धन्नाथ जू महाराज में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में स्थानीय से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के कवियों ने अपने ओज' वीर' हास्य' श्रृंगार रस की कविताओं से साहित्य प्रेमियों को पूरी रात मदहोश रखा तथा हास्य कवियों ने अपनी गुदगुदाती और तंज करती रचनाओं से लोगों को नींद की खुमारी से बाहर निकाला। मेला मंच में आयोजित अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में का शुभारम्भ चरखारी विधायक डॉ. बृजभूषण राजपूत ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ज्वल करते हुए किया जिसके उपरान्त अयोध्या से आयी कवियित्री रूचि द्विदिवी ने मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की। जंग जो ठनेगी रक्तबीज दानवों से यदि बेटियां ही कालिका भवानी बन जाएंगी शीश जो उठाएंगी अंग्रेजों की औलाद तो ये बेटियां ही झांसी वाली रानी बन जाएगी। औरयैया से आए कवि अजय अंजमा ने प्रस्तुत की। धौलपुर से आए हास्य कवि रामबाबू सिकरवार ने अपनी रचनाओं से खूब गुदगुदाया जिसमें उनकी रचना गधो अब झूल सिलवाओ जमाना खूब आया है बिन पढ़े डिग्रियां पाओ जमाना खूब आया है ने श्रोताओं को रोमांचित किया। जो भी मुझको देना चाहो,ऊपर सदा चढ़ा कर देना। भीड़ -भाड़ में ना खो जाऊं, सबसे अलग खड़ा कर देना। धरती बेशक कम हो मेरी, पर आकाश बड़ा कर देना देश और विदेश में हास्य के हस्ताक्षर कवि लटूरी लटठ की रचना को खूब सराहा गया। कवि सम्मेलन का संचालन देवास से आए कवि शशिकान्त यादव ने किया और मंच से श्रोताओं को बांधे रखने में प्रमुख भूमिका अदा की।कार्यक्रम के संयोजक प्रदीप दिहुलिया तथा रोहित शर्मा ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया। सम्मेलन में कुलदीप भटनागर, पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रामपाल कुशवाहा, पूर्व पालिका अध्यक्ष अरविन्द सिंह चौहान, भाजपा नगर अध्यक्ष रजनीश गुपता, नपा लेखाकार अय्यूब खां सहित भारी संख्या में श्रोतागण मौजूद रहे।

# पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार





**महोबा।** अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना श्रीनगर प्रभारी निरीक्षक शिवपाल सिंह के द्वारा गठित की गई उ.नि. संदीप विमल व उ.नि. विकाशधर दुबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना श्रीनगर में पंजीकृत मुअसं. 262/2024 धारा 125(ए)/115(2)/ 352/ 351(2)/126(2) बीएनएस से सम्बन्धित एक नफर् वांछित अभियुक्त द्रगचन्द्र रैकवार पुत्र परमेश्वरी दयाल उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम पुरवा पनवाड़ी थाना अजनर जनपद महोबा को सेलामाफ तिराहे के पास वहद ग्राम ननौरा से गिरफ्तार किया है। इस दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक तमंचा 315 बोर व एक कारतूस 315 बोर नाजायज की बरामदगी की गयी है। को समय 20.12 बजे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । अभियुक्त के कब्जे से हुए अवैध शस्त्र की बरामदगी के आधार पर थाना श्रीनगर में मुअसं. 263/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया एवं नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

# ग्राम सबुआ में देशी बीजों के संरक्षण के लिए फील्ड डे का आयोजन



**महोबा।** ग्रामोंन्नति संस्थान महोबा के तत्वाधान में समर्थन एवं आरआरए नेटवर्क के सहयोग से चरखारी ब्लॉक के ग्राम सबुआ में आज देशी बीजों के संरक्षण और प्रोत्साहन हेतु फील्ड डे का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आरआरए नेटवर्क से आए विशेषज्ञ राजीव गुप्ता ने किसानों को देशी बीजों के महत्व और उनके पुनर्जीवन के तरीकों पर प्रशिक्षण दिया। उन्होंने किसानों को देशी बीजों का लेआउट तैयार करने और उनकी विधिवत बुवाई की प्रक्रिया भी सिखाई। यह बीज प्रदर्शन महिला किसान रामकुंवर (पति रामपाल) के खेत में आयोजित किया गया और ग्राम प्रधान गंभीर सिंह एवं सुरेंद्र त्रिपाठी की देखरेख में संपन्न हुआ।इस आयोजन में 40 से अधिक पुरुष एवं महिला किसानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और देशी बीजों की विशेषताओं तथा उनके उपयोग के फायदे समझे। ग्रामोंन्नति संस्थान की ओर से वरिष्ठ सलाहकार रुद्र प्रताप मिश्रा, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर सुंदरम सक्सेना, महेश राजपूत, महेश चौरसिया, और लक्ष्मी प्रसाद समेत संस्थान का स्टाफ भी उपस्थित रहा।

## मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0

# महिला सशक्तीकरण को उनके अधिकारों के प्रति किया जागरूक

महोबा, समृद्धि न्यूज़।



शासन की मंशा के अनुरूप महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वावलंबी, सशक्त बनाने और सुरक्षित माहौल प्रदान करने तथा उनके अधिकारों के सम्बंध में उनको जागरूक करने व उनके साथ घटित होने वाले अपराधों पर प्रभावी रोकथाम तथा उनमें सुरक्षा/आत्मविश्वास की भावना जागृत करने के उद्देश्य से समग्र अभियान 'मिशन शक्ति फेज-5.0 अभियान' चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जनपद महोबा में पुलिस अधीक्षक महोबा, पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक, वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन के प्रति जनपद के समस्त थानों की शक्ति दीदी/महिला बीट आरक्षियों/ एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्रान्तर्गत बीट/गांव/मंदिरों/ पॉर्को आदि में जाकर मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत चौपाल लगाकर बालिकाओं एवं महिलाओं की शिकायतों एवं समस्याओं की सुनवाई की गयी तथा 'मिशन शक्ति फेज-05' के सम्बन्ध में सभी बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया, उनकी समस्याओं को सुनते हुए उन्हें मनचलों, अराजक तत्वों से निपटने तथा आत्मरक्षा करने के लिए आवश्यक आत्मरक्षात्मक गुण सिखाये गये इसके साथ ही उन्हें उत्तर प्रदेश पुलिस एव शासन द्वारा बालिकाओं/महिलाओं की सुरक्षा एवं सहायता हेतु संचालित विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों जैसे- 1090-वुमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा थानों पर स्थापित महिला हेल्प डेस्क के बारे में विस्तृत जानकारी के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण से संबंधित उप्र शासन की विभिन्न योजनाओं व प्राथमिकताओ के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित कर जागरूक किया गया।

# लाडली बहना योजना ने दिलाई प्रचंड जीत : धनंजय शर्मा

- महाराष्ट्र में महायुति की बम्पर जीत पर एनसीपी अजीत गुट ने मनाया जश्न, बांटी मिठाइयां



**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

महाराष्ट्र विधानसभा में एनसीपी को मिली बंपर जीत के बाद एनसीपी नेता धनंजय शर्मा ने समर्थकों के बीच जश्न मनाया और मिठाइयां बांटीं। इस दौरान एनसीपी अजित पवार गुट के राष्ट्रीय सचिव धनंजय शर्मा का कहना था कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह साफ कर दिया है कि प्रदेश में फिर एक बार महायुति की सरकार बनने जा रही है।

महायुति की आंधी के आगे महाविकास अघाड़ी कहीं नहीं टिकी और 288 में सिर्फ 55 सीटें ही जुटा पाईं। महायुति को 223 सीटें मिली हैं। जिसमें एनसीपी अजीत गुट को 41 सीटों का योगदान शामिल है। महाराष्ट्र में एनडीए की सरकार बनने का श्रेय उपमुख्यमंत्री अजीत पावर को जाता है। उनके सुशासन और विकास कार्यों को वहां की जनता ने देखा और पसंद किया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और डिप्टी सीएम व एनसीपी प्रमुख अजीत पावर तथा महायुति के नेताओं ने साथ में मिलकर इस ऐतिहासिक जीत के सूत्रधार रहे।

श्री शर्मा ने कहा कि अजीत पंवार की लाड़ली बहना योजना ने महाराष्ट्र की बहनों का दिल जीता और महायुति की सरकार बनी। एनडीए के विश्वास और विकास पर जनता ने मोहर लगाई है। जनता ने बता दिया है कि वो एनडीए के साथ है। श्री शर्मा ने कहा कि ये जीत एनसीपी प्रमुख अजित दादा पंवार, पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रफुल्ल पटेल, महाराष्ट्र अध्यक्ष सुनील तटकरे ओर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरज शर्मा समेत पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं की मेहनत और कठिन परिश्रम से ही संभव हो पाई है। कांग्रेस के परिवारवाद एवं तुष्टिकरण की राजनीति को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के नतीजों में एनसीपी को नई पहचान दिलाई। उन्होंने इस जीत को केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों की जीत बताया।

इस मौके पर नम्मू भाई, विनय कुमार सिंह, राजू सिंह, साकेत सन्त मौर्या, विजय कन्नौजिया, नीरज दुबे, जलाल नईम खान, बबलू शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आशिक मिजाज दरोगा के ऊपर दर्ज हुआ मुकदमा

- हैदरगढ़ पुलिस जांच में जुटी

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



तहसील हैदरगढ़ के हैदरगढ़ थाना में किसान यूनियन की महिला की शिकायत पर अश्लील मैसेज भेजने वाले आशिक मिजाज दरोगा के विरुद्ध दर्ज हुआ केस, जांच में जुटी पुलिस पूरा मामला बाराबंकी जिले के हैदरगढ़ क्षेत्र का है हैदरगढ़ थाना पर बीते दिन रविवार को किसान यूनियन की दर्जनों महिला द्वारा दरोगा के खिलाफ व्हाट्सएप ग्रुप पर अश्लील मैसेज भेजने के आरोप लगाते हुए शिकायती पत्र दिया गया था। महिला ने जानकारी देते हुए बताया उक्त दरोगा से उसकी मुलाकात असन्द्रा थाना में एक वर्ष पूर्व हुआ था वन्ही पर उसका नम्बर हमने अपने व्हाट्सएप ग्रुप पर जोड़ दिया था बीते दो दिन पूर्व रात में 10:32 पर दरोगा द्वारा ग्रुप पर अश्लीलता भरे चैट भेजा गया जिसकी शिकायत कोतवाली हैदरगढ़ में कई गई थी। तो वही रविवार को हैदरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक अजय प्रकाश त्रिपाठी ने जानकारी देते हुए बताया है कि उक्त प्रकरण में केस दर्ज करते हुए मामले की जांच की जा रही हैं।

## खबरें एक नजर में

### गोवध का करें विरोध और गोसेवा कर जीवन को सार्थक बनायें : पाठक



**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** उरई मार्ग पर स्थित श्रीवीर बालाजी हनुमान मंदिर में पिछले सात दिनों से चल रही श्रीमदभागवत कथा का अंतिम दिन समापन किया गया। जिसमें भगवताचार्य आशू पाठक ने सुदामा चरित की कथा सुनाई और लोगों से गोपालन की अपील की। कथा के अंतिम दिन भगवताचार्य आशू पाठक ने भक्तों को भागवत को अपने जीवन में उतारने की बात कही जिससे सभी लोग धर्म की ओर अग्रसर हो। कथा के अंतिम दिन सुदामा चरित्र के माध्यम से भक्तों के सामने दोस्ती की मिसाल पेश की और समाज में समानता का संदेश दिया। साथ ही भक्तो को बताया कि श्रीमद् भागवत कथा का सात दिनों तक श्रवण करने से जीव का उद्धार हो जाता है तो वहीं इसे कराने वाले भी पुण्य के भागी होते है। उन्होंने कई उपदेशात्मक वृतांत सुनाकर भक्तों को निहाल भी किया। उन्होंने बताया कि मनुष्य का जीवन कई योनियों के बाद मिलता है। इसे कैसे जीना चाहिए, यह भी समझाया। कृष्ण और सुदामा की निश्छल मित्रता का वर्णन करते हुए बताया कि कैसे बिना याचना के कृष्ण ने गरीब सुदामा का उद्धार किया। मित्रता निभाते हुए सुदामा की स्थिति को सुधारा। उन्होंने गोवध का विरोध और गोसेवा व गोपालन करने पर भी जोर दिया। कथा समापन पर प्रसाद वितरित किया गया। कथा श्रवण कर रहे श्रद्धालुओं में पारीक्षित मंदिर के पुजारी कमलेश महाराज, पुष्पा देवी, विमला देवी, रानी देवी, रामकिशोर, अखिलेश, अनुराग शर्मा, सुनील, बृजेश महाराज, मानवेंद्र, राजा भइया, चंद्रभान, आरती, महिमा, प्रतिज्ञा, प्रीति, वंदना आदि मौजूद रहे।

### रंजिशन पति से की मारपीट, पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** रंजिश के चलते पति के साथ मारपीट करने एवं शिकायत करने पर भी पुलिस में सुनवाई न होने से परेशान पत्नी ने एसपी को शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लौना निवासी प्रीति पत्नी जितेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि बीती 30 अक्टूबर की शाम रंजिश के चलते गांव के ही कुछ लोग बाड़ा में आ गए और पति जितेंद्र कुमार के साथ गाली, गलौज करने लगे। पति ने जब उन्हें गाली देने से रोका तो उनेंने लोहे की रॉड और डंडों से उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में पति को काफी चोटें आई हैं। उनके हाथ और पैर में फ्रैक्चर आए हैं। जब वह पति को लेकर कोतवाली पहुंची तो पुलिस उन्हें सीएचसी ले गई जहां से उन्हें जिला अस्पताल उरई रेफर कर दिया गया। लेकिन इसके बाद पुलिस ने अब तक न तो आरोपियों के खिलाफन रिपोर्ट दर्ज की है और न ही अन्य कोई कार्रवाई की है। पीड़िता ने एसपी से मामले की जांच कराकर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### ई-रिक्शा चालक के साथ मारपीट कर दी धमकी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** ई रिक्शा चालक को मोहल्ले के ही व्यक्ति द्वारा गाली, गलौज व मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने की शिकायत पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर की है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बालमभट्ट निवासी खुशनूद ने पुलिस को बताया कि उनके मोहल्ले का ही एक युवक उससे किसी बात को लेकर रंजिश मानता है। रविवार की दोपहर वह बंबा पर अपना ई रिक्शा धोने गया था। वहां से वापस लौटने पर जब वह मोहल्ले में पहुंचा तो रास्ते में उपरोक्त युवक अपनी कार लेकर मिल गया और जबरन उसका रिक्शा रोककर उसके साथ गाली, गलौज करने लगे। मना करने पर मारपीट कर दी। उसे पिटता देख जब आसपास के लोग आए तो आइंदा जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बिजली शार्ट सर्किट से कागज फैक्ट्री में लगी आग, मैटेरियल राख

**कालपी (जालौन), समृद्धि न्यूज।** रविवार को बिजली की केबिल में स्पार्किंग होने से कागज फैक्ट्री में आग लग गई इस अग्निकांड में फैक्ट्री में रखा कच्चा मटेरियल जलकर खाक हो गया। घटना की सूचना मिलने पर दमकल कर्मियों ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मालूम हो की नगर के मोहल्ला रावगंज निवासी हाफ्जि अब्दुल राशिद की गौसिया हैंडमेड पेपर कागज फैक्ट्री लंगरपुर कर्बला रोड में स्थित है, रोज की तरह कागज फैक्ट्री में काम चल रहा था। समझा जाता है कि रविवार की सुबह समरसेबिल की मोटर की केबिल से स्पार्किंग होने से बिजली की चिंगारी से कपड़े की कतरन में आग सुलगने लगी। कतरन के ढेर में लगी ने धीरे धीरे बिकराल रूप धारण कर लिया। आसपास के लोगों ने आग में पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग पर काबू नही पाया जा सका। सूचना पाकर दमकल कर्मी तथा डायल-112 पुलिस मौके पर पहुंची तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की चपेट में कितना सामान का नुकसान हुआ इसका अभी आकलन नही हुआ है।

### 45 क्वार्टर देशी शराब ले जाते दो गिरफ्तार

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।** अलग अलग मामलों में पुलिस ने पुलिस ने दो व्यक्तियों के पास से 45 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफरिपोर्ट दज कर ली है। छिरिया चौकी प्रभारी मदनपाल को सूचना मिली कि अमखेड़ा से सरावन रोड पर संदिग्ध व्यक्ति कोई नशीला पदार्थ लेकर जा रहे हैं। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने वहां से जा रहे राजबहादुर लहचूरा और राबिनसन गोहनी को पकड़कर जब उनकी तलाशी ली तो पुलिस ने उनके पास से 45 क्वार्टर देशी शराब के बरामद किए। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।



## परिषदीय विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने किया आंचलिक विज्ञान केंद्र का एक्सपोजर विजिट

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** ब्लॉक संसाधन केंद्र से परिषदीय विद्यालयों के छात्र छात्राओं ने राष्ट्रीय अविष्कार विज्ञान एक्सपोजर भ्रमण के तहत आंचलिक विज्ञान नगरी में पहुंचकर बच्चों ने तमाम जानकारियां हासिल की। सिरौलीगौसपुर ब्लॉक क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं को खंड शिक्षा अधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में गठित टीम में आशुतोष आनन्द,अभिषेक सिंह,बृजेश शुक्ला ,विकास जायसवाल,शोएब अहमद,धर्मराज ,फरीदा खातून,शाइस्ता आफरीन ,रीना कुमारी,सारिका कनौजिया,प्रह्लाद कुमार कनौजिया,आशुतोष कुमार,संजय ,दौलत राम आदि ने बच्चों को जानकारी दी। भ्रमण पर गए बच्चों को आंचलिक विज्ञान नगरी लखनऊ में साइमैक्स थिएटर, थ्री डी प्रेक्षागृह ,अंडर वाटर एक्सप्लोरेशन, जैव प्रौद्योगिकी क्रांति, अंतरिक्ष प्रदर्शनी, तारामंडल ग्रहण विज्ञान, द्रव्य विज्ञान, फन साइंस गैलरी के बारे में विस्तृत जानकारी हासिल कर वापस पहुंचने पर अपने सहपाठियों को मिली जानकारियों का आदान प्रदान किया।

## नाली की ईंट को लेकर हुए विवाद में मारपीट

**जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।** नाली में ईंट फेंकने की बात को लेकर हुये विवाद में? मारपीट करने पर पीडित ने थाना में शिकायत की। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।बताते चलें कि उमर फारुक पुत्र मो अमीम निवासी मोहल्ला मेहदी कटरा थाना व कस्बा जैदपुर जिला बाराबंकी जैदपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनांक 23-11-24 को समय लगभग शाम 4:30 बजे नाली में फर्जी ईटा फेकने को लेकर नदीम पुत्र मो इमदाद, आमिर पुत्र अज्ञात, अलकमा पुत्र अज्ञात व उजैफा पुत्र अजात निवासीगण महमूदपुर थाना व कस्बा जैदपुर ने प्रार्थी को गन्दी गन्दी गालियां दी और लात घूसों ईटो तथा बैट से मारापीटा है। जान से मारने की धमकी दी। प्रार्थी के भाई ताहाब,खुबैब व मोशीनरजा ने मौके पर पहुंचकर बीच बचाव कराया। जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# एल्यूसीसी कम्पनी के एजेंट पर मुकदमा दर्ज, कम्पनी के कार्यालय बन्द

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र में संचालित एलयूसीसी कंपनी का कार्यालय बंद। लाखो रुपए उपभोक्ताओ के कंपनी में फंसे।कोतवाली बदोसराय में पीड़ित महिला ने दर्ज कराया मुकदमा।कंपनी के फरार होने की भनक से निवेशकों के होश उड़ गए हैं।पुलिस जांच शुरू कर दिया है।महिला ने आरोप लगाया कि 84 माह में पैसा दुगना करने का झांसा देकर एजेंट ने पैसा जमा करवाए थे।

कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम बरोलिया निवासी किरन वर्मा का आरोप है कि उनके गांव के रहने वाले रामनरेश वर्मा ने फर्जी कंपनी द लोनी अर्बन मल्टी स्टेट क्रेडिट एंड थ्रिप्ट कोऑपरेटिव सोसाइटी कंपनी एलयूसीसी चलाते हैं। 23 दिसंबर 2021 को उनको लालच दिया गया की 1.25 लाख रुपए जमा करने पर 84 माह के बाद में 2.70 लाख रुपए मिलेंगे।झांसे में आकर महिला ने 1.25 लाख रुपए दिए कुछ दिन बाद उन्हें एक लाख का बांड दिया गया ।25 हजार कम की बात कही तो आरोपित ने कहा कि भुगतान होने पर मिलेगा। 2 अगस्त 24 को रामनरेश पीडिता के घर जाकर बांड अपडेट करने का झांसा देखकर बांड व आधार कार्ड ले गया। कुछ दिन बाद बांड वापस कर दिया। तमाम अफवाहें सुनकर 13 नवंबर 24 की शाम को पीड़िता ने आरोपित ने व्यक्ति से रुपए मांगने गई तो उसके पुत्र अमन व गुलशन भड़क गए और भगा दिया। 20 नवंबर को रामनरेश व उसकी पत्नी अनारकली पुत्र गुलशन व अमन पुत्री लक्ष्मी वर्मा और दामाद देवेंद्र वर्मा आदि ने पुत्री वैष्णवी को गाली देते हुए मारा और हत्या की धमकी थी। पीडित महिला ने वहां से लौटकर कोतवाली पहुंची केस दर्ज करा दिया है।थाना सफदरगंज क्षेत्र के सैदनपुर कस्बे में 5 वर्षों से एलयूसीसी का बोर्ड लगाकर कार्यालय संचालित किया जा रहा था। 15 दिनों से यहां पर कोई भी कर्मचारी नहीं आ रहा है कार्यालय बंद रहता है।जिसके बाद से कंपनी में पैसा जमा करने वाले विकास मौर्य, अजय, सुभम, आकाश आदि ने बताया कि समय पूरा होने के बावजूद कम्पनी पैसा वापस नहीं कर रही है। हम लोग काफी परेशान हैं।इस संबंध में कोतवाली बदोसराय थानाध्यक्ष संतोष सिंह ने बताया मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# यात्रा का उद्देश्य अमर शहीदों को यथोचित सम्मान दिलाना : बृजेश

- शहीद रामचंद्र विद्यार्थी संग्रहालय में पर्यटन विभाग का कार्यालय बनाये जाने का विरोध

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**




देवरिया में स्थित अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी संग्रहालय में पर्यटन विभाग का कार्यालय बनाए जाने के विरोध में निकाली जा रही शहीद सम्मान रथयात्रा रविवार की सुबह देवनगर चौराहे पहुंची। जहां प्रजापति समाज के लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया।

पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति के नेतृत्व में शहीदों को सम्मान दिलाने के लिए 5 नवंबर से देवरिया से शहीद सम्मान रथ यात्रा की शुरूआत की गई है, जिसका समापन कार्यक्रम 5 दिसम्बर को देवरिया में ही किया जाएगा। नगर में पहुंचने पर पूर्व विधायक ने कहा कि यात्रा उद्देश्य अमर शहीदों को यथोचित सम्मान दिलाना है, जिनका नाम और योगदान धीरे धीरे इतिहास के पन्नों से गायब हो रहा है। देवरिया में अमर शहीद रामचंद्र विद्यार्थी के नाम पर स्थापित संग्रहालय में पर्यटन विभाग का दफ्तर बनाया जाना किसी कीमत पर बर्दाश्त नही किया जाएगा, यह अमर शहीदों का अपमान है। उनके द्वारा 30 दिवसीय यात्रा के माध्यम से समाज के बंधुओं को प्रत्येक जनपद में जाकर अवगत कराया जा रहा है। कहा कि अमर बाल शहीद रामचंद्र विद्यार्थी के बलिदान की कहानी लोमहर्षक है। पढ़ने-सुनने वाले के रोम रोम को झनझना देती है। प्रजापति समाज के एक तेरह वर्ष के मासूम से बालक रामचंद्र विद्यार्थी द्वारा देश के लिए किए गए उच्चतम बलिदान की जीवनगाथा अन्यत्र नहीं मिलती। सन् 1942 के अंग्रेजो भारत छोड़ो आंदोलन में शहीद हुए इस परमवीर बालक की जो कहानी इस देश के बच्चों के मन-मन में होना चाहिए। सरकार उसे विस्मृत करना चाहती है। उनके स्मरण स्थल पर अतिक्रमण संग्रहालय में कार्यालय बनाया जा रहा है। इसे हर हाल में रोका जाएगा। नगर में यात्रा पहुंचने पर प्रजापति समाज के लोगों ने यात्रा का जोरदार स्वागत किया गया। पूर्व विधायक बृजेश प्रजापति को फूल मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर आदर्श प्रजापति सभा युवा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल प्रजापति, अधिवक्ता कमलेश प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, सुरेश प्रजापति, अनिल प्रजापति, अनीस प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# उर्वरक बिक्री केंद्रों का जिला कृषि अधिकारी ने किया निरीक्षण

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



जिला कृषि अधिकारी द्वारा तहसील हैदरगढ़ एवं रामसनेहीघाट में 8 उर्वरक बिक्री केंद्रों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अभिलेखों से एवं पीओएस मशीन से स्टाक का भौतिक सत्यापन किया गया तथा विक्रेताओं को कड़े निर्देश दिए गए की कृषकों। को पीओएस मशीन से ही निर्धारित दर पर उर्वरक बिक्री सुनिश्चित करें। यद कोई विक्रेता अधिक दर पर बिक्री करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध ई सी एक्ट, 3 / 7 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया जाएगा। जांच के दौरान साधन सहकारी समिति रामपुर का भी निरीक्षण किया गया जहां पर 300 बोरी डीएपी प्राप्त हुई थी। सचिव द्वारा बताया गया कि सभी कृषकों को द2 से 3 बोरी के अनुसार उर्वरक का बिक्री किया जा रहा है। सचिव द्वारा बताया गया कि आईपीएल की डीएपी प्राप्त। होने वाली है। इस संबंध में सचिव को निर्देशित किया गया कि कृषकों को

उनकी जोत एवं भूमि अभिलेख के अनुसार ही उर्वरक बिक्री सुनिश्चित करें तथा वितरण हेतु समिति पर समय से उपस्थित रहें ताकि कृषक सुगमता से उर्वरक प्राप्त कर सकें।

# डाकघर की रेलवे विंडो समस्याओं के मकड़जाल में उलझी

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**

डाकघर में बने रेलवे टिकट विंडो पर कंप्यूटर और मशीन में आए दिन समस्या आने से टिकट नहीं बन पाते हैं। जिससे नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले लोगों को परेशानी होने का आरोप लगाते हुए बागवान सेवा समिति ने रेलमंत्री को पत्र भेजकर समस्या का समाधान कराने की मांग की है।

बागबान सेवा समिति के अध्यक्ष अशफाक राइन ने रेल मंत्री को पत्र भेजकर बताया कि नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग रेल से यात्रा करने के लिए नगर के उप मुख्य डाकघर में खुले रेलवे रिजर्वेशन काउंटर पर पहुंचते हैं। इनमें बंगरा, माधौगढ़, अजीतापुर, रामपुरा, कुठौंद, हदरूख, आदि पूरे क्षेत्र के लोगों को इसका लाभ मिलता था। हालांकि कभी कभार टिकट बन भी जाते हैं। लेकिन अब कभी सर्वर न आने, कभी कम्प्यूटर तो कभी प्रिंटर या अन्य कोई समस्या यहां बनी ही रहती है। दूर दूर से आने वाले लोगों को इस समस्या के चलते कई बार वापस लौटना पड़ता है। जिसमें उनका समय और धन दोनों की खर्च होता है। लेकिन इसका लाभ कुछ नहीं मिलता है। मजबूरी में या तो उन्हें घर जाना पड़ता है या फिर उन्हें उरई आरक्षण खिड़की पर जाना पड़ता है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि आरक्षण काउंटर पर लगी पुरानी मशीनों को बदलवा दिया जाए। ताकि इस प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। साथ ही टिकट बनने से रेलवे को भी राजस्व का लाभ होगा।

# पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता आयोजित

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**



सहोदय इटावा सीबीएसई स्कूल संगठन के तत्वावधान में गर्ल्स खो-खो प्रतियोगिता का सफल आयोजन पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल, इटावा में हुआ। इस प्रतियोगिता का संयोजन डॉ. कैलाश चंद्र यादव (डीटीसी, सीबीएसई एवं प्रधानाचार्य, पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल) द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, श्री शिवपाल सिंह यादव जी ने बच्चों को आशीर्वाद प्रदान किया और उन्हें खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। उनके साथ विशिष्ट अतिथि श्री आशीष पटेल भी उपस्थित रहे। डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने सभी अतिथियों का स्वागत एवं सम्मान करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं। मैचों का संचालन आब्जर्वर अवलेंद्र (प्रधानाचार्य, डिवाइन लाइट) की देखरेख में हुआ।

प्रतियोगिता में सहोदय संगठन से जुड़े प्रमुख स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की, जिनमें एस.एन. यादव, अभिषेक सक्सेना, फादर शिजु, धर्मेंद्र शर्मा, बृजभूषण शर्मा, अनूप मिश्रा, भास्कर शर्मा, और एच.एन. पांडेय प्रमुख रूप से शामिल रहे। प्रबंधक श्री पवन कुमार भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। डॉ. कैलाश चंद्र यादव ने प्रतियोगिता में भाग लेने वाले 22 टीमों के खिलाड़ियों, उनके कोचों और स्कूल प्रधानाचार्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने आयोजन के लिए समर्पित प्रयासों हेतु देवेंद्र पाल जी का धन्यवाद किया।

मैच रेफरी की भूमिका इंद्रपाल सिंह, भोला सिंह, लाल सिंह, नरदेव सिंह, संजय सिंह एवं भानु प्रताप सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता सेंट मेरी एवं विवेकानंद की टीमें रहीं । टीमों को मेडल, सर्टिफिकेट और शील्ड देकर सम्मानित किया गया। यह आयोजन खेलकूद के क्षेत्र में छात्राओं की प्रतिभा को निखारने और उनकी खेल भावना को बढ़ावा देने का बेहतरीन उदाहरण है।

# पत्रकारों का उत्पीड़न कतई बर्दाश्त नहीं : हरिगोबिन्द चौबे

- पत्रकारों के रोष को देख नेता ने मांगा माफी
- नेता के माफीनामे के बाद विवाद का पटाक्षेप
- पत्रकारों से बहस के बाद खड़ा हो गया था विवाद

**सहजनवां, समृद्धि न्यूज।**



शनिवार को तहसील के पास पत्रकारों के साथ एक पार्टी के पदाधिकारी द्वारा किए गए विवाद का रविवार को पटाक्षेप हो गया।

पार्टी के नेता द्वारा लिखित माफीनामे के बाद पत्रकारों ने अपनी शिकायत वापस ले ली।इस मामले को लेकर रविवार को मामला काफी गर्म रहा।बताते चलें कि शनिवार को कुछ पत्रकार तहसील रोड स्थित मीडिया कार्यालय के पास बैठे हुए थे। इसी बीच एक पार्टी के विधानसभा क्षेत्र स्तर के एक पदाधिकारी ने महाराष्ट्र,झारखंड तथा यूपी उपचुनाव को लेकर उनसे बहस कर दी।पत्रकारों द्वारा विरोध किए जाने पर उक्त नेता ने विवाद शुरू कर दिया।विवाद बढ़ता देख मामले में पत्रकारों ने सहजनवां थाने में तहरीर दी। इधर,रविवार को पत्रकारों ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल तथा मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा।बाद में पत्रकारों का हुजूम थाने पर पहुंचा।

पत्रकारों द्वारा उक्त नेता द्वारा किए गए दुर्व्यवहार पर तीखा रोष प्रकट करते हुए थानाध्यक्ष से तत्काल मुकदमा दर्ज करने की मांग की गई।वार्ता के क्रम में उक्त नेता द्वारा पत्रकारों से लिखित माफी मांगे जाने तथा भविष्य में इस तरह की घटना की पुनरावृति न किए जाने की बात पर पत्रकारों ने सामूहिक निर्णय लेते हुए विवाद का पटाक्षेप कर दिया।इस दौरान डॉ मंगल शुक्ल, हरगोविंद चौबे बी ड़ी शुक्ल, संजय दुबे, दिनेश शुक्ला, सत्यप्रकाश त्रिपाठी, सत्यब्रत त्रिपाठी, हामिद अंसारी, अश्वनी कुमार, उपेंद्र त्रिपाठी, अमित पांडेय, अमित उपाध्याय, प्रधान प्रवासी, पुरषोत्तम अग्रवाल, आधाराम मिश्रा, रणविजय दुबे, दुर्विजय सिंह, संदीप दुबे, राघवेंद्र त्रिपाठी, प्रिंस श्रीवास्तव, सिंटू मिश्रा, सर्वेश पांडेय, सुदर्शन शुक्ला बेचन शर्मा, रफीक अहमद, अनिल कुमार मिश्रा, विवेक पांडे पवन सिसौदिया, अशोक चौधरी, अशोक, संत राज यादव दंन त्रिपाठी, सन्तोष भट्ट, सुनील मिश्रा, शैलेष त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, दिवाकर त्रिपाठी, संजय उपाध्याय, मुकेश दुबे, अमित सिंह, मुक्तेश्वर सिंह, प्रयाग कुमार, पन्ने लाल चौधरी, उमेश यादव, सतेंद्र अग्रहरि, कन्हैया, सुदर्शन शुक्ला, अचर्य नाथ मिश्रा सहित सैकड़ों पत्रकार मौजूद रहे।

# काशीपुरा माइनर में टेल तक पानी न पहुंचने से किसान परेशान

**जालौन (उरई), समृद्धि न्यूज।**



काशीपुरा माइनर में टेल तक पानी न पहुंचने से लोग पलेवा के लिए परेशान हो रहे हैं। किसानों ने पानी टेल तक पहुंचाने की मांग जिला प्रशासन से की है।

जालौन रजवहा से काशीपुरा माइनर निकला है। इसी माइनर के पानी से काशीपुरा, सारंगपुर, जगनेवा, कुठौंदा बुजुर्ग आदि गांवों के किसान फसल की सिंचाई करते हैं। ग्रामीण गजेंद्र सिंह, ज्ञान दोहरे, जवाहर सिंह, पुष्पेंद्र कुशवाहा, रामप्रकाश कुशवाहा आदि ने बताया कि करीब एक पखवारे से इस माइनर का पानी टेल तक नहीं आ रहा है। ऐसे में खेत में गेंहू की फसल बोई गई है उसका पलेवा नहीं हो पा रहा है। अभी खेत में पेलवा की जरूरत है। पानी न मिलने से फसल की पैदावार कैसे होगी यह चिंता सता रही है। जो किसान साधन संपन्न हैं वह तो नलकूप आदि से अथवा जनरेटर आदि के माध्यम से अपने खेत में पलेवा कर ले रहे हैं। लेंकिन जिन किसानों के पास साधन नहीं हैं वह पलेवा के लिए परेशान हो रहे हैं। यदि खेत में पलेवा नहीं हो पाया तो फसल की पैदावार भी नहीं हो पाएगी। वैसे भी इस वर्ष किसान अतिवृष्टि के चलते परेशान रहा है यदि अबकी भी फसल नहीं हुई तो भरण पोषण भी मुश्किल होगा। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जिला प्रशासन को माइनर का पानी टेल तक पहुंचाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। ताकि किसानों को खेतों में पलेवा के लिए परेशान न होना पड़े।

# गोवंशों के रख-रखाव में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

**▸ डीएम बोले मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना पर विशेष ध्यान दें**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी

सभी गौशालाओं में ठंड को लेकर सभी व्यवस्था पूर्ण होनी चाहिए। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी और उनकी पूरी टीम समय- समय पर गौशालाओं का विजिट करें और आवश्यकतानुसार चिकित्सा मुहैया कराएं। यह निर्देश जिलाधिकारी ने अधिकारियों को दिए।

जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में गौशाला, गोवंश संरक्षण के संबंध में बैठक की।

जिलाधिकारी ने कुल गोवंश के सापेक्ष जिओ टैग और बिना टैग वाले गोवंश की सूचना न दिए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि पूरी टीम गौशालाओं में जाकर पुनः रिकाउंटिंग कर गोवंश की कुल संख्या और टैग व बिना टैग वाले कितने गोवंश हैं। बैठक जो भी मिनिट्स जारी होते हैं उनका शत प्रतिशत पालन किया जाए। न किए जाने की दशा में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। मुख्यमंत्री निराश्रित गोवंश सहभागिता योजना पर विशेष फोकस किया जाए।

लोगों को समय से भुगतान हेतु माह वाइज सत्यापन भी कराया जाए। गौशाला और सहभागिता योजना के भुगतान को पुनः रिचेक करें। जिन गौशालाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्हें शीघ्र संचालित किया जाए। बैठक में जिला विकास अधिकारी एनडी द्विवेदी, उपायुक्त मनरेगा जितेन्द्र यादव, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ कर्ण सिंह सहित संबंधित अधिकारीगण रहे।

# छिबरामऊ से तालग्राम रोड पर सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास शुरू

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**



पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद एवं जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के निर्देशानुसार रोड सेफ्टी की मीटिंग में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार, एआरटीओ ईज्या तिवारी एवं प्रभारी यातायात आफाक खां द्वारा छिबरामऊ से लेकर ताल ग्राम तक होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के कारणों का पता लगाया।

विभागों द्वारा क्या-क्या आवश्यक कार्यवाही की जा सकती हैं जिससे सड़क दुर्घटनाएं रोकी जा सकें। उन सब पर भौतिक निरीक्षण करते हुए रिपोर्ट तैयार की गई है। जो अगली रोड सेफ्टी की मीटिंग में जिलाधिकारी महोदय एवं पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। ताकि उक्त रोड पर सड़क दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। यह सड़क दुर्घटनाएं छिबरामऊ के पूर्वी बाईपास से तालग्राम मोड़ तक अधिक हुई है। जिनको रोकने का प्रयास किया जा रहा है।

# नशे की हालत में वाहन चलाने पर किया जाएगा सीज

**▸ यातायात पुलिस ने ओवर लोडिंग 24 वाहनों के काटे चालान**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज़।**


ऑटो चालक को हिदायत देते यातायात प्रभारी आफाक खां

अपने जीवन और परिवार को ध्यान में रखते हुए। दो पहिया वाहन चालक हेलमेट और चार पहिया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाकर ही वाहन चलाएं। जिससे कि अपने घर-परिवार तक सुरक्षित पहुँच सके। यह बात यातायात प्रभारी आफाक खा ने यातायात नियमों के प्रति जागरूक करते हुए कही।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के निर्देशन में यातायात प्रभारी आफाक खां ने शहर में पाल चौराहा बैरियर चेक पोस्ट पर ओवर लोडिंग कर रहे सवारी वाहनों के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 24 वाहनों के चालान किए गए। एक वाहन कोतवाली में सीज किया गया। वही ब्रेथ एनालाइजर से नशे में वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध भी चेकिंग का अभियान चलाया। नशे की हालत में ड्राइविंग करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की गई।

यातायात प्रभारी ने बताया गया कि सवारी वाहनों में ओवरलोडिंग बिल्कुल नहीं चलने दी जाएगी। नशे की हालत में वाहन चलाते पाए जाने पर वाहन को सीज किया जाएगा। वाहन चालकों एवं सवारियों को प्रभारी द्वारा यातायात नियमों की जानकारी दी।

# फातहे बिलग्राम मिशन की तरफ से लगे फ्री मेडिकल कैम्प में पहुंचे 142 मरीज

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर के मोहल्ला जेरकिला स्थित डॉक्टर हबीब के घर के सामने इमाम चौक के पास आज फ़ातेह बिलग्राम मिशन की तरफ से मेडिकल कैंप का आयोजन सुबह 9 बजे से शाम 5 तक किया गया ।

हुजूर अनीसुल मशायख हज़रत मौलाना पीर सैय्यद अनस मुस्तफा वास्ती कादरी साहब की सरपरस्ती में कमेटी ने बताया कि फ़ातेह बिलग्राम मिशन मेडिकल कैम्प में फर्रुखाबाद से आ रहे पेट व छाती (क्षय रोग) विशेषज्ञ एमबीबीएस डॉक्टर अंकित मिश्रा, डॉक्टर आरिफ खान बीएएमएस जनरल फिजिशियन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आकृति एवं डॉक्टर स्टाफ सोनी, संजय के द्वारा मरीजों देखा गया । जिसमें हज़रत ने सभी नगर वासियों से कैम्प में अधिक से अधिक मरीज़ों को लाने की गुज़रिश की थी इस दौरान फ़ैसल खान, अनवार आलम, महमूद मंसूरी, फैसल अली बास्ती, जाहिद चिश्ती, मुन्ना, शहजाद खान आदि लोगो की मौजूदगी में मरीजों को दवाई देकर बहुत ही शांति और सदभाव तरीके से देखा गया।

# रोहित वर्मा व शान्ति यादव आईसीटी पुरस्कार के लिए चयनित

**आईसीटी की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में कन्नौज जिले के दो शिक्षकों ने पाया स्थान**


शिक्षिका शांति यादव


शिक्षक रोहित वर्मा

तिर्वा, समृद्धि न्यूज। प्राइमरी विद्यालयों में तकनीकी विधाओं का प्रयोग कर बच्चों के लिए पढ़ाई को रूचिकर बनाने के लिए जिले के दो शिक्षकों का आईसीटी प्रतियोगिता के लिए राज्य स्तर पर चयन किया गया है। इनमें प्राथमिक विद्यालय तिर्वाखास के रोहित कुमार वर्मा व उच्च प्राथमिक विद्यालय जाफराबाद सौरिख की शान्ति यादव राज्य स्तर पर नवीन तकनीकी विधाओं का प्रस्तुतीकरण देगें। इनके चयन पर जनपद के शिक्षकों ने दोनो को बधाई दी है। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उ0प्र0 लखनऊ ने जिला स्तर पर शिक्षको हेतु राज्य आईसीटी (इन्फ़ॉर्मेशन कम्प्यूनिकेशन टेक्नोलॉजी) प्रतियोगिता का आयोजन कराया था। इसमें जनपद के विभिन्न प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों ने प्रतिभाग किया था। इसका उद्देश्य परिषदीय विद्यालयों के छात्र–छात्राओं को आधुनिक तकनीकी के जरिए बेहतर शिक्षण देने के लिए यह प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। जिसमें शिक्षकों ने अपनी प्रस्तुति दी थी। प्रतियोगियों के मूल्यांकन के आधार पर पर उमर्दा विकास खण्ड के रोहित वर्मा व सौरिख विकास खण्ड से शान्ति यादव को चयनित किया गया है। डॉयट प्रवक्ता राजेश वर्मा व शशिकान्त शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया कि ऐसे शिक्षक जो ऑनलाइन माध्यम से बच्चों को पढ़ा रहे है व डिजिटल तकनीक का ज्यादा से ज्यादा प्रयोग कर रहे है। उनको प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# विधान सभा स्थित मतदाता स्थानों का भ्रमण कर दिये आवश्यक दिशा-निर्देश

**छिबरामऊ, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शुभ्रान्त कुमार शुक्ल ने निर्वाचक नामावलियां विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 के अन्तर्गत छिबरामऊ विधान सभा स्थित हीरालाल वी0एन0 इंटर कॉलेज छिबरामऊ में स्थित मतदेय स्थलों का भ्रमण किया। उन्होने संबंधित बूथ लेवल अधिकारियों को निर्देश दिये कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अर्हता तिथि 01.01.2025 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 में दिनांक 29.10.2024 से दिनांकः 28.11.2024 तक फार्म-6, 7, 8 प्राप्त किए जाएगे। आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दिनांक 09-11-2024 (शनिवार), दिनांक 10-11-2024 (रविवार), दिनांक 23-11-2024 (शनिवार) एवं दिनांक 24-11-2024 (रविवार) चार विशेष अभियान की तिथियां निर्धारित की गयी है। के अन्तर्गत कल भी ससमय उपस्थित होकर ऐसे अर्ह मतदाता जो 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है, उनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने हेतु फार्म-6 (आयु प्रमाण पत्र सहित) तथा नाम में इंगित त्रुटि को शुद्ध कराने हेतु फार्म-8 एवं अपमार्जन हेतु फार्म-7 भराकर सही करायें।

# पुलिस ने शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए बाइक से गश्त कर कराया सुरक्षा का एहसास

**समधन, समृद्धि न्यूज़।**


समधन में बाइक से रूट मार्च करते पुलिस के जवान

नगर में शान्ति व्यवस्था बनायें रखने के लिये कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च निकालकर लोगों को शान्ति का पैगाम दिया गया

रविवार शाम को समधन नगर मैन सड़क पर गुरसहायगंज कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे व समधन चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह के नेतृत्व में बाइकों व फोर व्हीलर वाहनों पर संवार होकर पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च करके लोगों को शान्ति व्यवस्था बनाये रखने का आह्वान किया गया

चौकी प्रभारी राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि सम्भल में हुई घटना को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त नजरिया अपना रहा है कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वाले किसी को बक्सा नहीं जायेगा।

# देवकन्या पूजन कर मनाई गई रजत जयंती

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सेवा समर्पण दिवस को हुआ 25 वां वर्ष नगर के ख्याति प्राप्त शक्तिपीठ, नगर के धार्मिक स्थलों में से एक है जहां आए दिन धार्मिक आयोजन हुआ ही करते हैं

शक्तिपीठ गमा देवी में अखंड महामृत्युंजय मंत्र का पाठ एवं दुर्गा चालीसा के पाठ के साथ पचासों अखंड श्री रामायण के पाठ हो चुके हैं ऐसे शक्तिपीठ गमा देवी के पुजारी के रूप में पंडित बनारसी दास शास्त्री सन 1999 में छिबरामऊ की पवित्र धरती पर सेवा समर्पण का आत्म संकल्प लेकर आए जिसका 24 नवंबर 2024 रविवार को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया जिसमें देव कन्याओं का श्रद्धा भाव से पूजन मंगलमय स्वस्तिवाचन कर देव कन्याओं को तिलक लगाकर एवं मस्तक पर चुनरी बांधकर फल प्रसाद देते हुए पूजन किया और देव कन्याओं को परिक्रमा कर प्रणाम किया। उन्होंने भगवती जगत जननी के रूप में आई हुई देव कन्याओं से प्रार्थना की कि उनका जीवन इसी प्रकार सामाजिक व धार्मिक कार्यों में लगता रहे इस अवसर पर नगर के श्रद्धालु जन भी आधिकाधिक संख्या में मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### नियमो का उल्लंघन करने वाले लगभग 70 वाहनों के चालान की कार्यवाही एमवी एक्ट के तहत की

**छिबरामऊ कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे यातायात माह के अंतर्गत रविवार को टीएसआई अरशद अली द्वारा छिबरामऊ कस्बे में पहुंच कर ट्रक चालको,ई–रिक्शा/ऑटो टैक्सी चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया गया कि तेज गति में वाहन न चलाए,ओवर टेक करते समय दिन में हॉर्न का तथा रात्रि में डिपर का प्रयोग अवश्य करें,टैक्सी वाहनों पर सवारी लटका कर न चलें, वाहन में मानक से अधिक सवारी न बैठाए तथा वाहन चेकिंग के दौरान शराब का सेवन कर वाहन चलाने वाले,तेज गति से वाहन चलाने वाले,वाहन चलाते मोबाइल फोन से बात करने वाले,सीट बेल्ट का प्रयोग न करने वाले,गलत दिशा में वाहन चलाने वाले,बिना बीमा,बिना ड्राइविंग लाइसेंस,काली फिल्म,बिना हेलमेट के वाहन चलाने वाले,फालटी नंबर प्लेट,ओवर लोड सवारी आदि नियमो का उल्लंघन करने वाले लगभग 70 वाहनो के चालान की कार्यवाही एम वी एक्ट के अंतर्गत की गई।इस अभियान में आरक्षी यशपाल सिंह,होमगार्ड बलराम यादव, पीआरडी प्रदीप दुबे आदि मौजूद रहे।

### शादी में गए युवक से मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** शादी समारोह में शामिल होने गए युवक से गांव के लोगों ने गाली गलौज की। मना करने पर उसे मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर आरोपितों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम पछायेपुरवा निवासी शिवम पुत्र मानसिंह ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 20 नवंबर की रात करीब 10 बजे जब वह सियरमऊ गांव में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था। जहां पहले से मौजूद बाबू जी, जहरीला, अखिलेश, मनीराम ने उसके साथ बेबजह गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर उसे लात, घूसों व डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घर में सो रही युवती से छेड़छाड़

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** रात में घर में सो रही युवती से गांव के ही एक युवक ने छेड़छाड़ शुरू कर दी। युवती ने शोर मचाया। जिसके बाद युवक फरार हो गया। पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को आरोपित युवक के विरुद्ध शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम निवासी युवक ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है कि 22 नवंबर की रात करीब 03 बजे जब उसकी पुत्री घर पर सो रही थी। उसी समय गांव का ही एक युवक उसकी छत के जरिए घर में घुस आया और उसकी पुत्री से छेड़छाड़ शुरू कर दी। शोर मचाने पर आरोपित युवक छत से कूदकर भाग गया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सिपाही सहित पांच के विरूद्ध दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** महिला ने सिपाही व उसके परिजनों पर दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली में पांच लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। ग्राम निवासी महिला ने बताया कि थाना ठठिया की चौकी सुर्सी में तैनात सिपाही कस्बा शिव मंदिर नई बस्ती होकर हेरी थाना भोपा मुजफ्फर नगर अंकुर जाट निवासी ने 04 वर्ष पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसा लिया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद उसने 29 जून 2024 को न्यायालय के आदेश पर कोतवाली गुरसहायगंज में मुकदमा दर्ज कराया। जिस पर सिपाही ने उससे सुलह करते हुए शादी कर ली। 27 सितंबर को सिपाही अंकुर जाट, सास मुनेश, ननद मोनिका, ममिया ससुर अनिल व प्रशांत उसके मायके में आए और उसके पिता से दस लाख रुपये कार की मांग की। विरोध करने पर उसके पिता से जाति सूचक अभद्रता कर मारपीट की और धमकी दी। कोतवाली पुलिस ने पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद के आदेश पर पति सहित पांच लोगों के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# पुनरीक्षण कार्य में मिली लापरवाही तो होगी कार्रवाई

**▸ अपर आयुक्त कानपुर ने किया बूथों का निरीक्षण**

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


बूथ पर कर्मियों को निर्देश देतीं अपर आयुक्त रेनू सिंह

मतदाता पुनरीक्षण कार्य को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है। अपर आयुक्त कानपुर ने बूथों का स्थालीय निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि कोई भी कर्मी कार्य में लापरवाही न बरते। बीएलओ पूर्ण सत्यापन कर नये मतदाताओं को जोड़ने व स्थापित मतदाताओं को सूची से विलुप्त करने का कार्य करें।

रविवार को अपर आयुक्त कानपुर रेनू सिंह ने मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत कस्वा समधन के विभिन्न बूथों का स्थलीय निरीक्षण कर पुनरीक्षण कार्य की जानकारी ली। इस दौरान अपर आयुक्त कानपुर ने कस्बा समधन के कन्या प्राथमिक विधालय व सैयद नूर अहमद उमा विद्यालय में बूथ पर मौजूद बीएलओ से अब तक भरे गए फार्म, डोर टू डोर सर्वे की स्थिति की जानकारी ली। कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

एक जनवरी 2025 को जो भी युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। इसके साथ ही जो लोग मृतक हो गए या बाहर रह रहे हैं। उनका नाम मतदाता सूची से हटाया जाए। उन्होंने बीएलओ से कहा कि मतदाता पुनरीक्षण विशेष अभियान दिवस पर सभी बूथ खुले रहने चाहिए। मतदाता पुनरीक्षण कार्य को निष्पक्ष और सुचारु ढंग से संपन्न कराया जाए। चेतावनी दी कि 18 वर्ष या उससे ऊपर के कोई भी मतदाता का नाम सूची में छूटने न पाए। इस दौरान नायब तहसीलदार भारत कुमार मौर्य, लेखपाल अतुल प्रताप, एडिशनल कमिश्नर कानपुर मंडल बूथों का निरीक्षण करती हुई उपस्थित लेखपाल अतुल प्रताप सिंह एवं सहायक राम प्रकाश, पदाभीत मो जमाल, बीएलओ मों हनीफ अली, सतीश चन्द्र, अभिषेक कुमार, शोयब, अताउल्ला आदि मौजूद रहे।

### 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ 28 नवबंर से

**तिर्वा, समृद्धि न्यूज।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांति कुंज हरिद्वार द्वारा 24 कुण्डीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं संगीतमय पावन प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन कस्बे के सिद्धपीठ मां काली देवी मंदिर 28 नवंबर से शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम 01 दिसम्बर तक चलेगा। गायत्री परिवार के राजू चाहौन ने यह जानकारी देते हुए बताया कि 28 को सुबह 09 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी। 29, 30 व एक दिसम्बर को प्रात 08 बजे से प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन होगा। एक दिसम्बर का सायं 03 बजे से आठ बजे तक गायत्री महायज्ञ व यज्ञोपवीत एवं दीक्षा संस्कार का आयोजन होगा।

# पुलिस अधीक्षक ने रूट मार्च कर अराजकतत्वों को चेताया

**▸ एसपी के नेतृत्व में पुलिस ने रूट मार्च कर दिलाया सुरक्षा का एहसास**

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**


शहर में पुलिस अधिकारियों के साथ रुट मार्च करते एसपी

पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में पुलिस अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों ने रविवार की देर शाम शहर में रूट मार्च किया। उन्होंने आमजनों से बातचीत कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा कोतवाली कन्नौज क्षेत्रांतर्गत रूट मार्च किया गया। रूट मार्च के दौरान पुलिस बल ने बाजार एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च करते हुए स्थानीय नागरिकों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। रूट मार्च के द्वारा सुरक्षा व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण, संदिग्ध गतिविधियों पर नियंत्रण एवं आम जनता के बीच कानून-व्यवस्था के प्रति विश्वास कायम किया गया। पुलिस अधीक्षक कन्नौज ने रूट मार्च के दौरान जनता से अपील की कि किसी भी प्रकार की समस्या या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी सदर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कन्नौज एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण मौजूद रहे

### समस्त थाना क्षेत्रों में किया गया रुट मार्च

जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में थाना प्रभारियों द्वारा समस्त पुलिस बल के साथ अपने अपने थाना क्षेत्र में पैदल गश्त, रूट मार्च किया गया। इस दौरान पुलिस बल ने प्रमुख बाजारों, बस स्टैंड,भीड़भाड़ वाले इलाकों और अन्य सार्वजनिक क्षेत्रों का भ्रमण किया। स्थानीय नागरिकों से संवाद कर सुरक्षा के प्रति आश्वस्त किया।

## संभल मामले के बाद अलर्ट हुई पुलिस, किया रुटमार्च

**▸ सदर क्षेत्राधिकारी ने की शांति व सौहार्द बनए रखने की अपील**


नगर में रूटमार्च करते सीओ सदर कमलेश कुमार

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** संभल में मस्जिद सर्वे को लेकर हुए बवाल के बाद पूरे प्रदेश में पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। जिसके मद्दे नजर सीओ सिटी ने पुलिस टीम के साथ नगर की सडकों पर पैदल मार्च किया। उन्होने कहा कि शांति व सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावित करने सहित उपद्रव करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। रविवार की सुबह संभल में जिस तरह से मस्जिद सर्वे की टीम पर हमला किया है। पुलिस पर पथराव किया है। उससे उत्तर प्रदेश की पुलिस पूरी तरह से अलर्ट हो गई है। रविवार की शाम सदर क्षेत्राधिकारी कमलेश कुमार ने कोतवाली प्रभारी आलोक कुमार दुबे, उपनिरीक्षकों व पुलिस कर्मियों के साथ नगर में पैदल मार्च किया। जीटी रोड, तिर्वा रोड, फर्रुखाबाद रोड, के अलावा नगर के बाजारों में भ्रमण कर स्थानीय लोगों से वार्ता की। पैदल मार्च के दौरान पुलिस फोर्स ने कई जगहों पर मौजूद लोगों की भीड को अलग किया। उन्होने अपील की कि नगर व क्षेत्र की शांति व सौहार्द को प्रभापित करने सहित उपद्रव करने वालों पर कठोर कानूनी कार्रवाई की जायेगी। नगर की मस्जिदों पर दिनभर पुलिस की नजर रही। उन्होने कहा कि स्थानीय लोग अराजकतत्वों पर नजर रखें और पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

# साथ जी न सके, लेकिन मरकर भी जुदा नहीं हुए प्रेमी युगल

- जहर खाकर दी जान, 22 नवंबर को घर से भागे थे
- पुलिस अधीक्षक व सीओ ने पहुंचकर की पड़ताल
- ऑनर किलिंग को लेकर भी जांच कर रही पुलिस



घटनास्थल पर जाते पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक आदि



मृतकों की फाइल फोटो



घटनास्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस व फोरेंसिक टीम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती 22 नवंबर से घर से गायब हुए प्रेमी युगल के शव एक निर्माणाधीन मकान में पड़े मिले। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस अधीक्षक व सीओ ने जांच पड़ताल की। दोनों ने जहर खाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के शवों पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

जानकारी के अनुसार थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम नगला खैरबंद निवासी 23 वर्षीय सनी पाल पुत्र प्रमोद पाल पीओपी का कारीगर था। जो सुनील कुमार के मकान में किराये पर रहता था। बीती 22 नवंबर की रात वह अपने गाँव की ही 15 वर्षीय वर्षा पुत्री ब्रजेश शाक्य को साथ लेकर चला गया था। रविवार को दोनों के शव ग्राम कुईयांबूट में अपूर्ण बने मकान में पड़े मिले। सूचना मिलने पर एसपी आलोक प्रियदर्शी, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय सिंह, सीओ ऐश्वर्या उपाध्याय, थाना प्रभारी बलराज भाटी मौके पर पहुंचे और दोनों के शवों को कब्जे में लिया। वर्षा का शव कमरे के भीतर जबकि सनी का शव कमरे के बाहर पड़ा था। मृतका की चाची रेखा पत्नी शैलेन्द्र ने बताया कि वर्षा 22 नवंबर को परिजनों को नशीला पदार्थ खिलाकर घर से गायब हो गयी थी। 23 नवम्बर को उसने वर्षा के लापता होने की शिकायत लिखित में थाना पुलिस को दी थी। पुलिस ने मामले में शिकायत करने आयी रेखा को चलता कर दिया और कार्यवाही नहीं की। दोनों में प्रेम सम्बन्ध बताया जा रहा है। मृतका के परिजनों के अनुसार उसका विवाह जनपद कन्नौज से तय हो गया था। गोदभराई का कार्यक्रम बीते 19 नवंबर को हुआ था। विवाह बालिग होने के इंतजार में रुका था। वर्षा कक्षा 10 में महावीर इंटर कालेज नगला खैरबंद की छात्रा थी। वर्षा के शव के निकट की एक बैग मिला। जिसमें जहर की शीशी मिली। मृतक सनी देवरामपुर निवासी सनी बाथम की बाइक लेकर आया था। घटना के बाद से वर्षा की माँ सुदामा का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि प्रारम्भिक जांच में दोनों ने प्रेम प्रसंग के चलते जहरीला पदार्थ खा लिया। दोनों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। परिजनों के आरोपों की जाँच की जायेगी।

## ट्रस्ट ने गरीबों को बांटे गर्म वस्त्र



कपड़ों की आस में खड़े निर्धन व मजदूर वर्ग के लोग

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** श्री कोतवालेश्वर हनुमानजी सेवा ट्रस्ट कोतवाली कायमगंज के तत्वाधान में आज गरीबों व मजदूरों महिलाओं, बच्चों व पुरूषों को गर्म कपड़े वितरित किये गये। जिसमें ट्रस्ट के उपाध्यक्ष जितेंद्र रस्तोगी, अशोक गंगवार, कन्हैया लाल, मन्दिर महंत संगम शाक्य, गुरुदेव टेलर, बबलू राठौर, चन्द्र प्रकाश राठौर, सत्यम कोहली, आशु चतुर्वेदी, विवेक शर्मा व ट्रस्ट की महिला सदस्य शुभी रस्तोगी, सुलेखा चतुर्वेदी एवं किरण शर्मा आदि सैकड़ों सदस्य उपस्थित रहे। सर्दी में गर्म कपड़े पाकर महिला, पुरुष एवं बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। रजनेश दीक्षित, वीरेंद्र गंगवार के भट्टे के सैकड़ों मजदूर कपड़े पाकर खुश नजर आ आये। ट्रस्ट के सभी सदस्यों ने जितेन्द्र रस्तोगी, अशोक गंगवार, कन्हैयालाल, चंद्रप्रकाश राठौर, संगम शाक्य, बबलू राठौर को माला पहनाकर स्वागत किया। सभी ने इस नेक कार्य के लिए बहुत ही भूरि–भूरि प्रशंसा की। ट्रस्ट उपाध्यक्ष जितेन्द्र ने बताया कि कपड़े व खाने पीने के वितरण की सेवा आगे भी चलती रहेगी।

# कलम पकड़ने वाले नाबालिगों के हाथों में वन विभाग ने पकड़ा दिया फावड़ा

- बाल मजदूरी अभियान की वन विभाग उड़ा रहा धज्जियां, जिम्मेदार मौन



वृक्षों को लगाने का कार्य करते किशोर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।**

वन विभाग के वृक्षारोपण के कार्य में नाबालिक किशोरी से मजदूरी आम लोगों में चर्चा का विषय बनी हुई है। जिन हाथों में कलम किताब होनी चाहिए उन हाथों में फावड़ा। क्या इसी प्रक्रिया के तहत नाबालिग किशोर देश का भविष्य होंगे। वहीं वनाधिकारियों ने कहा कि उन्हें इस संबंध में कोई जानकारी नहीं है।

जानकारी के अनुसार वन विभाग द्वारा सड़क किनारे वृक्ष लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इसी अभियान के तहत शमशाबाद स्थित एक भट्टे के निकट से संपर्क मार्ग पसियापुर तक वृक्ष लगाए जाने का कार्य जारी है। बताते हैं रविवार को बीट प्रभारी के नेतृत्व में नाबालिग किशोरों को वृक्ष लगाते हुए देखा गया। बताते हैं इस वृक्षारोपण अभियान में मजदूरी करने वाले नाबालिग किशोर जिनकी उम्र लगभग 13, 14 वर्ष के आसपास होगी। मजदूरी के तौर पर कार्य करने वाले नाबालिक किशोर कक्षा 6 और 7 के छात्र बताए गए हैं। मालूम रहे सरकार का लक्ष्य आधिकारिक संख्या में वृक्ष लगाये जाए जिससे हरियाली को बढ़ावा मिल सके और पर्यावरण को प्रदूषित होने से बचाया जा सके। इसी अभियान को लेकर वन विभाग के अधिकारियों के निर्देश पर बीट प्रभारी द्वारा वृक्ष लगाए जाने का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य में नाबालिक किशोरों को लगाया गया है वो भी मजदूरी के तौर पर। जबकि नाबालिक किशोरी से मजदूरी करवाना बालाधिकारों के विरुद्ध है। बताते हैं यहां कक्षा 5 और 6 में पढ़ने वाले बच्चे जो ग्राम दिलावरगंज के निवासी हैं। इन्हीं किशोर छात्रों को पसियापुर के निकट सड़क किनारे मजदूरी के तौर पर वृक्षारोपण में कार्य करते हुए देखा गया। जब वन विभाग अधिकारियों से जानकारी की गई तो फोन नहीं उठा। जबकि वन विभाग के दरोगा समीर सिंह सेंगर से जानकारी की गई तो उनका कहना था उन्हें कोई जानकारी नहीं है। आप लोगों द्वारा जानकारी दी गई है। जांच कराई जाएगी।

# जमीनी विवाद में अधिवक्ता ने प्रधान पुत्र को मारी गोली

- मौके पर सीओ व थानाध्यक्ष ने पहुंचकर की पड़ताल
- पुलिस ने आरोपी को रायफल सहित किया गिरफ्तार
- पीड़ित ने चार लोगों के खिलाफ नामजद दी तहरीर



युवक के लगी गोली को देखती पुलिस



जांच पड़ताल करती फोरेंसिक टीम

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

प्रदेश में सरकार जीरो टॉलरेंस की बात करती है, लेकिन हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। अपराधियों में कानून का भय नहीं दिखाई दे रहा है। जिसका जीता जागता उदाहरण थाना अमृतपुर क्षेत्र के फखरपुर में देखने को मिला। जहां गोलियों की तड़तड़ाहट से पूरा गांव दहशत में आ गया।

जानकारी के अनुसार पीड़ित शिवदत्त तिवारी पुत्र छोटेलाल तिवारी निवासी फकरपुर थाना अमृतपुर का मूल निवासी है और वर्तमान में गांव का प्रधान है। रविवार को सायं करीब 4 बजे गांव के लल्ला बाबू पुत्र श्रीनिवास एवं सुनीलदत्त तिवारी पुत्र यदुनाथ, ब्रह्मदत्त पुत्र बच्चनलाल, सौरभदत्त पुत्र ब्रह्मदत्त व विशुनदत्त पुत्र बच्चन लाल के मध्य खेत के विवाद को लेकर पीड़ित के दरवाजे पर बातचीत हो रही थी। इतने में उक्त सुनीलदत्त तिवारी, ब्रह्मदत्त, सौरभदत्त, विशुनदत्त ने पीड़ित के ऊपर झूठा पक्षपात का आरोप लगाया। नाराज होकर अपने घर से सुनीलदत्त, सौरभदत्त, विशुनदत्त अपने हाथों में लाइसेंसी रायफल लेकर ब्रह्मदत्त तमंचा लेकर और चारों लोगों ने पीड़ित व उसके पुत्र को जान से मार डालने की नियत से एक राय होकर घेर लिया और सुनीलदत्त जान से मारने की नियत से फायरिंग करने लगा। सुनीलदत्त के द्वारा चलायी गयी गोली पास में खड़े शिवदत्त तिवारी के पुत्र अनुपम तिवारी के लगी। पीड़ित भयभीत होकर गिर गया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गयी और लोग दहशत में आ गये।

घायल को सीएचसी राजेपुर ले जाया गया। जहां से उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके पर ही अधिवक्ता सुनील को मय राइफल के गिरफ्तार कर लिया गया तथा मौके पर पड़े दो खोखा 315 बोर तथा एक जिंदा कारतूस 315 बोर का पुलिस ने बरामद किया है। क्षेत्राधिकारी ने बताया कि मौके पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है तथा साक्ष्य एकत्र किए जा रहे हैं। तहरीर मिल गयी है। मुकदमा दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। घटना के समय मौके पर रविदत्त तिवारी पुत्र छोटेलाल व प्रकाशचंद्र पुत्र श्रीवास्तव व संदीप पुत्र हरिदत्त, लल्लाबाबू पुत्र श्रीवास्तव निवासीगण फकरपुर मौके पर मौजूद थे।

# एएसपी व सीओ ने पांचाल घाट पर चलाया स्वच्छता अभियान



पांचाल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाते एएसपी व सीओ आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मां भागीरथी के तट को स्वच्छ बनाने की हर कोई पहल कर रहा है। इसी क्रम में रविवार को जिला गंगा समिति एवं पुलिस के सहयोग से पांचाल घाट गंगा तट पर स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को जागरुक किया। एएसपी तथा सीओ नगर ने भी साफ-सफाई कर लोगों को जागरुक किया।

अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नगर ने अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संजय कुमार सिंह ने घाट पर उपस्थित सभी लोगों को जागरुक करते हुए कहा कि गंगा नदी को हम धार्मिक एवं आर्थिक रूप से विशेष स्थान देते हैं, परंतु हम मनुष्य के द्वारा गंगा नदी के तट पर भारी मात्रा में गंदगी फैलाई जाती है जो की अत्यंत दयनीय है। हम सभी को मिलकर गंगा के तट को एवं गंगाजल को शुद्ध रखने के लिए प्रयास करना चाहिए एवं अन्य लोगों को भी इसके लिए जागरूक करना चाहिए। जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे निहारिका पटेल ने कहा कि समाज के प्रत्येक वर्ग को मिलकर स्वच्छता के लिए विशेष अभियान चलाना चाहिए। विशेष रूप से हमारी गंगा नदी को साफ सुथरा बनाने के लिए सप्ताह में कम से कम 1 दिन का समय निकालकर सभी को जागरूक करना चाहिए। जब समाज का प्रत्येक वर्ग एक साथ मिलकर कार्य करेगा तो निश्चित ही गंगा नदी को साफ करने में हम विशेष भूमिका निभा पायेंगे। कैलाश सेवा संस्थान के आचार्य प्रदीप नारायण शुक्ल ने कहा कि गंगा नदी में हम सभी प्रतिदिन भारी मात्रा में गंदगी छोड़ते हैं जिसके परिणाम स्वरुप गंगा नदी का जल दूषित होता जा रहा है। गंगा नदी में रहने वाले वन्य जीवों को भी नुकसान पहुंच रहा है। यह आने वाले समय के लिए चिंताजनक है। हम सभी को चाहिए कि किसी भी प्रकार का कूड़ा, खंडित मूर्तियांए अन्य सामग्री गंगा नदी में न विसर्जित करें। इस अवसर पर समाज के अन्य लोगों ने भी स्वच्छता अभियान में सहयोग किया एवं घाट पर फैली गंदगी को साफ किया। इस अवसर पर कादरीगेट थाना प्रभारी अमोद सिंह, पांचाल घाट चौकी इंचार्ज मोहित मिश्रा, गंगा दूत निशु कटियार, सुमित, विकास, सचिन शर्मा, विश्व हिंदू परिषद के सदस्यगण एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

## दबंगों ने महिला समेत दो को पीटा, मुकदमा दर्ज




**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कम्पिल थाना क्षेत्र के गाँव बहवलपुर मिस्तनी निवासी शशी राठौर उम्र 50 वर्षीय पत्नी रामविलास राठौर ने कोतवाली कायमगंज पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा है कि हम अपनी बहन गीता पत्नी पप्पू निवासी जौरा थाना कायमगंज के यहाँ आई थी। उसी दौरान जीजा पप्पू की मेड़बंदी को लेकर गॉव के सुभाष पुत्र छोटेलाल, अनुज अमित पुत्रगण सुभाषचन्द्र मारपीट कर रहे थे। जीजा को पिटता देख सलहज शशी बीच बचाव के लिए आई, तभी उक्त लोगो ने शशी को भी मारापीटा। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर उक्त लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर पीड़िता शशी का मेडीकल परीक्षण करवाया।

# बाइक सवार ने साइकिल सवार को मारी टक्कर, एक की मौत

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।**



मौके पर मौजूद पुलिस तथा लोग

थाना नवाबगंज क्षेत्र के गांव नगला इंद्र निवासी हरीश पुत्र प्रहलाद सिंह व मनोज सिंह पुत्र बहादुर सिंह यादव सुबह लगभग 11 बजे प्याज की पौध लेने तालग्राम छिबरामऊ गए थे। वहां से वापस आते समय नवाबगंज रोड पर रोहिला जाग मंदिर से 50 मीटर दूरी पर सिरौली की तरफ से आ रहे साइकिल सवार कस्बा मोहम्मदाबाद के इंद्रा नगर निवासी अमर सिंह के पुत्र सत्यभान को टक्कर मार दी। हरीश नशे में बाइक चला रहा था। जिससे बाइक के पीछे बैठे मनोज की गिरकर मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने अपनी गाड़ी से घायल हरीश व सत्यभान को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहम्मदाबाद भेजा। जहां डाक्टर सन्नी मिश्रा ने हरीश व सत्यभान को राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। मौके पर पहुंचकर उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने शव को मोर्चरी में रखवाया। विवरण के अनुसार मनोज खेती करता था। मनोज के तीन पुत्र आयुष 16 वर्ष, अभिषेक 14 वर्ष, प्रांजल 12 वर्ष तथा दो पुत्री शिखा 18 वर्ष तथा दीपांशी 2 वर्ष हैं। पत्नी पुष्पा देवी का रो-रोकर बुरा हाल है।

## मार्ग दुर्घटना में वृद्ध घायल

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के गाँव नरसिंहपुर निवासी विजेन्द्र उम्र 56 वर्षीय पुत्र वेदराम बाइक द्वारा किसी काम से कायमगंज की ओर आ रहे थे। रास्ते में मार्ग दुर्घटना में घायल हो गये। आसपास के लोगों की मदद से घायल विजेन्द्र को कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाकर भर्ती कराया गया।

# महिला का दाह संस्कार करने जा रहे रिश्तेदार की हर्टअटैक से मौत

- दोनों के शवों का एक साथ ढाईघाट पर किया गया दाह संस्कार



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गाँव शम्भू नगला निवासी राजश्री उम्र 70 वर्षीय पत्नी रामवीर यादव की बीमारी के चलते मौत हो गई। उनका दाह संस्कार करने जा रहे रिश्तेदार धीरेन्द्र यादव उम्र 46 वर्षीय पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी शम्भू नगला थाना कायमगंज ढाईघाट थाना शमसाबाद ट्रैक्टर पर बैठकर जा रहे थे।

जैसे ही ग्राम रिटौल थाना कायमगंज के निकट पहुंचे, तभी अचानक धीरेन्द्र को अटेक पड़ गया। आनन-फानन में ट्रैक्टर से उतारकर कायमगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में जायागया। जहाँ ड्युटी पर तैनात चिकित्सक डा0 जितेन्द्र कुमार ने धीरेन्द्र यादव को मृत घोषित कर दिया। मौत की सूचना पाते ही परिजनो में कोहराम मच गया। वहीं राजश्री व धीरेन्द्र के शवों का दाह संस्कार कर दिया गया।

ग्रामीणो की चर्चा के अनुसार राजश्री की मौत होने पर सभी लेग ट्रैक्टर ट्राली में शव रखकर धीरेन्द्र सहित आदि लोग दाह संस्कार करने जारहे थे, तभी अचानक धीरेंद्र को अटेक पड़ने से उनकी मौत हो गई। फिर उसी ट्रैक्टर में दोनों के शवों को ले जाकर दाह संस्कार किया गया।

## दबंगई के बल पर गोभी की फसल चराए जाने का विरोध करने पर गाली-गलौज

**पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ थाना पुलिस को दी तहरीर**

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ग्राम पहाड़पुर निवासी शिव सिंह पुत्र जौहरी लाल ने शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा कि उसका ढाई बीघे खेत है। खेत में गोभी की फसल तैयार की थी। पीड़ित के अनुसार गांव के ही दबंगों ने बकरियों को खेत में घुसेड़कर गोभी की फसल चरा दी। जानकारी होने पर जब पीड़ित खेत पर पहुंचा, तो बकरियां गोभी की फसल चर रही थीं। पीड़ित के विरोध करने पर आरोपी द्वारा गाली–गलौज कर जानमाल की धमकी दी गयी। उधर पीड़ित ने सभी आरोपियों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा आरोपी अपराधी किस्म के व्यक्ति हैं। पीड़ित ने आरोपियों में हरिनंदन सिंह पुत्र बृजनंदन सिंह, गिरीश चंद्र पुत्र राम सिंह तथा श्याम सिंह पुत्र नामालूम निवासीगढ़ उपरोक्त के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

# गूगल मैप के भरोसे निर्माणाधीन पुल पर दौड़ा दी कार, दो चचेरे भाई समेत तीन की मौत

- गुड़गांव से बरेली के रास्ते आ रहे थे, तीसरा साथी जनपद मैनपुरी का है



मृतक विवेक, कौशल, अमित का फाइल फोटो



पानी से कार व मृतकों के शवों को निकवाती पुलिस व स्थानीय लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** गूगूल मैप के सहारे जा रहे तेज रफ्तार कर सवार बरेली के फरीदपुर क्षेत्र अल्लापुर के पास निर्माणाधीन पुल से रामगंगा में कार सहित जा गिरे। जिसमें सवार तीन लोगों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर स्थानीय पुलिस ने पहुंचकर शवों को निकलवाकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि मरने वालों में दोनों भाई बताये जा रहे, जो जनपद फर्रुखाबाद के मेरापुर थाना क्षेत्र के ग्राम इमादपुर हीरामन के रहने वाले है व उसका एक अन्य साथी वह मैनपुरी के बिछवां निवासी बताया गया है। परिजनों को सूचना मिलते ही कोहराम मच गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार तीनों युवक गुडगांव में नौकरी करते थे और वहीं से कार से गाजियाबाद से बरेली के रास्ते आ रहे थे।

रास्ते की सही जानकारी न होने के चलते गूगल मैप के सहारे बताये गये रास्ते में कार से आगे बढ़ते जा रहे थे। बदायूं से गूगल मैप द्वारा बताये गये दातागंज से कार निर्माणाधीन पुल पर चढ़ा दी। कार तेज गति होने के चलते जब तक कुछ समझ पाते तब तक कार बरेली के फरीदपुर क्षेत्र अल्लापुर के पास निर्माणाधीन पुल से रामगंगा में जा गिरी। जिसमें पुलिस के अनुसार सभी की मौत होना दर्शाया गया है। पुलिस को जांच पड़ताल के दौरान पता चला कि कौशल चौहान पुत्र वीरेन्द्र चौहान और विवेक चौहान पुत्र हरेन्द्र चौहान दोनों चचेरे भाई है और जनपद फर्रुखाबाद के थाना मेरापुर के ग्राम इमादपुर हीरामन के रहने वाले थे। तीसरा साथी जनपद मैनपुरी के गांव बिछवां निवासी अमित बताया जा रहा है।

बरेली के फरीदपुर थानाध्यक्ष ने हमारे संवाददाता को बताया कि तीनों शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और सूचना परिजनों को दे दी गयी है। जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतकों के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंच गये। देर रात परिजनों से बात होने पर पता चला कि कौशल और विवेक दोनों चचेरे भाई है। विवेक से कौशल छोटा था। विवेक के दो बच्चे है। एक पुत्र व एक पुत्री है और कौशल के एक पुत्र है। व उसका तीसरा साथी मैनपुरी के ग्राम बिछवां निवासी अमित बताया गया है। शव लेकर परिजन फर्रुखाबाद के लिए निकल चुके थे।

# सोनी शुक्ला महिला व्यापार मण्डल की बनीं जिलाध्यक्ष, हुआ स्वागत

**▸ विवादित चल रहे जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम को नहीं बुलाया गया**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उद्योग व्यापार मंडल मिश्रा गुट के जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने प्रदेश उपाध्यक्ष संजीव मिश्रा बाबी एवं प्रदेश संगठन मंत्री द्रोण सिंह गंगवार व जिला उपाध्यक्ष अनिल उर्फ लालू कनौजिया की मौजूदगी में महिला जिलाध्यक्ष के पद पर सोनी शुक्ला एवं महिला जिला महामंत्री के पद पर हेमलता के नाम की घोषणा की। इसके साथ ही जिला मीडिया प्रभारी का दायित्व सौरभ शुक्ला को सौंपा गया। सभी पदाधिकारियों का शाल ओड़ाकर स्वागत कर माल्यार्पण किया गया।



सोनी शुक्ला व हेमलता का स्वागत करते जिलाध्यक्ष व मौजूद अन्य व्यापारी

जिलाध्यक्ष ने सभी से संगठन को मजबूत करने की अपील की। व्यापारी नेता अनुपम रस्तोगी के निवास पर बैठक का आयोजन हुआ। वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष लालू कनौजिया ने कहा कि व्यापार मण्डल में सभी व्यापारियों का सम्मान रखा जायेगा।

किसी के सम्मान के साथ समझौता नहीं किया जायेगा। जो भी व्यक्ति गुटबाजी फैलायेगा उसे बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा। हम व्यापारी है, इसलिए हमें सभी के हित व सम्मान के लिए काम करना होगा और व्यापार मण्डल को मजबूत मिलजुल करेगें। नवनियुक्त महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सोनी शुक्ला ने कहा कि जिलाध्यक्ष द्वारा जो मुझे दायित्व दिया गया है मैं अपनी साथी जिला महामंत्री हेमलता मिश्रा व जिला कोषाध्यक्ष यशोदा सिंह के साथ कमेटी गठित कर महिला व्यापार मण्डल का संगठन मजबूत करूंगी और व्यापारियों की समस्याओं का समाधान करूंगी।

जिला मीडिया प्रभारी बने सौरव शुक्ला ने कहा कि मिश्रा गुट व्यापार मण्डल सबसे पुराना संगठन है। सबसे ज्यादा व्यापारी इस संगठन में काम कर रहे है। सब मिलकर काम करेंगे। इस मौके पर महिला मोर्चा की पूर्व जिलाध्यक्ष रेखा चौहान, श्याम सुंदर गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिलाध्यक्ष सदानंद शुक्ला ने रेखा चौहान को जिला उपाध्यक्ष व ममता सक्सेना को जिला मंत्री और सौरव शुक्ला को जिला मीडिया प्रभारी घोषित किया है।

तीनों पदाधिकारियों को अभी तक मनोनयन पत्र नहीं मिला है। इस कार्यक्रम में नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष राजू गौतम को नहीं बुलाया गया। क्योंकि पिछली बार संजीव मिश्रा बॉबी के प्रतिष्ठान पर लालू कनौजिया व मनोज अग्रवाल के बीच विवाद की स्थिति उत्पन्न हुई थी। उसमें राजू गौतम पर दोनों पला बजाने का आरोप लगा था। जिसके चलते इस बैठक में उन्हें नहीं बुलाया गया।

# समाज युवाओं को अच्छे संस्कार दे

**▸ सध समाज की दो दिवसीय ज्ञान वार्ता सत्संग प्रारंभ**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

साध समाज सधवाड़ा चौकी में ज्ञान वार्ता सत्संग का दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में युवा पीढ़ी के लिए ज्ञान वार्ता आवश्यक बताया। इस ज्ञान वार्ता में हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश से साध समाज के सैकड़ो लोगों नें ज्ञान की चर्चा की। सत्संग में कहा गया कि मालिक ने जो जीवन दिया उसमे सदकर्म चौरासी योनियों से मुक्ति के उपाय बताए और अच्छे समाज में युवाओं को अच्छे संस्कार देने की बात कही गई।

ज्ञान वार्ता में प्रातकाल से शवासा सुमिरन व ज्ञान वार्ता में चर्चा हुई। वार्ता के दौरान सतुगुरू, मालिक, दाता की ज्ञान वाणी, जीवन में साधना, जीवन मुक्ति के उपाय बताए गये। दिल्ली से आये विजय फूल साध ने मानव जीवन का उद्देश्य, चौरासी लाख योनियों से मुक्ति के लिए मालिक की साधना, युवा पीढ़ी के लिए सत्संग आवश्यक बताया। साध समाज के नियमो के अनुसार चलने का आवाह्न किया। हरियाणा राज्य से लक्ष्मण साध, बलवीर साध, रनवीर साध, राजेंद साध, दिल्ली से केशवभान साध, नरेश साध, नामदेव साध, हेमंत मानी साध, अनिल साध, सुनील कुमार साध मौजूद रहे। व्यवस्था राजकुमार साध, कांजी साध, अंकित साध, रोमिस साध, शनिभान साध, रेवीनस साध, गुलशन साध ने देखी।



ज्ञान सत्संग चर्चा में मौजूद साध समाज के लोग

# जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप का समापन

**▸ अभय सिंह, मयंक, अयांश, आराध्या, सूरज कुमार ने जीते गोल्ड मेडल**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिला स्तरीय ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के दूसरे दिन मुख्य अतिथि वैभव व गुंजा जैन ने कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। बद्री विशाल महाविद्यालय की प्रोफेसर जयश्री मिश्रा व प्रबंधक विनोद दुबे, सुरेन्द्र पाण्डेय व उदय, जयप्रकाश सिंह ने बच्चों को प्रोत्साहित किया और विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया। ताईक्वांडो सचिव कोच अजय प्रताप की देखरेख में दो दिवसीय प्रतियोगिता में बालक-बालिकाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। अभिभावकों ने भी पहुंचकर बच्चों का मनोबल बढ़ाया। विजेता खिलाड़ी, कोच एवं रेफरी व वॉलंटियरों को अध्यक्ष रजनी सरीन द्वारा सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों में गोल्ड मेडल अभय सिंह, मयंक, अयांश, आराध्या, सूरज कुमार ने प्राप्त किये। सिल्वर मेडल श्रुति, सान्वी, अक्षिता, कृष्णा, प्रियंका, निधि ने जीता। ब्रांज मेडल जसमीन, वंशिका जैन, प्रांशु कुमार, मान्वी गुप्ता, सुमन ने प्राप्त किया। वंदेमातरम के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आभार सचिव अजय प्रताप सिंह ने ज्ञापित किया।



प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते ताइक्वांडो खिलाड़ी

# धूमधाम से मनाया गया एनसीसी दिवस

**▸ 12 यूपी बटालियन के कैडेट्सों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल अमरजीत सिंह मलिक के निर्देशन में एनसीसी दिवस धूमधाम से मनाया गया। एनसीसी दिवस प्रति वर्ष नवंबर माह के अंतिम रविवार को मनाया जाता है।

म्युनिसिपल इंटर कॉलेज, डीएन पीजी कॉलेज तथा आर्मी पब्लिक स्कूल के लगभग 70 एनसीसी का कैडेट्सों ने प्रतिभाग किया। कैडेट्स भूमि सिंह, शौर्य यादव, सोहेल, भूमि सिंह, शौर्य यादव, सुमित, दिव्या पांडेय, श्रेया दुबे ने एनसीसी के बारे में जानकारी दी। एमआईसी के प्रधानाचार्य व एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर लेफ्टिनेंट गिरिजाशंकर ने बताया कि यह है सेवा का ऐसा संगठन है, इसमें तीनों सेनाएं विद्यमान होती है। एनसीसी का गठन 15 जुलाई 1948 में किया गया था। जिसका मोटो एकता और अनुशासन है। एनसीसी का प्रमुख उद्देश्य युवाओं में देश भक्त की भावना को जागृत करते हुए भारतीय सेवा को बढ़ावा देना है, राष्ट्रीय कैड्ेट कोर एक त्रि-सेवा संगठन है। जिसमें सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल है, जो देश के युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाता है।



एनसीसी कैडेट्सों को जानकारी देते ले0 गिरिजा शंकर

भारत में राष्ट्रीय कैड्ेट कोर एक स्वैच्छिक संगठन है जो पूरे भारत में हाई स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालयों से कैड्ेटों की भर्ती करता है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर भारतीय सैन्य कैडेट कोर है जिसका मुख्यालय नई दिल्ली में है। यह स्वैच्छिक आधार पर स्कूल और कॉलेज के छात्रों के लिए खुला है। राष्ट्रीय कैडेट कोर एक त्रि-सेवा संगठन है, जिसमें सेना, नौसेना और वायु सेना शामिल है जो देश के युवाओं को अनुशासित और देशभक्त नागरिक बनाने में लगा हुआ है। एनसीसी की शुरुआत सबसे पहले जर्मनी में 1666 में हुई थी। भारत में एनसीसी का गठन 1948 के राष्ट्रीय कैडेट कोर अधिनियम के तहत हुआ था। इसकी स्थापना 15 जुलाई 1948 को हुई थी।

एनसीसी की उत्पत्ति श्विश्वविद्यालय कोर से मानी जाती है, जिसे भारतीय रक्षा अधिनियम 1917 के तहत सेना की कमी को पूरा करने के उद्देश्य से बनाया गया था। 1920 में जब भारतीय प्रादेशिक अधिनियम पारित हुआ, तो श्विश्वविद्यालय कोर की जगह विश्वविद्यालय प्रशिक्षण कोर (यूटीसी) ने ले ली। कार्यक्रम का समापन एनसीसी गान गाकर किया गया। इस अवसर पर सूबेदार राजवीर सिंह, हवलदार सुभाष, हवलदार कंवर आदि लोग मौजूद रहे।



भण्डारे में प्रसाद वितरित करते अजीत वर्मा आदि सहयोगी

## बाबा नीम करोरी का सातवें वार्षिकोत्सव पर भव्य भण्डारे का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बाबा नीम करोरी का सातवां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। दूसरे दिन भण्डारे का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के आयोजक चन्द्रा चश्मा वाले अजीत वर्मा ने व्यवस्था देखी। प्रथम दिन बढ़पुर स्थित शीतला माता मंदिर में हवन पूजन, सुंदर काण्ड व देवी जागरण का आयोजन हुआ। रविवार को संचालक अजीत वर्मा की देखरेख में भण्डारा आयोजित किया। सातवें वार्षिकोत्सव में भक्ति गीतों के साथ भक्तों ने भाग लिया। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, राघव दत्त मिश्रा, क्रांति पाठक आदि भक्तों को पटुका पहनाकर अजीत वर्मा ने सम्मानित किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। चन्द्रा चश्मे वालो के प्रतिष्ठान के बाहर मुख्य मार्ग पर आयोजित भण्डारे में हलवा, चना, पूड़ी सब्जी आदि व्यंजन भक्तों को प्रसाद के रुप में परोसे गये। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# स्वर्गधाम पर अब कफनखसोट लोग नहीं कर सकेंगे अवैध वसूली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पांचाल घाट स्थित स्वर्गधाम शमशान घाट पर जनपद के संभ्रांत लोगों एवं सोता बहादुरपुर ग्राम सभा जिसके अंतर्गत शमशान घाट आता है वहां के प्रधान, सेक्रेट्री और पंचायत मित्र एवं अन्य लोगों के साथ एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे स्वर्गधाम शमशान घाट पर जो वर्षों से अवैध वसूली की जा रही थी और पिछले दिनों से बंद करा दी गई थी और भविष्य में कोई पुनः इस प्रकार से अवैध वसूली न कर पाए इसके लिए प्रस्ताव पारित किया गया।

घाट निःशुल्क रहे साथ ही साथ घाट पर अंतिम संस्कार में सहयोग करने वाले वाल्मीकि समाज के लोग भी अंतिम संस्कार करने वाले के परिजनों के साथ में अनाप सनाप पैसा वसूलते थे। उसके भी संबंध में सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि इनको 251 रुपए से अधिक नहीं दिए जाएंगे। घाट पर काम करने वाले बाल्मीकि समाज के समस्त कर्मचारियों को बुलाकर

**▸ प्रधान व संभ्रांत लोगों की बैठक में निर्धारित कर दिया गया शुल्क**

उनको इस संबंध में बता दिया गया और उन्होंने भी अपनी सहमति प्रकट की। अब हम लोग किसी के भी अंतिम संस्कार करने के बाद वहां की साफ सफाई के लिए मात्र 251 रुपए ही लेंगे, जबकि पहले यही लोग अंतिम संस्कार करने वाले पारिवारिक जनों के साथ में 1000-1500 रुपये लेते थे। शमशान घाट पर नाव चलाने वाले नाविकों के द्वारा भी अंतिम संस्कार के बाद जो विसरा गंगा जी में प्रवाहित करने के लिए ले जाया जाता था उसके भी इन लोगों के द्वारा मनमाने रुपए वसूले जाते थे। बैठक में इसके लिए भी प्रस्ताव रखा गया और सर्वसम्मति से100 रुपये इनके तय किए गए और इन लोगों को बुलाकर बैठक के निर्णय से अवगत कराया गया कि आप किसी से भी 100 रुपये से अधिक नहीं लेंगे इस पर सभी ने अपनी सहमति व्यक्त की। बैठक को संबोधित करते हुए फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा कि व्यक्ति अपने किसी परिजन या सगे संबंधी के अंतिम संस्कार के लिए जब शमशान घाट आता था तो उसके साथ में यहां पर मौजूद अराजकतत्वों का गैंग अनापशनाप वसूली करता था, क्योंकि इसके लिए कोई कहने सुनाने वाला नहीं था। यदि लोगों ने शिकायत भी की तो उस पर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। पूर्व में समाज के कई जागरूक लोगों ने यहां से लेकर शासन स्तर तक संसार घाट के वसूली के लिए शिकायतें की पर इन लोगो की अवैध वसूली बंद नहीं हुई। आप सब लोगो के सहयोग से इन अराजकतत्वों की वसूली को बंद कराया गया।



दुकानदारों को हिदायत देते भईयन मिश्रा व मौजूद विष्णु नारायण अरोड़ा आदि

बैठक में उपस्थित सत्यपाल सिंह प्रगल्भ ने प्रस्ताव रखा कि घाट पर नाव चलाने वाले भी विसरा गंगाजी में प्रवाहित करने वालों से 500-700 रुपया तक वसूलते हैं। उनके प्रस्ताव पर नाव चालकों को सिर्फ इस कार्य के लिए 100 रुपए देने का प्रस्ताव पारित किया गया सभी नाव चलाने वाले लोगों ने इस पर अपनी सहमति दी कि अब 100 रुपए से ज्यादा हम लोग नहीं लेंगे। समाजसेवी विष्णु नारायण अरोड़ा ने घाट पर चारों तरफ फैला कूड़ा करकट, गंदगी और शमशान घाट पर बने बरामदों और शेडो के जीर्णशीर्ण होने पर बहुत दुख व्यक्त किया कि कितना सुंदर घाट लगता था आज इसकी क्या दशा हो गई। विष्णु नारायण अरोड़ा ने सभी से मदद की अपील करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से अपने स्वर्गधाम को एक बार फिर से स्वर्गधाम बनाकर रहेंगे। इस मौके पर रामदास गुप्ता, विश्व हिंदू परिषद के कोमल पांडे, सोता बहादुरपुर ग्राम प्रधान नसरुद्दीन, विशाल गंगवार, नीरज दुबे, मोहित खन्ना, सौरभ पाण्डेय ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किये। बैठक में मुख्य रूप से पंचायत सेक्रेटरी अतुल अग्निहोत्री, विनय दीक्षित, सनी गुप्ता, अनुज तिवारी, राजा मिश्रा, प्रताप श्रीवास्तव, मुकेश सिंह, राजीव वर्मा, सत्यनारायण शाक्य, बाबू भाई, रंजीत कुमार, आशानाथ बाबा, गोविंद बाथम सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# भाकियू की महापंचायत आज अमरोहा में

**▸ राष्ट्रीय अध्यक्ष का किसान नेताओं ने किया स्वागत**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक जनशक्ती के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमलेश यादव का तालग्राम टोल पर मण्डल अध्यक्ष डा0 ज़ाकिर हुसैन, प्रदेश उपाध्यक्ष हिमांशू सिंह भूरे, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव ने फूल मालाओं से स्वागत किया। अमरोहा में 25 नवम्बर को होने वाली किसान महापंचायत में पहुंचने के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सभी किसानों से आवाह्न किया। अमरोहा जाते समय राष्ट्रीय अध्यक्ष का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। इस मौके पर मण्डल महामंत्री जयपाल सिंह यादव को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नियुक्ति पत्र दिया और जिला उपाध्यक्ष सर्वेश सिंह यादव ने अमरोहा पहुंचने का निर्देश दिया।



राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ मौजूद किसान नेता

# सरकारी भूमि पर कब्जा कर निर्माण करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** सरकारी भूमि पर कब्जा कर अवैध निर्माण कराए जाने के मामले में मेरापुर क्षेत्र के राजस्व ग्राम गुठिना में कार्यरत लेखपाल योगेन्द्र सिंह ने गुठिना निवासी नवीशेर पर सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार नवीशेर ने राजस्व ग्राम गुठिना स्थित खाद के गड्ढे (सरकारी) भूमि पर अवैध कब्जा कर मकान का निर्माण करवा लिया। इस मामले में तहसीलदार न्यायालय कायमगंज द्वारा 23 जनवरी 2023 को बेदखली का निर्देश दिया गया था। उक्त आदेश के विरुद्ध अनुतोष प्राप्त करने हेतु जिलाधिकारी न्यायालय, अपर आयुक्त न्यायालय कानपुर एवं उच्च न्यायालय प्रयागराज में रिट दायर की गई थी। नवीशेर की सभी अपील निरस्त हो जाने के उपरांत नवीशेर को 29 जुलाई को धारा 441 के अन्तर्गत सरकारी भूमि से अवैध कब्जा हटाने का नोटिस दिया गया, किंतु नवीशेर ने अपना कब्जा नहीं हटाया। मेरापुर पुलिस ने क्षेत्रिय लेखपाल योगेन्द्र सिंह की तहरीर के आधार पर सम्पत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मुकदमे की जांच उपनिरीक्षक अवदेश अवस्थी के सुपुर्द कर दी।

# जर्नल उपेन्द्र दुबे ने कै. उदय राज सिंह को सीओएएस मेडल से किया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सेन्ट्रल कमाण्ड लखनऊ में सम्पन्न हुए सम्मान समारोह में थल सेना अध्यक्ष जर्नल उपेन्द्र दुबे ने कई पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। जनपद फर्रुखाबाद के सेवानिवृत्त कैप्टन उदयराज सिंह चौहान को लखनऊ में हुए समारोह में प्रशस्ति पत्र व सीओएएस मेडल देकर सम्मानित किया।

इस तरह का मेडल पाना सेना में गौरव की बात है। अपने पद पर रहकर उच्च अधिकारियों से इस तरह का मेडल पाकर गौरवांवित महसूस करते है, लेकिन यह उपलब्धि सेवानिवृत्त कै0 उदय राज सिंह को मिली है यह जनपद के लिए गौरव की बात है। उन्हे सम्मानित होने पर पूर्व सैनिकों ने उन्हे बधाई दी और कहा कि सैन्य सेवा के दौरान उन्होंने अहम योगदान दिया था। जिसके चलते इस उपलब्धि से उन्हे नवजा गया है।




कै0 उदय राज सिंह को सम्मानित करते जर्नल उपेन्द्र दुबे

# घर आये साले ने जीजा को लगाया चूना, नगदी व बाइक चोरी कर फरार

**फर्रुखाबाद समृद्धि न्यूज।**

घर पर आये साले ने रात्रि के समय अपने बहनोई की जेब से 17 हजार रुपये की नगदी व मोटरसाइकिल चोरी कर फरार हो गया। जानकारी होने पर पीड़ित ने अपने साले व उसके भतीजे के विरुद्ध पुलिस से लेकर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम गुगौरा निवासी विवेक कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में दर्शाया कि बीती शाम के समय लगभग 5 बजे मेरा साला राजीव उर्फ विशाल पुत्र रामस्वरूप मेरे घर आया और रात को रुककर खाना खाने के बाद सभी लोग सोने चले गए। मैं भी परिवार सहित सो गया। सुबह जब मेरी आंख खुली तो देखा कि मेरा साला अपने बिस्तर पर नहीं था। इस दौरान घर में खड़ी मेरी मोटरसाइकिल यूपी 74आर/2490 जो मैंने 22 हजार रुपये में 2 वर्ष पूर्व अपने साले से खरीदी थी। ट्रांसफर करने के लिए कई बार कहा, वह आज कल टालमटोल करता रहा, लेकिन उसने ट्रांसफर नहीं की। वह भी गायब थी तथा पर्स में रखें 17 हजार रुपये भी चोरी कर ले गया। पूछताछ करने पर आसपास के कुछ लोगों ने बताया कि जब वह जा रहा था उसके साथ एक और युवक था। जानकारी करने पर पता चला कि उसका भतीजा रचित था। पीड़ित ने पुलिस से मुकदमा दर्ज कर रुपए व मोटरसाइकिल दिलवाये जाने की मांग की। पीड़ित ने बताया कि पुलिस कह रही है कि साल का मामला है, ऐसे ही निपटा लो जब उनसे कहा कि उसने चोरी की है तो कहा ठीक देखेंगे।

# सातनपुर आलू मण्डी का हुआ शुभारम्भ

**▸ प्रथम दिन 28 पैकेट आलू की आमद, 2622 रुपये कुंटल बिका आलू**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आलू मण्डी सातनपुर में मुहूर्त सम्पन्न हुआ। प्रथम दिन सीजन का नया आलू 28 पैकेट आया। शमशाबाद क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर फैजबाग निवासी कास्तकार सरफुद्दीन नया आलू लाये। आलू व्यापारी दीपू कटियार ने 1311 रुपये पैकेट आलू खरीदा। लगभग 50 किलो के 28 पैकेट के आलू मण्डी में आये। आलू आढ़ती अजय वर्मा आदि लोगों ने किसान भाइयों से अपील की कि आलू मण्डी का शुभारम्भ हो गया है। किसान सरफुद्दीन ने बताया कि वर्तमान में आलू की खुदाई के दौरान एक बीघा में 17 पैकेट आलू निकल रहा है। सोमवार को विधिवत आलू मण्डी का शुभारम्भ होगा। जिसमें बड़ी संख्या में आलू व्यापारियों के आने की संभावना है और खरीददारी करेंगे। एक दर्जन से ज्यादा किसान अपना आलू खोदकर मण्डी ला रहे है। सोमवार से आलू मण्डी में आलू का कारोबार शुरु हो जायेगा। प्रथम दिन 28 पैकेट की आमद रही। आलू आढ़ती अरविन्द राजपूत ने बताया कि जैसे-जैसे आलू की आमद बढ़ेगी, भाव में गिरावट आ जायेगी। अगैती आलू खुदाई में किसानों को नुकसान हो रहा है, क्योंकि महंगी खाद के अलावा दवाई छिड़कने के दौरान आलू की पैदावार में कमी आयी है। ऐसे में किसान एक हफ्ते के बाद आलू लाना शुरु करेगा। तब तक नये आलू में जान आ जायेगी। जिन किसानों का आलू इस हफ्ते खुदेगा वह आलू की दूसरी फसल भी तैयार कर सकते है। ऐसे में कुछ किसान आलू की अच्छी पैदावारी को लेकर तैयारी कर रहे है।



मण्डी में पहुंचा नया आलू, मौजूद व्यापारी

# नेत्र शिविर में 72 मरीजों का हुआ परीक्षण

**▸ मोतियाबिंद के आपरेशन के लिए 20 मरीज चिन्हित**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रविवार को सेवा धर्म समिति की ओर से निशुल्क नेत्र प्रशिक्षण शिविर का आयोजन शुक्ररूल्लापुर में सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि हरि ओम अवस्थी एवं डॉ0 राजेश बाबू दुबे व अनिल अवस्थी ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ0 जवाहरलाल रोहतगी स्मारक नेत्र चिकित्सालय कानपुर द्वारा आयी हुई टीम में डॉ0 राम शर्मा, डॉ0 रिया व अंकित द्वारा मरीजों का नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में 72 मरीजों की जांच की गई। मोतियाबिंद आपरेशन के लिए 20 मरीजों को चयनित किया गया। सभी को निःशुल्क व्यवस्था के साथ कानपुर ले जाया जायेगा और मोतियाबिंद का आपरेशन होगा और दवाइयां दी जायेगी और खानपान की व्यवस्था की गई है।

इस मौके पर व्यवस्थापक अविनाश सारस्वत उर्फ नीरज, अमन शुक्ला, डॉ0 आनंद शर्मा, कोषाध्यक्ष शैलजा सारस्वत, पंकज सारस्वत, सर्वेश आदि मौजूद रहे।



नेत्र शिविर में मरीजों का परीक्षण करते चिकित्सक

# आईपीएल इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बने ऋषभ पंत

## लखनऊ ने 27 करोड़ रुपए में पंत को खरीदा, श्रेयस अय्यर 26.75 करोड़ रुपये के साथ दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी

एजेंसी

**जेद्दाह।** भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इतिहास के सबसे महंगे खिलाड़ी बन गए हैं। सऊदी अरब के शहर जेद्दाह में आईपीएल 2025 के लिए चल रही मेगा नीलामी में पंत को लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) ने 27 करोड़ में खरीदा है। पंत ने इस मामले में श्रेयस अय्यर को पीछे छोड़ दिया है जो थोड़ी देर पहले ही 26.75 करोड़ रुपये में बिके।



नीलामी प्रक्रिया दो दिनों रविवार और सोमवार तक चलेगी।

ऋषभ पंत दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे। उन्हें खरीदने के लिए एलएसजी और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच शुरुआत में जंग देखने मिली। कम ही समय पर पंत पर बोली 10 करोड़ रुपये के पार पहुंच गई। इस बीच सनराइजर्स हैदराबाद भी दौड़ में शामिल हुई लेकिन एलएसजी भी पीछे नहीं हटी। दोनों टीमें पंत के लिए बोली लगाते रहे और देखते ही देखते कीमत 20 करोड़ के पार पहुंच गई। एलएसजी ने पंत के लिए 20.75 करोड़ रुपये की बोली लगाई। यहां हैदराबाद ने हाथ वापस खींच लिए। इसके बाद दिल्ली कैपिटल्स ने राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड का इस्तेमाल किया। लखनऊ ने पंत के लिए 27 करोड़ रुपये की फाइनल कीमल लगाई और दिल्ली ने अपने हाथ पीछे कर लिए। इस तरह पंत 27 करोड़ रुपये में लखनऊ के हो गए। ऋषभ पंत ने 2016 से लेकर अब तक अपने पूरे आईपीएल करियर में दिल्ली कैपिटल्स का प्रतिनिधित्व किया है।

उन्होंने 111 मैचों में 35.31 की औसत से 3,284 रन बनाए हैं। इस दौरान उन्होंने एक शतक और 18 अर्द्धशतक लगाए हैं। उन्हें 2021 में टीम का कप्तान नियुक्त किया गया था। इस साल दिल्ली ने उन्हें रिलीज कर दिया था। उल्लेखनीय है कि मेगा ऑक्शन में कुल 577 खिलाड़ियों पर बोली लग रही है। इनमें देशी और विदेशी दोनों खिलाड़ी शामिल हैं। ऑक्शन में 10 फ्रेंचाइजी अधिकतम 25 खिलाड़ी और कम से कम 18 खिलाड़ी खरीद पाएंगी।

### अर्शदीप पर लगी पहली बोली



पहली बोली तेज भारतीय गेंदबाज अर्शदीप सिंह पर लगी। अर्शदीप को पंजाब किंग्स ने राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड का इस्तेमाल कर 18 करोड़ रुपये में खरीदा। अर्शदीप पर बोली की शुरुआत चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने की थी। अर्शदीप को लेने के लिए सीएसके तथा दिल्ली कैपिटल्स के बीच जंग चली। बाद में राजस्थान और गुजरात ने भी बोली लगाई। अंत में सनराइजर्स हैदराबाद ने 15.75 करोड़ रुपये की बोली लगाई। इसके बाद पंजाब किंग्स से अर्शदीप के लिए आरटीएम का इस्तेमाल करने के बारे में पूछा गया। पंजाब ने अर्शदीप पर रुचि जताई और आरटीएम का इस्तेमाल किया। इसके बाद हैदराबाद ने अर्शदीप की फाइनल कीमत 18 करोड़ रुपये लगाई, जिसके लिए पंजाब किंग्स तैयार हो गई। इस तरह आरटीएम इस्तेमाल कर पंजाब ने अर्शदीप को 18 करोड़ रुपये में खरीद लिया।

### श्रेयस को मिले 26.75 करोड़

कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को पिछले साल चैंपियन बनाने वाले श्रेयस अय्यर पर भी आईपीएल 2025 की नीलामी में पैसों की बरसात हुई है। उन्हें पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ की मोटी रकम में अपने खेमे में शामिल किया है। श्रेयस अय्यर दूसरे सबसे महंगे खिलाड़ी हैं।

### बटलर गुजरात टाइटंस में गए



इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जोस बटलर को गुजरात टाइटंस ने खरीदा। उनका आधार मूल्य दो करोड़ रुपये था। उनके लिए पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच जंग देखने को मिली। लखनऊ ने भी रुची दिखाई। अंत में गुजरात ने बटलर को 15.75 करोड़ रुपये में खरीदा। बटलर को राजस्थान रॉयल्स ने रिलीज किया था।

### मिचेल स्टार्क दिल्ली के हुए



तेज ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज मिचेल स्टार्क दो करोड़ रुपये के आधार मूल्य के साथ नीलामी में उतरे थे। उनके लिए केकेआर ने बोली की शुरुआत की। मुंबई इंडियंस ने दिलचस्पी दिखाई। आरसीबी ने भी बोली लगाई। अंत में दिल्ली कैपिटल्स ने स्टार्क को 11.75 करोड़ रुपये में खरीदा।

# भूमिगत विद्युत लाइनों से बढ़ेगी देहरादून की सुंदरता व सुरक्षा

समृद्धि न्यूज

**देहरादून।** उत्तराखंड को ऊर्जा प्रदेश बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और उत्तराखंड पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीसीएल) के प्रयासों से शहर में विद्युत लाइनों का भूमिगतकरण तेजी से किया जा रहा है। एडीबी परियोजना के तहत 33 केवी, 11 केवी, और एलटी लाइनों का कुल 930 किमी नेटवर्क भूमिगत किया जाएगा। इससे शहर के विद्युत वितरण तंत्र को आधुनिक, सुरक्षित और प्रभावी बनाया जा सकेगा।

शहर को तीन लॉट में बांटकर सर्वे और रोड कटिंग के बाद भूमिगत कार्य चरणबद्ध तरीके से किया जा रहा है। लॉट-1 में दिलाराम चौक, सर्वे चौक, और किशननगर चौक जैसे प्रमुख मार्ग शामिल हैं। लॉट-2 में बल्लुपुर चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, और ग्राफिक एरा रोड पर काम हो रहा है। लॉट-3 में विधानसभा क्षेत्र, आईटी पार्क, और मयूर विहार जैसे इलाके शामिल हैं। आपातकालीन स्थानों जैसे दून अस्पताल और कोरोनेशन अस्पताल के आसपास भी यह कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। यूपीसीएल ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया है कि कार्य को तेज और सुरक्षित तरीके से पूरा करें।

### यह होंगे फायदे

**कम रखरखाव :** भूमिगत केबल्स खराब मौसम से प्रभावित नहीं होते, जिससे रखरखाव आसान और सस्ता हो जाएगा।
**ऊर्जा बचत :** बेहतर इन्सुलेशन के कारण विद्युत हानि कम होगी।
**सुरक्षा :** बिजली के खतरों और आगजनी की घटनाएं कम होंगी।
**शहरी सौंदर्यीकरण :** बिजली के खंभे हटने से शहर की सुंदरता बढ़ेगी।
**पर्यावरण संरक्षण :** पेड़ों की कटाई और रखरखाव की आवश्यकता खत्म होगी।
**दुर्घटना नियंत्रण :** वाहनों या वन्यजीवों से बिजली लाइनों के संपर्क का खतरा कम होगा।

# बीस देशों के बैडमिंटन खिलाड़ी कल से लखनऊ में दिखाएंगे प्रतिभा का जौहर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** कई देशों के बैडमिंटन खिलाड़ी 26 नवम्बर से लखनऊ में होंगे। इसी दिन से सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशन एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर बैडमिंटन चैंपियनशिप की शुरुआत हो रही है, जो एक दिसम्बर तक चलेगा। इसमें पीवी सिंधु, एशियन जूनियर चैंपियन लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी व चिराग शेट्टी सहित कई भारतीय दिग्गज बैडमिंटन कोर्ट में देखने को मिलेंगे। इस प्रतियोगिता में भारत सहित 20 देशों के 256 खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। इसमें सबसे ज्यादा भारत के 163 खिलाड़ी होंगे।

दूसरी ओर चीन के भी 25 खिलाड़ी चुनौती पेश करेंगे। वहीं मलेशिया के 20 व थाईलैंड के 18 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे। उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने बताया कि चैंपियनशिप में कुल 210,000 अमेरिकी डालर की ईनामी राशि का वितरण होगा। उन्होंने कहा कि 26 नवम्बर को क्वालीफाइंग मुकाबले खेले जाएंगे, जबकि मुख्य ड्रा के मुकाबले 27 नवम्बर से शुरू होंगे। फाइनल मुकाबला एक दिसंबर को खेला जाएगा। चैंपियनशिप में मुख्य ड्रा 32-32 का होगा।

इसमें 24 खिलाड़ियों को सीधे इंट्री मिलेगी, जबकि जिसमें आठ खिलाड़ी क्वालीफायर कोटा से मुख्य ड्रा में प्रवेश करेंगे। डॉ. नवनीत सहगल ने कहा कि भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित चैंपियनशिप के मुकाबले गोमतीनगर स्थित योनेक्स सनराइज बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी के कोर्ट पर खेले जाएंगे। उन्होंने कहा कि मलेशिया, थाईलैंड, जापान, इंग्लैंड, अजरबैजान, श्रीलंका, हांगकांग, वियतनाम, आयरलैंड, ब्रुनेई, इजरायल, यूएई, सिंगापुर, पोलैंड, अमेरिका, फिनलैंड व म्यांमार के खिलाड़ियों का भी कमाल देखने को मिलेगा। इस चैंपियनशिप में दर्शकों को निःशुल्क इंट्री मिलेगी। वहीं क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल, फाइनल के मुकाबलों का दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण होगा।

### छत्तीसगढ़ की महिला व के वाहन को ट्रक ने मारा टक्कर, बाल-बाल बचीं

**बलरामपुर।** बलरामपुर जिले में आज रविवार को छत्तीसगढ़ की महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े के वाहन सड़क हादसे का शिकार हो गई। यह दुर्घटना उस समय हुई जब मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े कुसमी जा रही थीं। घटना चारगढ़ के पास राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत हुई। जानकारी के अनुसार, मंत्री के वाहन को एक क्लीनिकल लोड ट्रक ने जोरदार टक्कर मार दी। हालांकि, इस हादसे में मंत्री लक्ष्मी रजवाड़े बाल-बाल बच गईं। हादसे के बाद मौके पर प्रशासन और पुलिस की टीम पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। मंत्री राजवाड़े के काफिले की करीब चार गाड़ियां आपस में टकरा गई। ट्रक चालक की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। फिलहाल मंत्री और उनके साथ मौजूद लोग सुरक्षित बताए जा रहे हैं। डॉक्टर ने मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े का स्वास्थ्य परीक्षण किया जिसमें वह पूरी तरह स्वस्थ्य है।

# पलवल में भी 10-15 वर्ष पुराने डीजल-पेट्रोल-सीएनजी वाहनों की एंट्री बैन

एजेंसी

**पलवल।** सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की अनुपालना में हरियाणा के पलवल जिले में डीजल और पेट्रोल के पुराने वाहनों पर कार्रवाई होगी। जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने रविवार को कहा कि एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण से निपटने के लिए क्षेत्रीय परिवहन विभाग और जिला प्रशासन की ओर से डीजल वाले 10 वर्ष और पेट्रोल-सीएनजी वाले 15 वर्ष पुराने वाहनों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया हुआ है।

आरटीए विभाग की ओर से अभीयान के दौरान 38 गाडियों को इम्पाउंड किया गया तथा 247 गाडियों का प्रदूषण का 12350 रूपए और बिना नंबर प्लेट के 301 गाडियों का 150500 रूपए का चालान किया गया है। आरटीए टीम की ओर से पुराने वाहनों के चालान करते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरटीए विभाग का मानना है कि ऐसा करने से प्रदूषण तो कम होगा ही, पलवल सहित एनसीआर इलाकों में वाहनों का बढ़ता दबाव भी कम होगा। आमतौर पर लोग 15 साल की अवधि पार कर चुके ऐसे वाहनों को प्रदेश के अन्य जिलों से री-रजिस्टर करवाकर चलाते हैं, इससे वायु प्रदूषण साथ साथ वाहनों का दबाव भी बढ़ रहा है। अब इन वाहनों पर बैन लगाने से वायु प्रदूषण में कमी आने से शहर में वाहनों का दबाव भी कम होगा। आरटीए के अधिकारियों ने बताया कि निर्धारित उम्र पूरी कर चुके वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने वाले वाहनों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से क्षेत्रीय परिवहन विभाग और प्रशासन ने डीजल के 10 साल और पेट्रोल के 15 साल पूरे कर चुके वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### कांग्रेस ने की अडानी मुद्दे पर संसद में चर्चा की मांग

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने संसद के शीतकालीन सत्र से पहले रविवार को आयोजित सर्वदलीय बैठक में उद्योगपति गौतम अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप के साथ ही मणिपुर में हिंसा, उत्तर भारत में प्रदूषण की समस्या, रेल दुर्घटना आदि मुद्दों पर संसद में चर्चा कराने की मांग की है। बैठक के बाद कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने पत्रकारों से कहा कि पार्टी ने सर्व दलीय बैठक में इन मुद्दों पर चर्चा कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि पार्टी चाहती है कि सोमवार से शुरु हो रहे सत्र में सबसे पहले इन सब मुद्दों को उठाया जाए और श्री अडानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोप से जुड़े मुद्दे पर पहले चर्चा कराई जाए। उन्होंने कहा कि उद्योगपति पर आरोप है उनकी कंपनी ने सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अनुकूल सौदा पाने के वास्ते राजनेताओं और नौकरशाहों को कथित तौर पर 2,300 करोड़ रुपये से अधिक की रिश्वत दी है। उनका यह भी कहना था कि यह देश के आर्थिक और सुरक्षा हितों से जुड़ा गंभीर मुद्दा है और इसको लेकर देश की संसद में गहन चर्चा होनी चाहिए। गौरतलब है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक चलेगा जिसमें 16 विधायकों पर चर्चा किये जाने की संभावना है। इन विधेयकों में वक्फ संशोधन विधेयक भी है जिसको लेकर विपक्ष आरोप लगा रहे हैं कि विधायक की पड़ताल के लिए बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल इससे जुड़ी बैठकों मे व्यवधान की स्थिति पैदा कर रहे हैं,इसलिए इस विधेयक पर विचार के लिए जेपीसी को और समय दिया जाना चाहिए।

### उत्तराखंड में दि साबरमती रिपोर्ट टैक्स फ्री, सीएम ने देखी फिल्म


**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हिन्दी फिल्म 'दि साबरमती रिपोर्ट' देखी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहा कि 'दि साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को उत्तराखंड में टैक्स फ्री किया जाएगा। यह फिल्म गोधरा में साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में आग लगने की घटना पर आधारित है। मुख्यमंत्री धामी रविवार को हाथीबड़कला स्थित सेंट्रियों मॉल में गुजरात के गोधरा कांड पर बनी फिल्म %द साबरमती रिपोर्ट% देखने के पहुंचे। उनके साथ इस फिल्म के मुख्य कलाकार विक्रांत मैसी भी मौजूद थे। इससे पहले मुख्यमंत्री आवास पर 'दि साबरमती रिपोर्ट' फिल्म के अभिनेता विक्रान्त मैसी ने मुख्यमंत्री से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल, गणेश जोशी, सुबोध उनियाल, राज्यसभा सांसद व भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेन्द्र भट्ट, लोकसभा सांसद माला राज्यलक्ष्मी शाह, विधायक खजान दास, उमेश शर्मा काऊ, सहदेव सिंह पुण्डीर, सविता कपूर और अन्य जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### 284 ग्राम चरस के साथ यूपी का व्यक्ति गिरफ्तार

**कुल्लू।** मणिकर्ण घाटी में पुलिस ने चरस तस्करी के मामले में उत्तर प्रदेश के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। यह घटना बीती रात जेनाला के पास पुलिस नाके पर सामने आई। पुलिस ने हरियाणा नंबर प्लेट की वॉल्वो बस ( ।क्र38 ङ्ग 6397) को जांच के लिए रोका। बस में सवार एक व्यक्ति की संदिग्ध हरकतों को देखकर पुलिस ने उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान उसके पास से 284 ग्राम चरस बरामद हुई। आरोपी की पहचान 25 वर्षीय सनंजय पुत्र बुध राम निवासी नागल रामदासपुर, जिला सहारनपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने चरस को जब्त कर आरोपी के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक डॉ. कार्तिकेयन ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और मामले की आगे जांच की जा रही है।

### दुनिया से विदा होने वालों को भी मिल रहा राशन

**हरिद्वार।** फर्जी राशन कार्ड तथा मृत व्यक्तियों के नाम पर राशन बांटने वाले राशन डीलर का लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। विभिन्न स्तरों से शिकायत मिलने के बाद राशन डीलर के खिलाफ जांच की गई थी। जिला पूर्ति अधिकारी तेज बल सिंह ने जांच में दोषी मिलने पर राशन की दुकान निलंबित करने की सिफारिश की थी। दरअसल, स्थानीय लोगों ने मुस्तफाबाद पदार्था गुज्जर बस्ती के राशन डीलर श्रीरानी के खिलाफ डीएम और डीएसओ से शिकायत की थी। शिकायत में मृत व्यक्ति के नाम पर राशन लेने, एक नाम पर दो राशन कार्ड बनाकर राशन के गबन करने जैसे आरोप लगाए गए थे। क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी बहादराबाद की जांच के बाद राशन डीलर के दोषी मिलने और जिला पूर्ति अधिकारी की संस्तुति के बाद जिलाधिकारी कर्मेंद्र सिंह ने राशन की दुकान को निलंबित कर दिया। इस मामले में क्षेत्र के लोगों ने जिलाधिकारी को पत्र लिखकर राशन डीलर से राशन की वसूली करने, डीलर के खिलाफ अपराधिक मुकदमा दर्ज करने और लाइसेंस निरस्त करने की मांग की है।



भाजपा कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात सुनते भाजपा नेता

# सूफी नाईट से सराबोर हुआ सांस्कृतिक मंच

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ ।** आशियाना क्षेत्र में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा इन दिनों चल रहे हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में रविवार शाम आयोजक अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ द्वीप प्रज्वलन कर किया गया।




मंच से सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से आरंभ हुई, स्टार मेकर्स एकेडमी के बच्चों के द्वारा डांस की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। धीरेन्द्र द्वारा सोलो सिंगिंग की प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम का आयोजन स्टार मेकर्स के डायरेक्टर अमृत शर्मा द्वारा किया गया। इसी क्रम में मंच से कलम काव्य फाउंडेशन के तहत कवि सम्मेलन हुआ जिसके संस्थापक हास्य कवि अंकुर पाठक है। कवियों द्वारा शायर काव्य पाठ कर दर्शको को गुदगुदाया। अतुल सक्सेना (शायर) ने पूछ वो लेते अगर आखिरी हसरत क्या थी.. फिर मेरे कमरे में रस्सी की ज़रूरत क्या थी।।तसलीम सरवर, हास्य कवि डॉ विमलेश जानलेवा, अमन मिश्रा, गौरव गौरवान्वित (ओज),अविरल शुक्ला, कवि नीरज चौरसिया ओज,अनिमेष मुँगारिया, वंदना श्रीवास्तव, जाह्नवी श्रीवास्तव आदि कवियों ने लोगों को कविताएं सुना कर श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। हास्य कवि डॉ विमलेश जानलेवा ने पढ़ा - बहुत अजीब है मेरी पत्नी खुदा की कसम .. जरा सी बात पे चाकू निकल लेती है।अन्य कवियों ने कवि सम्मेलन में अपनी अपनी काव्य रचनाओं की प्रस्तुतियां दी।

सांस्कृतिक संध्या की शाम सूफी नाईट के नाम रहा इस दौरान सूफी नाईट में सूफी गायक जतिन निगम ने ऐसे लहराकर तू रूबरू आ गई । समेत कई गानों की प्रस्तुतियां दी सूफी गानो को सुन श्रोताओं उत्साहित हो तालियों की गूंज से पूरा माहौल गूंजामान हो गया। इस दौरान महोत्सव समिति के रणवीर सिंह ,विनय दुबे, हेमू चौरसिया, सत्य शरण सिंह ,मनोज सिंह चौहान, विवेक सिंह एवम दिव्यांश गोयल उपस्थित रहे।

# सीएम योगी ने दीपेश नायर को प्राध्यापक यशवंत राव केलकर युवा पुरस्कार से किया सम्मानित

▸ भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें अधिवेशन का आयोजन

समृद्धि न्यूज



**गोरखपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 70वें राष्ट्रीय अधिवेशन के अंतर्गत प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार अर्पण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने इस पुरस्कार से सम्मानित दीपेश नायर को पुरस्कृत किया। यह पुरस्कार श्रवण बाधितों के लिए प्रशिक्षण और शैक्षणिक केंद्र के सह-संस्थापक दीपेश नायर को श्रवण दिव्यांगजनों में कौशल विकास व शिक्षा के माध्यम से जीवन उद्देश्य और उत्साह उत्पन्न करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने हेतु सम्मानित किया गया है।

पुरस्कार अर्पण समारोह में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. राजशरण शाही, राष्ट्रीय महामंत्री डॉ. वीरेन्द्र सोलंकी, राष्ट्रीय संगठन मंत्री आशीष चौहान सहित प्रदेश के प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्राध्यापक यशवंतराव केलकर युवा पुरस्कार अर्पण समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री महंत योगी आदित्यनाथ ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी परिषद के इस राष्ट्रीय अधिवेशन कार्यक्रम में मैं अपने गृह जनपद गोरखपुर में सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करता हूं।

मुझे इस बात का हर्ष है कि प्राध्यापक यशवंतराव केलकर पुरस्कार के प्राप्तकर्ता दीपेश नायर ऐसे व्यक्तित्व हैं जिन्होंने समाज के उस वर्ग के लिए कार्य किया है जो सामान्यतया उपेक्षित रह जाता है। यदि दिव्यांगों को प्रशिक्षित किया जाए तो वह भी आगे बढ़ सकता है, ईश्वर जो भी जीवन में कमी करता है उसकी पूर्ति वह अवश्य करता है। आपको सम्मान दिए जाने से इस पुरस्कार का गौरव बढ़ा है।


अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ऐसा संगठन है जो युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है, मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मुझे भी अपने विद्यार्थी जीवन में अखिल विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता के रूप में कार्य करने का अवसर मिला था। जहां युवा को सही दिशा मिलती है, वहां उन्होंने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने का कार्य किया है। समय के प्रवाह के साथ आगे बढ़ना महत्वपूर्ण है और तकनीकी और विज्ञान को भी साथ रखना उतना ही महत्वपूर्ण है। नवीन प्रौद्योगिकी का सही प्रयोग हो, यह काफी अहम है, तकनीक का सही उपयोग जीवन में सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है तो नकारात्मक प्रयोग समस्या भी खड़ी करता है। राष्ट्रधर्म ही हमारे लिए सर्वोपरि धर्म है और यही एक लक्ष्य जब लेकर हम चलेंगे तो हम मानवता के कल्याण के मार्ग को प्रशस्त कर पाएंगे। राष्ट्र धर्म के निर्वाह में जो चुनौतियां है, उनका सामना परस्पर एकता से ही संभव है। परस्पर एक-दूसरे की भावनाओं का सम्मान करते हुए ही यह हो पाएगा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस ऊर्जावान सत्य के बल पर, छात्रशक्ति के बल पर क्योंकि यही छात्रशक्ति, राष्ट्रशक्ति है।

### जॉर्डन में इजराइली दूतावास के बाहर फायरिंग करने वाला ढेर

**अम्मान।** जॉर्डन की राजधानी अम्मान के रबियाह इलाका स्थित इजराइली दूतावास के पास गोलीबारी करने वाले आरोपित को पुलिस ने मार गिराया है। हमलावर की गोलीबारी में तीन पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। जॉर्डन के अधिकारियों ने घटनाक्रम की जानकारी दी है। जॉर्डन के सार्वजनिक सुरक्षा निदेशालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक रविवार तड़के जॉर्डन की राजधानी अम्मान के रबियाह इलाके में एक हमलावर अचानक इजराइली दूतावास के पास सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी करने लगा। गोलीबारी में तीन सुरक्षाकर्मी घायल हो गए। सुरक्षाबलों ने भागते हुए हमलावर का पीछा किया और आरोपित को मार गिराया। हमलावर की पहचान अभी नहीं हुई है। उल्लेखनीय है कि साल 1994 से इजराइल-जॉर्डन के बीच शांति समझौता है लेकिन हमास के साथ युद्ध और लेबनान में इजराइली हमले के बाद से दोनों देशों के बीच काफी तनाव है। उधर, इजराइल ने शनिवार देर रात लेबनान की राजधानी बेरूत पर हवाई हमला किया जिसमें एक रिहायशी इमारत को निशाना बनाया गया।

# आओ चलें 3.0 वॉकथॉन में 4000 लोग हुए शामिल

समृद्धि न्यूज




**लखनऊ।** अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा आयोजित आओ चलें 3.0 वॉकथॉन में 4000 से अधिक लोग शामिल हुए, जो लखनऊ का अब तक का सबसे बड़ा वॉकथॉन आयोजन बन गया है। अपोलोमेडिक्स ने आओ चलें 3.0 वॉकथॉन के जरिए स्वास्थ्य और विरासत संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का अनूठा प्रयास किया। सुबह 6 बजे से शुरू हुए इस आयोजन में जोश और उत्साह का माहौल देखने को मिला। प्रतिभागियों ने जुम्बा और वार्म-अप से दिन की शुरुआत की, जिसके बाद 2 किलोमीटर की वॉकथॉन में लोगों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

वॉकथॉन के बाद अवध हेरिटेज कार क्लब के सहयोग से विंटेज कार रैली का आयोजन हुआ, जिसने इस कार्यक्रम को और खास बना दिया। विंटेज कारों की भव्यता ने सभी का ध्यान आकर्षित किया और विरासत संरक्षण का संदेश दिया। विंटेज कार रैली अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल से शुरू होकर लोकबंधु चौराहा, पावरहाउस चौराहा, आशियाना, और पकड़ी के पुल से होते हुए वापस अपोलोमेडिक्स हॉस्पिटल पर समाप्त हुई।

अपोलोमेडिक्स सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सीईओ और एमडी डॉ. मयंक सोमानी ने कहा, अपोलोमेडिक्स द्वारा हर साल आयोजित होने वाला आओ चलें वॉकथॉनअब राजधानी का सबसे बड़ा वॉकथॉन इवेंट बन चुका है, जिसमें शामिल होने वालों की संख्या हर साल बढ़ती जा रही है। इस वर्ष चार हुआ से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। वॉकथॉन न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का माध्यम है, बल्कि यह समुदाय को एकजुट कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करता है। इस साल, हमने न केवल दिल और मधुमेह जैसी बीमारियों पर फोकस किया है, साथ ही अवध हेरिटेज कार क्लब के सहयोग से विंटेज कार रैली का आयोजन कर विरासत संरक्षण के महत्व को भी इस मुहिम में शामिल किया। उन्होंने कहा, हमारा उद्देश्य है कि यह वॉकथॉन लोगों के लिए एक प्रेरणा बने और उन्हें एक स्वस्थ, खुशहाल और संतुलित जीवन जीने की दिशा में प्रेरित करे। लखनऊवासियों का इस आयोजन में उत्साहजनक भागीदारी देखकर हमें गर्व है। डॉ. एपी माहेश्वरी, सोशल इंपैक्टर एवं पूर्व डीजी, सीआरपीएफ ने कहा, डायबिटीज शरीर की कार्यप्रणाली को प्रभावित करती है। इसे रोकने के लिए अच्छी जीवनशैली, नगर आयुक्त, लखनऊ, आईएएस इंद्रजीत सिंह ने इस आयोजन की सराहना करते हुए कहा, लखनऊ शहर के लिए यह आयोजन एक प्रेरणा है। स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता और विरासत को संरक्षित करने का संदेश देकर अपोलोमेडिक्स ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है।